हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



# अब 'धूप' भी 'कांप' उठी

## 8 शहरों में कोल्ड डे, एक में शीतलहर, 21 जिलों में पारा 10 डिग्री के नीचे

**भोपाल में दिन का पारा आधा डिग्री गिरकर 23.5 डिग्री रहा जो नॉर्मल से 3 डिग्री कम है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को दिन और रात के तापमान में गिरावट रही। प्रदेश में उत्तरी हवाओं के असर और हल्के बादलों के आने- जाने से धूप में कमी के कारण सर्दी में तेजी से इजाफा हुआ है।

मंगलवार को 8 शहरों में कोल्ड-डे, एक में शीतलहर और 21 जिलों में रात का पारा 10 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। सिवनी में दिन और रात का पारा सामान्य से 6 और 7 डिग्री कम रहने यहां कोल्ड-डे के साथ शीतलहर का असर रहा। पूरे प्रदेश में



### आज भी यहां कोल्ड डे रहेगा बरकरार

सिवनी में दिन का पारा 21.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.7 डिग्री कम है। रात का तापमान 9.4 डिग्री रहा। इसी तरह मलाजखंड दिन में 20.6 नॉर्मल से 4.5 डिग्री कम। रात में 7.2 डिग्री। बैतूल 22 सामान्य से 6.1 डिग्री कम, रात 8.8 डिग्री। दतिया में न्यूनतम 6 डिग्री, खंडवा में दिन का पारा नॉर्मल से 6.7 डिग्री कम रहा, रात का 9.4 डिग्री, जबकि खरगोन में दिन का सामान्य से 6 डिग्री कम और रात का 9 डिग्री पर दर्ज हुआ है। पचमढ़ी में दिन 17 और रात 7 डिग्री पर रही। इन सभी शहरों में कोल्ड डे रहा। बुधवार को भी इन शहरों में दिन और रात के तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है।

**ऐसा है सर्दी का सितम**

सीधी, मलाजखंड, बैतूल, दतिया, खंडवा, खरगोन और पचमढ़ी में कोल्ड-डे रहा, सिवनी में शीतलहर

आधा दर्जन जिलों में रात का पारा 6 से 8 डिग्री के बीच, 10 जिलों में दिन का तापमान सामान्य से 5 से 6 डिग्री कम रहा

**इन शहरों में 10 डिग्री पर पारा**

कोल्ड डे के करीब 8 शहरों को छोड़कर शेष करीब 13 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री के नीचे रहा है। इनमें राजगढ़, रायसेन, ग्वालियर, गुना, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, सागर, रीवा, सतना, नौगांव, उमरिया आदि शहर शामिल हैं। इन शहरों में तेज सर्दी रही। भोपाल में दिन का पारा आधा डिग्री गिरकर 23.5 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3 डिग्री कम है। धुंध और बादलों के असर से रात में दशमलव 6 डिग्री बढ़कर 10.5 डिग्री रहा। बुधवार को इसमें कमी आने का अनुमान है।

दिन के साथ रात में भी कंपकंपाने वाली सर्दी का अहसास रहा। इतना ही नहीं करीब 8 शहरों में रात का तापमान 6 से 8 डिग्री के बीच रहने से यहां तेज सर्दी का प्रकोप रहा। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भी तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने से हवाएं पूरी तरह उत्तरी हो गई हैं। इससे दिन के साथ रात के तापमान में भी गिरावट हो रही है। यह क्रम दो दिन और जारी रहेगा।




## खबर संक्षेप

### गौरी खान को ईडी का नोटिस, बढ़ी मुश्किलें



**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। गौरी खान कानूनी मुश्किल में फंसती नजर आ रही हैं। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने नोटिस भेजा है। दरअसल गौरी रियल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप की ब्रांड एंबेसेडर हैं। इसी पर केस दर्ज हुआ है।

### कोरोना के नए वैरिएंट की गाइडलाइन जारी



**भोपाल।** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट को लेकर स्वस्थ्य विभाग की ओर से नई गाइड लाइन जारी कर दी है। अस्पतालों में आरटीपीसीआर की जांच की जाएगी। देश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र सरकार ने राज्यों को सतर्क किया है। नए वैरिएंट जेनए. 1 का पता चलने के बाद केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की थी।

### एडीजी राव सीबीआई में बने ज्वॉइंट डायरेक्टर



**भोपाल।** ग्वालियर जोन के एडीजी डी. श्रीनिवास वर्मा अब सीबीआके संयुक्त निदेशक बनाए गए हैं। उन्हें पांच साल के लिए प्रतिनियुक्ति पर केंद्र में भेजे जाने का आदेश जारी हुआ। जल्द ही एडीजी वर्मा पदभार ग्रहण करेंगे। मप्र कैडर के 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी वर्मा करीब डेढ़ साल पहले स्थानांतरित होकर बतौर ग्वालियर जोन के एडीजी पदस्थ हुए थे।

### प्याज से भरा ट्रक पलटा लूटने वालों की मची होड़



**शिवपुरी।** शिवपुरी में ग्वालियर फोरलेन मार्ग पर सतनवाड़ा के पास खूबत घाटी के नजदीक मंगलवार को एक प्याज से भरा ट्रक पलट जाने से इस ट्रक में भारी प्याज सड़क पर फैल गई। इस दौरान यहां पर आसपास के ग्रामीण और लोग जुट गए, जिन्होंने प्याज के लिए लूटमार मचा दी और प्याज भरकर लोग ले गए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगरीय निकायों की व्यवस्था को लेकर 'बड़ा फैसला' लिया

# बिल्डिंग परमिशन और कंपाउंडिंग के नियम और प्रक्रिया होगी सरल



*समीक्षा के बाद सीएम पांढुर्ना पहुंचे। वहां वे जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस तरह का उनका यह पहला कार्यक्रम था। उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को नगरीय निकायों की व्यवस्था को लेकर बड़ा फैसला लिया। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग परमिशन और कंपाउंडिंग के नियम और प्रक्रिया का सरलीकरण करें। उलझाने वाले नियम नहीं होने चाहिए।

नियम स्पष्ट और सरल हों, जिसे आम आदमी आसानी से समझ सके और उसे कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सामान्य आदमी जीवन में एक बार मकान बनाता है, ऐसे में बिल्डिंग परमिशन आदि की व्यवस्था ऐसी हो, जिससे वह परेशान न हो और निर्धारित समय-सीमा में कार्य हो। मुख्यमंत्री विधानसभा सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा के दौरान यह बात कही। उन्हें नगरीय प्रशासन के साथ ही स्कूल शिक्षा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक लेना था, किंतु नगरीय प्रशासन विभाग की ही समीक्षा की। इसके बाद पांढुर्ना पहुंचे। वहां वे जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस तरह का उनका यह पहला कार्यक्रम था।

**ये भी फैसले**

- शासकीय भवन निर्माण के लिए बिल्डिंग परमिशन ली जाए
- नगरीय निकाय और बड़ी पंचायतें करें मांस-मछली विक्रय के लिए भवनों का निर्माण
- मुख्यमंत्री ने इंदौर की हुकुम चंद मिल के मजदूरों का बकाया 464 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दी।



### सड़क चौड़ीकरण से पहले स्थानीय लोगों से बात हो

डॉ. यादव ने कहा कि शासकीय भवनों के निर्माण के लिए भी नगरीय निकायों से अनुमति प्राप्त की जाए। सभी नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड, पर्यटन सहित शासकीय भवन निर्माण में संलग्न सभी एजेंसियां बिल्डिंग परमिशन लें। निर्माण में बिल्डिंग लाइन, ओपन स्पेस, पार्किंग आदि का अनिवार्य रूप से ध्यान रखें। टीडीआर व टीओडी के क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि रहवासियों को सुविधा प्राप्त हो और शहरों की बेहतर प्लानिंग हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से संबंधित प्रोजेक्ट्स की प्लानिंग स्थानीय लोगों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए करें।

**नगरीय निकायों में लोगों के नक्शे जल्दी पास होने चाहिए**

*मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि नगरीय निकायों से नक्शे जल्दी पास कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भवन अनुज्ञा से संबंधित सॉफ्टवेयर का आंकलन कर यह ज्ञात करें कि वर्तमान में औसतन कितने दिनों में भवन अनुज्ञा जारी की जा रही है। इस मौके पर बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने इंदौर की हुकुम चंद मिल के मजदूरों का बकाया 464 करोड़ रुपए की राशि को भी मंजूरी दी। जल्दी ही मजदूरों को उनका बकाया राशि मिलेगा। साथ में उस भूमि का उपयोग भी सुनिश्चित हो सकेगा।*

**कान्ह नदी का पानी शुद्धिकरण के बाद ही क्षिप्रा नदी में मिले**

*मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि कान्ह नदी का पानी, शुद्धिकरण के बाद ही क्षिप्रा नदी में मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए आधुनिकतम तकनीक का उपयोग करते हुए आवश्यक प्लांट लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन की ओर से मांस और मछली के खुले में बिकने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इनके विक्रेताओं को परेशानी न हो, इस उद्देश्य से नगरीय निकायों को मांस-मछली मार्केट के लिए आवश्यक रूप से भवन निर्मित किए जाएं। जब तक भवन निर्मित नहीं होते तब तक मांस, मछली विक्रय के लिए अलग से स्थल निर्धारित कर अस्थाई शेड की व्यवस्था कराएं।*

**जिस मद का पैसा मिले, खर्च भी वहीं हो इसकी जांच कराएं**

*मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकाया जिस मद का पैसा मिला है, उसी मद में खर्च करें। इससे अलग मद में खर्च करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रमुख सचिव से कहा कि सभी नगरीय निकायों की जांच कराएं कि उन्होंने गैर मद का पैसा किस तरह से अन्य मद में खर्च किया है। यह सुनिश्चित करें कि जिस मद के लिए राशि केंद्र या राज्य सरकार से प्राप्त हुई है,।*

### इंडिया गठबंधन की बैठक में फिर जुटे 28 दल



## सीएम ममता ने खरगे का नाम आगे बढ़ाया, कहा- वे हों 'पीएम कैंडिडेट'

- इस प्रस्ताव का केजरीवाल ने किया समर्थन अखिलेश चुप
- खरगे बोले- इस मुद्दे पर चुनाव के बाद बात होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन के नेताओं की चौथी बैठक मंगलवार को दिल्ली के अशोका होटल में हुई। इसमें पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने पीएम चेहरे के लिए मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का सुझाव रखा।

अरविंद केजरीवाल ने इसका समर्थन किया। यह जानकारी बैठक के बाद एमडीएमके (मरूमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम) के सांसद वाइको ने दी। हालांकि, पीएम फेस के सवाल पर यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने चुप्पी साध ली। पत्रकारों के सवाल के जवाब में खरगे ने कहा- पहले हम सभी को लोगों को जीतकर आना है, पहले इस पर विचार करना होगा। इस पर काम करेंगे। अगर हमारे पास सांसद नहीं होंगे तो पीएम फेस के बारे में बात करके हम क्या करेंगे?

**कुल 8 से 10 बैठकें होंगी**

*खरगे ने बताया कि पूरे देश में कम से कम 8-10 बैठकें करने का फैसला हुआ है। भाजपा सरकार में देश की संसद से सांसदों को निलंबित किया जा रहा है। यह अलोकतांत्रिक है। इसके लिए सबको मिलकर लड़ना होगा जिसके लिए हम तैयार हैं।*

**इन मुद्दों पर चर्चा हुई**

2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग का मुद्दा चर्चा का केंद्र रहा। भाजपा के खिलाफ 400 सीटों पर कॉमन कैंडिडेट उतारने के टारगेट पर बात हुई। वहीं, कांग्रेस की कोशिश है कि वह 275 से 300 सीटों पर अपने कैंडिडेट उतारे। पार्टी अन्य दलों को सिर्फ 200-250 सीटें देने के पक्ष में है।

### अब रात में नहीं होंगे प्रेमानंद महाराज के दर्शन

एजेंसी ▶▶ मथुरा



संत प्रेमानंद महाराज से मिलने के लिए बढ़ती भीड़ और उनके स्वास्थ्य को मद्देनजर रखते हुए आश्रम प्रबंधन ने यह फैसला लिया है कि अब रात के समय भक्तगण प्रेमानंद महाराज के दर्शन नहीं कर सकेंगे। यह संदेश श्री हित राधा केलि कुंज परिकर की ओर से जारी किया गया है। सोशल मीडिया पर महाराज के अधिकृत पेज पर संदेश को जारी करते हुए लिखा है कि आप सभी को सूचित किया जाता है कि पूज्य महाराज जी के स्वास्थ्य और बढ़ती भीड़ को देखते हुए, पूज्य महाराज जी, जो पद यात्रा करते हुए रात्रि 2:30 बजे से श्री हित राधा केलि कुंज जाते थे। जिसमें सब दर्शन पाते थे, वो अनिश्चित काल के लिए बंद किया जाता है। दरअसल, प्रेमानंद महाराज रात्रिकाल में 2:30 बजे छटीकरा रोड पर मौजूद श्री कृष्ण शरणमम सोसाइटी से रमणरेती क्षेत्र स्थित अपने आश्रम श्रीहित राधा केलि कुंज जाते थे। यह पद यात्रा लगभग 2 किलोमीटर की होती है, इसी पद यात्रा के दौरान महाराज के भक्त उनकी एक झलक पाने के लिए हजारों की तादाद में उमड़ते हैं।

### *हर्षल पटेल अब तक के सबसे महंगे भारतीय हैं जिनके लिए पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए*




**आईपीएल ऑक्शन में 333 खिलाड़ियों की बोली**

**19 साल के कुमार कुशाग्र पर को 7 करोड़ 20 लाख में खरीदा**

## 33 साल के स्टार्क पर केकेआर ने लुटाए 24 करोड़ 75 लाख कमिंस भी 20 करोड़ रु.के पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के खिलाड़ियों की नीलामी मंगलवार को दुबई के कोका कोला एरेना में हुई। ऑस्ट्रेलियाई के तेंज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24 करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा।

वहीं, कप्तान पैट कमिंस आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। सनराइजर्स हैदराबाद ने उनके लिए 20 करोड़ 50 लाख की बोली लगाई। यह रिकॉर्ड पहले इंग्लैंड के सैम करन के नाम था। डैरिल मिचेल के लिए भी चेन्नई सुपर किंग्स ने 14 करोड़ रुपए खर्च किए। इस टीम ने रचिन रविंद्र और शार्दुल ठाकुर को भी अपने साथ जोड़ा। हर्षल पटेल अब तक के सबसे महंगे भारतीय हैं जिनके लिए पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए। इस ऑक्शन में विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ देसी खिलाड़ियों को भी मोटी रकम मिली है।

**ये पहली बार**

- आईपीएल ऑक्शन का आयोजन विदेश में
- किसी महिला ने नीलामी कराई
- कोई कप्तान ऑक्शन टेबल पर आया




**मिचेल 9 साल बाद खेलेंगे आईपीएल**

मिचेल स्टार्क करीब 9 साल बाद एक बार फिर से आईपीएल खेलने आ रहे हैं। इससे पहले वे साल 2015 में आरसीबी के लिए खेले थे, इसके बाद उन्होंने खुद ही आईपीएल खेलने से मना कर दिया था। लेकिन इस बार उन्होंने पहले ही ऐलान कर दिया था कि वे इस साल का आईपीएल खेलने आ रहे हैं। मिचेल स्टार्क ने 27 मुकाबले खेलकर 34 विकेट चटकाए हैं। ओवरआल टी20 की बात की जाए तो उन्होंने 58 मुकाबले खेलकर कुल 73 विकेट अपने नाम किए हैं।



राम मंदिर में अभिषेक समारोह

# आडवाणी और जोशी को मिला आमंत्रण, विहिप ने दिया बुलावा

22 जनवरी को अभिषेक समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इसमें प्रधानमंत्री मोदी शामिल होंगे। प्रतिष्ठा समारोह के बाद 24 जनवरी से उत्तर भारत की परंपरा के अनुसार 48 दिनों तक मंडल पूजा होगी। वहीं, 23 जनवरी से आम लोग रामलला के दर्शन कर सकेंगे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण मिल गया है। आडवाणी और जोशी राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेताओं में रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने दोनों दिग्गज नेताओं को मंगलवार को निमंत्रण दिया।

राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेताओं में दोनों शुमार, कहा- आने का प्रयास रहेगा



विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक बोले

## दोनों वरिष्ठों से की आंदोलन के बारे में बात



आलोक कुमार ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा लाल कृष्ण आडवाणी जी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया। रामजी के आंदोलन के बारे में बात हुई। दोनों वरिष्ठों ने कहा कि वह आने का पूरा प्रयास करेंगे। प्रतिष्ठा समारोह के बाद 24 जनवरी से उत्तर भारत की परंपरा के अनुसार 48 दिनों तक मंडल पूजा होगी। वहीं, 23 जनवरी से आम लोग रामलला के दर्शन कर सकेंगे।

### स्वास्थ्य कारणों से न आने का अनुरोध किया था



श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव ने कहा था

इससे पहले खबर थी कि स्वास्थ्य और उम्र के कारण दोनों नेताओं को कार्यक्रम का आमंत्रण नहीं भेजा गया। दोनों से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने का अनुरोध किया था। निर्माण के लिए गठित श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा था कि दोनों परिवार के बुजुर्ग हैं और उनकी उम्र को देखते हुए उनसे न आने का अनुरोध किया गया, जिसे दोनों ने स्वीकार कर लिया है। आमंत्रित लोगों की सूची देते हुए राय ने कहा, उम्र संबंधी कारणों से आडवाणी और जोशी शायद अभिषेक समारोह में शामिल नहीं होंगे। आडवाणी अब 96 साल के हैं और जोशी अगले महीने 90 साल के हो जाएंगे।

### 150 साधु-संत और 13 अखाड़े शामिल होंगे

उन्होंने कहा कि विभिन्न परंपराओं के 150 साधु-संतों और 6 दर्शन परंपराओं के शंकराचार्यों सहित 13 अखाड़े इस समारोह में भाग लेंगे। कार्यक्रम में लगभग चार हजार संतों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा 2200 अन्य मेहमानों को भी आमंत्रण भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### पीएम जनधन योजना 51 करोड़ लाभान्वित



**नई दिल्ली।** बैंकिंग सेवाओं से वंचित नागरिकों के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत की गई थी। अब इस योजना से करीब 51 करोड़ लोग लाभान्वित हो चुके हैं। वित्त मंत्रालय ने बताया योजना ने बैंकिंग सेवाओं से वंचित नागरिकों के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाई है। इस योजना के कुल लाभार्थियों में से 55.5 फीसदी महिलाएं हैं।

### बंगाल के 'कैद' मंत्री के दफ्तर में ईडी का छापा



**कोलकाता।** ईडी की एक टीम ने करोड़ों रुपए के कथित राशन वितरण घोटाले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार वन मंत्री ज्योतिप्रियो मल्लिक के कार्यालय की मंगलवार को तलाशी ली। एजेंसी के अधिकारी घोटाले से जुड़े कुछ दस्तावेजों की तलाश में साल्ट लेक में 'अरण्य भवन' स्थित मलिक के कार्यालय गए थे। यहां कई अहम दस्तावेज छिपाए होंगे।

### मंत्री पोनमुडी नहीं होंगे बरी, 21 को सजा तय



**चेन्नई।** उच्च शिक्षा मंत्री और द्रमुक नेता के पोनमुडी और उनकी पत्नी पी विशालाक्षी को मद्रास उच्च न्यायालय से झटका लगा है। कोर्ट न1.75 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति के मामले में उनकी बरी करने के निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन ने मंत्री और पत्नी को 21 दिसंबर को सजा का ऐलान करेगी। उन्हें मौजूद रहने को कहा है।

### सीएम स्टालिन से मिले अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल मंगलवार सुबह तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन से मिले। दोनों की मुलाकात सुबह 10 बजे हुई। इंडिया गठबंधन की बैठक से पहले यह मुलाकात बेहद महत्वपूर्ण है। इससे पहले केजरीवाल ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे से भी मुलाकात कर चुके हैं।विपक्षी गठबंधन के अन्य नेता भी उनके साथ थे।

### सभी सांसदों का निलंबन वापस लिया जाएः ओवैसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा से 141 विपक्षी सांसदों के निलंबन पर एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मोदी सरकार पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि निलंबन वापस लिया जाना चाहिए। संसद को भाजपा की चिंतन बैठक की तरह नहीं चलाया जा सकता है। यह ठीक नहीं है। यदि विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया जाए तो लोकतंत्र में क्या बचता है?

दिल्ली में विपक्षी गठबंधन की बैठक, कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए कसी कमर

# मुकुल वासनिक को सौंपी संयोजक की जिम्मेदारी, गहलोत-बघेल को भी स्थान

सीट के बंटवारे, साझा जनसभाओं और नए सिरे से रणनीति पर करेंगे चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन और सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने के मकसद से मंगलवार को पांच सदस्यीय राष्ट्रीय गठबंधन समिति का गठन किया। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक इस समिति के संयोजक होंगे।

■ राष्ट्रीय गठबंधन समिति की 5 सदस्यीय कमेटी गठित

इस समिति में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी शामिल हैं। कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक शुरू होने से कुछ देर पहले इस समिति की घोषणा की है। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक में अगले लोकसभा चुनाव के लिए सीट के बंटवारे, साझा जनसभाओं और नए सिरे से रणनीति बनाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी।



### कांग्रेस के खराब प्रदर्शन पर भी की बात

यह बैठक हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में हो रही है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। माना जा रहा है कि इस बैठक में सकारात्मक एजेंडा तय करने, सीट के बंटवारे, नए सिरे से रणनीति बनाने, और साझा जनसभाओं को लेकर मुख्य रूप से चर्चा संभव है।

### 27 दलों के नेताओं ने की शिरकत

विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती यूपी, पंजाब, दिल्ली, केरल और पश्चिम बंगाल में सीटों का बंटवारा करना है। बैठक में 27 दलों के नेता पहुंचे हैं। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, नीतीश कुमार, ममता बेनर्जी, अरविंद केजरीवाल, एमके स्टालिन, शरद पवार, लालू यादव, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव और जयंत चौधरी शामिल हैं।

### खरगे, सोनिया समेत ये नेता रहे शामिल

*अशोक होटल में आयोजित इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जनता दल (यू) से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजीव रंजन सिंह, शिवसेना (यूबीटी) से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की महबूबा मुफ्ती, अपना दल (के) से कृष्णा पटेल एवं पल्लवी पटेल और कई अन्य नेता शामिल हैं।*

शिवसेना का कांग्रेस पर निशाना

### रथ में 27 घोड़े हैं, लेकिन सारथी नहीं



विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों की बैठक मंगलवार को दिल्ली में होगी। इस मीटिंग में अगले लोकसभा चुनाव के लिए सीट के बंटवारे, साझा जनसभाओं और नए सिरे से रणनीति बनाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी। यह बैठक दोपहर तीन बजे दिल्ली के अशोका होटल में होगी। उससे पहले शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय के जरिए कांग्रेस को बड़ी नसीहत दी गई है। इसमें पार्टी को अहंकार और मतभेद छोड़कर क्षेत्रीय दलों को उचित सम्मान देने को कहा है। 'इंडिया का रथ! सारथी कौन' शीर्षक से लिखे संपादकीय में कहा गया, 2024 की लड़ाई मोदी-शाह की नई बीजेपी से है। इसके साथ ही ईवीएम, इफरात पैसा और केंद्रीय जांच एजेंसियों से भी है। इन सबके दम पर मोदी मंडल ने अब की बार चार सौ पार का आंकड़ा सेट कर दिया है। ऐसे समय में बड़े भाई के तौर पर कांग्रेस को आगे आकर एकता का जज्बा दिखाना चाहिए।

ममता ने अभिषेक और उद्धव से कहा

### हिम्मत जुटाएं, कुछ तो निकालेंगे...



दिल्ली में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानी आईएनडीआईए गठबंधन की मीटिंग हो रही है। इंडिया अलायंस की इस बैठक से पहले का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी अपने भतीजे अभिषेक बेनर्जी के साथ दिखाई दे रहीं हैं। उनके साथ उद्धव ठाकरे हैं जिन्हें ममता बेनर्जी धैर्य रखने के लिए कह रही हैं। ममता उद्धव से कह रही हैं कि हिम्मत से काम लो, कुछ ना कुछ तो हल निकालेंगे।

गृहमंत्री शाह ने आपराधिक कानून संशोधन से जुड़े 3 बिल किए पेश

# कानूनी व्यवस्था को बेहतर प्रक्रिया को सरल बनाएंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने आपराधिक कानून संशोधन से जुड़े तीन नए बिल लोकसभा में पेश किए हैं। लोकसभा में सीआरपीसी, आईपीसी की जगह भारतीय न्यायिक संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 पेश किया गया है।

इनके बारे में कहा गया है, भारतीय न्यायिक संहिता विधेयक- 2023 को लाने का कारण कानूनी व्यवस्था को और बेहतर बनाना और इसकी प्रक्रिया को सरल बनाना है। लोकसभा बिल पेश करने के दौरान कहा गया कि अहम बिलों पर विचार का मकसद आपराधिक कानूनों में सुधार करना है। इन विधेयकों को शुरुआत में गृह मंत्री शाह ने मानसून सत्र में पेश किया था और इन्हें संसदीय स्थायी समिति के पास भेजा गया था।

### 175 धाराएं बदल जाएंगी और 8 नई धाराएं जुड़ेंगी

आईपीसी में फिलहाल 511 धाराएं हैं। इसके स्थान पर भारतीय न्यायिक संहिता लागू होने के बाद इसमें 356 धाराएं रह जाएंगी। यानी 175 धाराएं बदल जाएंगी। 8 नई धाराएं जोड़ी जाएंगी, 22 धाराएं हटाई जाएंगी। इसी तरह सीआरपीसी में 533 धाराएं रह जाएंगी। 160 धाराएं बदलेंगी, 9 नई जुड़ेंगी, 9 खत्म होंगी। सुनवाई तक पूछताछ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए करने का प्रावधान होगा, जो पहले नहीं था।

### 3 साल के भीतर देना होगा फैसला

सबसे बड़ा बदलाव ये है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल के भीतर देना होगा। देश में 5 करोड़ मामले लंबित हैं। इनमें से 4.44 करोड़ मामले ट्रायल कोर्ट में हैं। इसी तरह जिला अदालतों में जजों के 25,042 पदों में से 5,850 पद खाली हैं। तीनों बिलों को जांच के लिए संसदीय समिति के पास भेज दिया गया है। इसके बाद इन्हें लोकसभा और बाद में राज्यसभा में पारित कराया जाएगा।

संजय की मुश्किलें बढ़ेंगी!

## शराब मामले में ईडी की चार्जशीट कोर्ट में 21 को हाजिर होना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पेश होने का आदेश दिया है।

विशेष सीबीआई न्यायाधीश एमके नागपाल ने संजय को तलब करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। 21दिसंबर को कोर्ट में पेश हों। पिछले हफ्ते सिंह के वकील और ईडी की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका अर्जी पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

### उत्पाद शुल्क नीति मामले में आरोप पत्र दायर किया



अदालत ने ईडी को दो दिनों के भीतर लिखित दलीलें दाखिल करने का भी निर्देश दिया था। सिंह के वकील को एक दिन के भीतर जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया था। इस महीने की शुरुआत में ईडी ने उत्पाद शुल्क नीति मामले में आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

कोविड मामले पर कर्नाटक सरकार अलर्ट

## फेस मास्क पहनें और भीड़-भाड़ वाले स्थानों में जाने से बचें लोग

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कोविड के बढ़ते केस पर कर्नाटक सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को बाहर जाने पर फेस मास्क पहनने और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने को कहा है। केरल और तमिलनाडु की सीमा से लगे जिलों में अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा। देश में जेएन .1 सब वैरिएंट के उद्भव, सर्दी और नए साल के उत्सव के दौरान अलर्ट दिया है।

### कोई भी लक्षण दिखें तो डॉक्टर से सलाह लें



जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि बुखार, खांसी, सर्दी और नाक बहने जैसे श्वसन संबंधी लक्षणों वाले सभी लोगों को शीघ्र डॉक्टरों से परामर्श लेना चाहिए। मरीजों को फेस मास्क पहनना चाहिए और बंद, खराब हवादार स्थानों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचना चाहिए।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया फैसला

## ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वेश्वर मंदिर से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज की

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वेश्वर मंदिर विवाद मामले में सुनवाई करते हुए दाखिल सभी याचिकाएं खारिज कर दी।

कोर्ट ने सर्वे जारी रखने की छूट दी है और कहा है कि सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल हो। यह आदेश सुनवाई करते हुए जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने कहा है कि वाराणसी जिला अदालत में चल रहा वाद सिविल वाद प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट से बाधित नहीं है। वाराणसी कोर्ट में 5 याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है।

सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने दी थी अर्जी



### मामले को 6 महीने में निस्तारित किया जाए

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि मामले को 6 महीने में निस्तारित किया जाए।हिंदू पक्ष के 1991 में दर्ज कराए गए केस पर फैसला सुनाया गया है। 1991 में वाराणसी की अदालत में दर्ज केस की पोषणीयता को चुनौती दी गई थी।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अनजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की याचिकाएं खारिज की इलाहाबाद हाई कोर्ट में ज्ञानवापी से जुड़ी पांच याचिकाओं पर सुनवाई चल रही थी।

अब एएसआई सर्वे की जिला कोर्ट में होगी सुनवाई

हाई कोर्ट में 5 याचिकाओं में से तीन वाराणसी कोर्ट में 1991 में दायर किए गए केस की पोषणीयता से जुड़ी हुई थी। वहीं, दो अन्य याचिका एएसआई सर्वेक्षण के खिलाफ दायर की गई थी। इन याचिकाओं को खारिज कर दिया है।एएसआई सर्वे को लेकर दायर किए गए केस को खारिज किए जाने के बाद जिला कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई होगी।

पीएम ने युवाओं से स्मार्ट हैथकॉन के ग्रैंड फिनाले में शामिल होने किया आग्रह

# देश की प्रगति यात्रा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएं

मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभागियों से जुड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वे स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले के प्रतिभागियों के साथ बातचीत को उत्सुक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मैं अग्रणी नवप्रवर्तकों (इनोवेटर्स) के साथ शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।

सोशल मीडिया हैंडल एक्स (एक्स ) पर पीएम मोदी ने कहा कि मुझे हमारे युवाओं द्वारा किए जा रहे रिकॉर्ड नवाचारों के बारे में और अधिक जानकर खुशी हो रही है, जिनके परिणाम भारत की प्रगति यात्रा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं आपसे कार्यक्रम में शामिल होने और हमारी युवा शक्ति का समर्थन करने का आग्रह करता हूं।

### प्रतिभागियों के साथ की बातचीत

पीएम मोदी ने मंगलवार रात 9:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले के प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर वे प्रतिभागियों को संबोधित भी किया और उनके विचारों को भी जाना। उनसे सुझाव भी लिए।



### एसआईएच का ग्रैंड फिनाले 23 तक होगा आयोजित

इस साल एसआईएच का ग्रैंड फिनाले 19 से 23 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। एसआईएच 2023 में, 44,000 टीमों से 50,000 से अधिक विचार प्राप्त हुए, जो पहले एसआईएच की तुलना में लगभग सात गुना वृद्धि को दर्शाता है।

### इसका पुरस्कार 2 करोड़ रु. से अधिक

भाग लेने वाली टीमें 25 केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के 51 विभागों द्वारा पोस्ट किए गए 231 समस्या विवरणों (176 सॉफ्टवेयर और 55 हार्डवेयर) का समाधान प्रदान करेंगी। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2023 का कुल पुरस्कार 2 करोड़ रुपए से अधिक है, जहां प्रत्येक विजेता टीम को प्रति समस्या विवरण 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

**ग्रैंड फिनाले में 12,000 से अधिक प्रतिभागी**

देश भर के 48 नोडल केंद्रों पर आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में 12,000 से अधिक प्रतिभागी और 2500 से अधिक सलाहकार और मार्गदर्शक भाग लेंगे। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्मार्ट शिक्षा, आपदा प्रबंधन, रोबोटिक्स और ड्रोन, विरासत और संस्कृति सहित विभिन्न विषयों पर समाधान प्रदान करने के लिए इस वर्ष ग्रैंड फिनाले के लिए कुल 1282 टीमों का चयन किया गया है।

सीएम का भरतपुर दौरा

## भजनलाल ने काफिला रोककर बनाई चाय, दुकानदार आनंदित

एजेंसी ▶▶ भरतपुर

राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा एक दिनी दौरे भरतपुर पहुंचे। इस दौरान लोगों ने उनका स्वागत किया। रास्ते में एक जगह पर रुककर सीएम ने चाय बनाई। इस दौरान सीएम ने कुल्हड़ में चाय पी। सीएम द्वारा दुकान पर आकर चाय बनवाने से दुकानदार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

सीएम पहली बार अपने गृह जनपद भरतपुर जा रहे हैं। ऐसे में उनके द्वारा हाईवे पर रुककर चाय बनाने की चर्चा अब पूरे प्रदेश में हो रही है। लोगों ने उन्हें जमीन से जुड़ा रहने वाला सीएम बताया है।



### काफिला रोककर दुकान पर पहुंचे

दुकानदार ने कहा कि सीएम के दर्शन शबरी जैसे हुए। उन्होंने हमारे यहां चाय पी और सम्मान दिया। दुकानदार ने आगे बताया कि उन्होंने आते ही पहले कुल्हड़ को हाथ लगाया और कहा कि इसमें चाय बनाओ फीकी चाय पिऊंगा मैं। 5-7 लोगों ने फीकी चाय पी और कुछ ने चीनी वाली चाय पी। वे करीब 15 मिनट तक बैठे रहे।

जबलपुर
बुधवार, 20 दिसंबर 2023
- अगहन मास शुक्ल पक्ष-8
- वर्ष : 18, अंक : 229
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 22
न्यून. 05

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

8 कार्बन उत्सर्जन घटाना जरूरी




मैट्रो
14 पारा 7 डिग्री पर लुढ़का, शहर ठिठुरा....

## बड़ा सवाल...क्या यह पूर्व मुख्यमंत्री का मप्र की राजनीति से 'विदाई' का संकेत ?

# नड्डा से मुलाकात के बाद शिवराज बोले अब मैं करूंगा दक्षिण के राज्यों का दौरा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कयासों की मानें तो पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ वही होता दिख रहा है, जो कभी साध्वी उमा भारती के साथ हुआ था।

तब शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री थे और उमा भारती को प्रदेश की राजनीति से अलग कर उप्र भेज दिया गया था। अब डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री हैं और दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद खुद शिवराज ने कहा कि अब वे दक्षिण के राज्यों का दौरा करेंगे।

**शिवराज ने कहा- विकसित भारत संकल्प यात्रा में उन्हें जहां बुलाया जाएगा, वे वहां जाएंगे। वे मप्र में भी रहेंगे और केंद्र में भी।**

## ये भी संयोग...शिवराज के समय उमा को भी छोड़ना पड़ा था राज्य



**यह भी बोले शिवराज...**

### मिशन तय करता है कि आप क्या करेंगे ?

नड्डा से मुलाकात के बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि अगले काम के बारे में उन्होंने मुझसे चर्चा की है। मैंने पहले भी कई बार कहा है कि भाजपा का काम मेरे लिए मिशन है। जब आप मिशन में काम करते हैं तो खुद तय नहीं करते है कि आप क्या करेंगे? इसलिए, वह मेरे लिए काम तय करेंगे। फिलहाल विकसित भारत संकल्प यात्रा में मेरे कार्यक्रम बनेंगे, उनके लिए मैं दक्षिण के राज्यों में जाऊंगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के गठन के संबंध में भी उनके साथ चर्चा हुई है। सलाह-मशविरा हुआ है।

### मैं वापस जाऊंगा लेकिन फिर आऊंगा

नड्डा से मुलाकात के बाद मीडिया के सवालों से घिरे शिवराज ने यह भी कहा कि अभी तो मैं वापस जाऊंगा लेकिन फिर आऊंगा और आपसे बार-बार मिलता रहूंगा। उनके इस कथन का भी यही संकेत है कि उन्हें केंद्र की ओर से जवाबदारी मिल गई है ।

### तब उमा को लड़ना पड़ा था उप्र में चुनाव

पहले तो उमा भारती ने शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री बनने के बाद अपनी अलग पार्टी भाजश बनाई थी। इसके बाद उन्हें भाजपा में इसी शर्त पर लाया गया था कि वे मप्र की राजनीति से दूर रहेंगी। लिहाजा, उन्हें उप्र में चरखारी से विधानसभा और झांसी से लोकसभा का चुनाव लड़ना पड़ा था। दिली इच्छा होने के बावजूद उमा को मप्र से भाजपा का टिकट अब तक नहीं मिला। अब शिवराज सिंह के साथ भी ऐसा ही होता दिख रहा है। वे मप्र छोड़ना नहीं चाहते और पार्टी नेतृत्व ने तय कर दिया कि आपको दक्षिण के राज्यों में दौरे करना है।

### *समानांतर शक्ति केंद्र न बनने देना उद्देश्य*

*जब शिवराज सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब प्रदेश में उमा भारती का भी अच्छा दबदबा था। इसलिए प्रदेश में भाजपा में समानांतर कोई शक्ति का केंद्र न बने, इसलिए उमा को प्रदेश से बाहर किया गया था। अब वही नियम शिवराज के साथ लागू हो रहा है। मप्र में सत्ता के समानांतर कोई दूसरा शक्ति केंद्र न बने।*

## खबर संक्षेप

### खड़ी कार में लगी आग जिंदा जल गए भाई-बहन



**पटना।** पटना में खड़ी कार में अचानक आग लगने से दो मासूम भाई-बहन जिंदा जल गए। दोनों बच्चे कार की पिछली सीट पर खेल रहे थे। इसी दौरान आग लग गई। और मिनटभर में दोनों की कार के अंदर जलकर मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा गौरीचक थानांतर्गत सोहगी रामपुर इलाके में सोमवार की रात साढ़े नौ बजे हुआ। कार में दो बच्चे बैठकर खेल रहे थे। इसी बीच कार भीतर से ही लॉक हो गई और बच्चे उसी में फंस गए।

### बिटकॉइन पोंजी मामले में महिला गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने 'बिटकॉइन पोंजी स्कीम' के प्रवर्तकों के खिलाफ हालिया छापेमारी के बाद एक महिला को गिरफ्तार किया है और तीन लक्जरी कार तथा कुछ आभूषण जब्त किए हैं। इस योजना के तहत जनता से लगभग 6,600 करोड़ एकत्र किए गए। ईडी ने सिम्पी भारद्वाज उर्फ सिम्पी गौड़ को 17 दिसंबर को हिरासत में लिया था।

### गोगामेड़ी हत्या मामले की जांच करेगी एनआईए



**नई दिल्ली।** करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्या मामले की जांच एनआईए करेगी। जांच गृह मंत्रालय ने एनआईए को मंगलवार को सौंप दी। आशंका जताई जा रही है कि गोगामेड़ी के मर्डर में गैंगस्टर शामिल हैं। मर्डर की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे रोहित गोदारा ने लेते हुए कहा था कि हमने ये सब करवाया है। रोहित ने सोशल मीडिया पर लिखा था, गोगामेड़ी की हत्या हुई है। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी हम लेते हैं।

### हंगामा काट रहे विपक्षी सांसदों के निलंबन के बीच यह नया ड्रामा, धनखड़ बोले- शर्मनाक

# टीएमसी सांसद ने की धनखड़ की मिमिक्री 'हंसते और वीडियो' बनाते रहे राहुल गांधी

*संसद की सुरक्षा में सेंध मुद्दे पर हंगामा कर रहे विपक्ष के अब तक 141 सांसद निलंबित कर दिए गए। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के केवल नौ सांसद ही बचे हैं, जिनमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी*

**आहत धनखड़ ने कहा-** एक सांसद मजाक उड़ा रहा और दूसरा वीडियोग्राफी कर रहा

**नियमों से चलेगी संसद,** ये लास्ट वॉर्निंग...कहकर बिरला ने 49 सांसद और कर दिए सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में सुरक्षा में सेंध मामले में हंगामा कर रहे विपक्ष के 141 सांसद अब तक निलंबित किए जा चुके हैं। इस बीच एक नया ड्रामा विपक्ष ने कर डाला। मंगलवार को नई संसद के प्रवेश द्वार को घेरते हुए विपक्ष के सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बेनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर उनका मजाक उड़ाया। उनको ऐसा करते देख विपक्षी सांसदों ने जमकर ठहाके भी लगाए और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अपने मोबाइल फोन में इसका वीडियो बना रहे थे। सभापति जगदीप धनखड़ ने आहत हुए कहा कि ये बेहद शर्मनाक है। एक सांसद मजाक उड़ा रहा और दूसरा सांसद इस घटना की वीडियोग्राफी कर रहा है।

**संसद की सीढ़ियों पर टीएमसी के सांसद कल्याण बेनर्जी ने राज्यसभा चेयरमैन के तौर पर जगदीप धनखड़ के सदन के संचालन के उनके तरीके का मजाक उड़ाया।**



### मिमिक्री करने पर बोले सभापति...

### गिरने की कोई तो सीमा होगी



धनखड़ ने कहा कि ये शर्मनाक, हास्यास्पद और अस्वीकार्य है। विपक्ष के गिरने की भी कोई सीमा तो होगी। कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सदन और अध्यक्ष के अधिकार की अवहेलना करने वाले सदस्य (सांसद) को निलंबित किया जाना चाहिए।

### मेघवाल ने विपक्षी सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा

संसद से मंगलवार को कुछ और विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। मंगलवार को निलंबित किए गए सांसदों में शशि थरूर, डिंपल यादव, मनीष तिवारी, सुप्रिया सुले और दानिश अली आदि का नाम शामिल है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्षी सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया। इस प्रस्ताव में मोहम्मद फैसल, कार्ति चिदंबरम, सुदीप बंधोपाध्याय समेत 49 सांसदों का नाम शामिल है।

### तख्तियां लेकर आना पड़ा भारी



मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने फिर से हंगामा शुरू कर दिया। कुछ सांसद पीएम नरेंद्र मोदी की मोर्फ्ड तस्वीरें लेकर पहुंचे। इस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने चेतावनी दी। इसके बाद लोकसभा से 49 और सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया। बिरला ने कहा कि तख्तियां लेकर आएंगे तो सदन नहीं चलेगी। संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने लोकसभा में कहा कि यह तय हुआ था कि सदन में कोई प्लेकार्ड लेकर नहीं आएगा।

### संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने कहा

# कुछ पार्टियां संसद सुरक्षा में सेंध की घटना का समर्थन कर रहीं, यह घातक



**यही आचरण रहा तो 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष 'विपक्ष' ही बना रहेगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों के निलंबन के बाद भाजपा के संसदीय दल की मंगलवार को बैठक हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को संबोधित भी किया। उन्होंने संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना पर विपक्षी पार्टियों को घेरते हुए कहा कि कुछ पार्टियां संसद में हुई घुसपैठ का समर्थन कर रही थीं। यह सेंध लगने जितनी ही खतरनाक बात है।

पीएम ने कहा कि जो भी लोग लोकतंत्र पर भरोसा करते हैं, उन्हें इस सुरक्षा में सेंध की साझा तौर पर आलोचना करनी चाहिए थी। पीएम ने संसद में विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन को लेकर भी निशाना साधा और कहा कि उनका यही आचरण रहा तो 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी संख्या और कम हो जाएगी और इससे भाजपा को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल हालिया विधानसभा चुनावों में अपनी हार से हताश और निराश हैं और इसलिए संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा सदस्यों से गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक आचरण करने का आह्वान किया। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, अनुराग ठाकुर और अन्य केंद्रीय मंत्री-सांसद शामिल हुए।

### इंडिया गठबंधन पर भी कसा तंज

### *कहा-उनका लक्ष्य सरकार को उखाड़ फेंकना*

*इंडिया गठबंधन की बैठक को लेकर भी पीएम मोदी ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष का लक्ष्य उनकी सरकार को उखाड़ फेंकना है, लेकिन उनकी सरकार का लक्ष्य देश का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है।*

### पुणे में कोरियन व्लॉगर से गंदी हरकत

## लड़के ने आकर गले में हाथ डाल लिया, वीडियो वायरल

**लाइव वीडियो में कैद हुई करतूत**



एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में केली नामक कोरियन व्लॉगर के साथ लाइव वीडियो में बदसलूकी की गई। केली के यूट्यूब पर 1.69 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं।

उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा था कि एक अकेली महिला यात्री के रूप में भारत में यात्रा इन दिनों वे पुणे में घूम रही थीं। वे सड़क पर चलते हुए वीडियो बना रही थीं। तभी अचानक कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ बदसलूकी की। एक शख्स ने अचानक केली के गले में हाथ डाल दिया और गलत ढंग से छूकर उन्हें असहज महसूस करवाया।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

## कहा- लड़कों को सिखाना होगा महिलाओं का सम्मान

**महिला को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया था**



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

कर्नाटक के बेलगावी के हुक्केरी में 11 दिसंबर को 42 वर्षीय महिला को निर्वस्त्रकर गांव में घुमाया गया और फिर बिजली के खंभे से बांधकर पीटा गया। गांव के लोग महिला के बेटे से नाराज थे, क्योंकि उसने गांव की ही एक लड़की के साथ भागकर शादी कर ली थी। इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ से काम नहीं चलेगा। अब जरूरत है कि बेटों को पढ़ाएं और उनसे बेटियों को बचाएं। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने मीडिया रिपोर्टों के आधार मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए समाज पर सामूहिक जिम्मेदारी तय करने का आह्वान किया।

### सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- हर 6 माह में मंदिर के साथ ज्योतिर्लिंग का हो निरीक्षण

## जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम ने महाकाल से लिए भस्म और भांग के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकाल मंदिर में भगवान शिव की आराधना और पूजा करने के लिए दुनियाभर से श्रद्धालु आते हैं।ऐसे में ज्योतिर्लिंग पर तरह-तरह के चढ़ावे की वजह से ज्योतिर्लिंग क्षरण की खबरें सामने आई। वहीं, इस बार अब भगवान बाबा महाकाल के शिवलिंग की स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) की टीम ने महाकाल मंदिर से भगवान को अर्पित होने वाली भस्म, पानी और भांग के नमूने लिए हैं।

**लैबोरेटरी में टेस्टिंग के बाद रिपोर्ट जीएसआई के अधिकारियों को सौंपी जाएगी**



### 6 साल पहले दायर की गई थी याचिका

दरअसल, लगभग 6 वर्ष पूर्व भगवान महाकालेश्वर के शिवलिंग क्षरण और मंदिर की संपदा का नुकसान होने के साथ अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर की परंपरा और पूजन पद्धति पर हस्तक्षेप से तो इनकारकर दिया था।

### राम जन्मभूमि परिसर के पास पकड़ा गया संदिग्ध व्यक्ति

## हेलमेट में कैमरा लगाकर कर रहा था काम, सुरक्षाकर्मियों ने पुलिस को सौंपा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि के गेट नंबर दस पर तैनात सुरक्षा बलों ने मंगलवार की दोपहर को बाइक पर घूम रहे एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर थाना राम जन्मभूमि पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए व्यक्ति के हेलमेट पर कैमरा लगा हुआ था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उक्त व्यक्ति मैप इन इंडिया का कर्मचारी है और वह सर्वे का काम कर रहा था। हालांकि इसके लिए अभी कंपनी को अनुमति नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस व खुफिया एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं।



मंगलवार की दोपहर छत्तीसगढ़ निवासी भानू पटेल बाइक पर सवार होकर यलो जोन में घूम रहा था। उसके हेलमेट पर कैमरा भी लगा हुआ था।

### पूछताछ कर रही पुलिस

सीओ अयोध्या एसपी गौतम ने बताया कि जांच में पता चला कि वह मैप इन इंडिया का कर्मचारी है। कंपनी ने जिला प्रशासन के पास सर्वे करने का आवेदन किया है लेकिन अभी अनुमति नहीं मिली है। इसके बावजूद उक्त कर्मी सर्वे कर रहा था। बताया कि उक्त व्यक्ति के बारे में कंपनी के अधिकारियों ने पुष्टि की है। बताया कि उसके आधार कार्ड व अन्य पहचान पत्र के आधार पर उसके पते आदि की भी तस्दीक कर ली गई है।

### कांग्रेस के नए अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीसीसी में पद संभाला और बोले

**स्वागत के लिए शहर में 100 से अधिक इलाकों में लगे मंच**

# किसान का बेटा हूं, जो 'हल' चलाना भी जानता है और 'हल' निकालना भी

### रैली में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उपनेता कटारे भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंगलवार को भोपाल पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। वे देवास, सीहोर होते हुए बड़ी संख्या में कार्यकताओं के साथ भोपाल पहुंचे। यहां बैरागढ़ से रोड शो करते हुए पीसीसी कार्यालय पहुंचे। इसके बाद पटवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पटवारी ने कहा कि हमारे सामने भारतीय जनता पार्टी का वह घोषणा पत्र है, जिसमें मोदी की गारंटी दी गई है, जिसको लेकर हमें सरकार से आशा है कि वह अपने सारे वचन पूर्ण करेगी।



### *पटवारी ने कहा-मप्र देश में नंबर वन बने, ऐसी मेरी कामना*

*पूर्व पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा कि मैं जीतू पटवारी को नई पारी के लिए पुनः शुभकामनाएं देता हूं। कांग्रेस के सभी कार्यकताओं एवं समर्थकों से अपील करता हूं कि वे कांग्रेस को मजबूती प्रदान करें। पटवारी ने कहा कि बाबा महाकाल से भी मैंने प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की है। मध्यप्रदेश देश में नंबर वन बने, ऐसी मेरी कामना है। लोकसभा चुनाव में कितनी सीट आएगी, इसके जवाब में जीतू पटवारी ने कहा कि हम चुनाव में 29 सीटे जीतें, ऐसी मेरी कामना और प्रयास रहेंगे।*

**1 सदन में जाते हुए तोमर**



**2 आइए...**



**3 सदन को नमन है...**



**4 हम साथ-साथ हैं...**



# मप्र के सभी नव निर्वाचित विधायकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण ताकि अपनी भूमिका का निर्वहन प्रभावी तरीके से कर सकें

प्रशासन का होगा विकेंद्रीकरण, जिला, संभाग स्तर व प्रदेश स्तर पर होगा कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से विधानसभा परिसर में किया संवाद



**दो तस्वीरों में शिवराज...**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक और मंत्रिपरिषद के सदस्य अपनी भूमिका का अधिक और प्रभावी तरीके से निर्वहन कर सकें, इसके लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जारी जनकल्याण और विकास की योजनाओं का क्रियान्वयन हमारी डबल इंजन की सरकार निरंतर प्रभावी रूप से कर रही है। विधानसभा चुनाव में प्रदेशवासियों ने विकास के प्रति जो विश्वास व्यक्त किया है, उससे संवैधानिक संस्थाओं का मान और विश्वास बढ़ा है। हमारा प्रयास है कि प्रशासन का विकेंद्रीकरण हो, अर्थात जिले पर जिला स्तरीय इकाई, संभाग पर संभाग स्तरीय इकाई और प्रदेश स्तर पर प्रदेश स्तरीय इकाई, विकास गतिविधियों के धरातल पर क्रियान्वयन में नीचे अपना श्रेष्ठतम योगदान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत में यह बात कही।

### मीडिया से अपेक्षा की कि रचनात्मक व सृजनात्मक भूमिका निभाएंगे

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का स्वागत करते हुए मीडिया से अपेक्षा की कि मीडिया प्रतिनिधि रचनात्मक व सृजनात्मक भूमिका निभाएंगे। विकास और प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना सकारात्मक योगदान देंगे। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा समृद्ध विधायक समूह निर्वाचित होकर आया है, जन कल्याण और विकास को समर्पित मंत्रिमंडल का शीघ्र ही गठन किया जाएगा। इसकी घोषणा जल्द कर दी जाएगी।*

## मप्र संकल्प पत्र 2023 में हर नागरिक की स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटीः सीएम डॉ. यादव

# 20,000 करोड़ रुपए के निवेश से बनेगी अटल मेडिसिटी, हर संभाग में मप्र इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में स्वास्थ्य क्षेत्र में 20,000 करोड़ रुपए के निवेश का उपयोग कर मध्यप्रदेश निरामय इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन में अटल मेडिसिटी स्थापित की जाएगी। प्रत्येक संभाग में एम्स की तर्ज पर मप्र इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस स्थापित किया जाएगा। मप्र संकल्प पत्र 2023 में हर नागरिक को स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी गई है। मुख्यमंत्री ने संकल्प पत्र में दी गारंटी को पूरा करने के लिए सात दिन में रोडमैप बनाकर कार्य करने के निर्देश अफसरों को दिए हैं।

संकल्प पत्र के अनुसार प्रमुख शहरों में कैंसर रोगियों के लिए पेलिएटिव केयर सेंटर स्थापित किए जाएंगे। वन लोकसभा-वन मेडिकल कॉलेज योजना के तहत हर लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। वन डिस्ट्रिक्ट-वन नर्सिंग कॉलेज योजना में हर जिले में नर्सिंग कॉलेज होगा। वन ब्लॉक-वन ब्लड बैंक योजना में हर ब्लॉक में ब्लड बैंक बनाए जाएंगे। एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की संख्या को दोगुना करेंगे। अस्पताल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या को दोगुना किया जाएगा।

### हर दिन लगभग 10,000 मरीज लाभ उठा रहे हैं

*वर्तमान में 132 प्रकार की जांच निशुल्क उपलब्ध हैं। हर दिन लगभग 10,000 मरीज लाभ उठा रहे हैं। वर्ष 2003 में 5 मेडिकल कॉलेज थे, जो आज बढ़कर 24 हो गए हैं। एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 4,000 से अधिक हो गई हैं। साढ़े तीन वर्षों में 800 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण और विकास किया गया है। अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 2,000 से 42,000 हो गई है और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या 10 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 2,085 की गई है। स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए 11,000 से अधिक हेल्थ 'एंड वेलनेस सेंटर शुरू किए हैं। प्रदेश में 2,000 से अधिक एंबुलेंस उपलब्ध हैं। डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या 7 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 51,000 से अधिक की गई है।*

### आयुष्मान के पांच लाख से ज्यादा खर्च होने पर अतिरिक्त खर्च सीएम रिलीफ फंड से दिया जाएगा

*आयुष्मान भारत के लाभार्थियों के लिये पांच लाख से ज्यादा खर्च होने पर अतिरिक्त खर्च सीएम रिलीफ फंड से किया जायेगा। निजी अस्पतालों में अत्यधिक चिकित्सा शुल्क को नियंत्रित करने के लिए एक रेगुलेटरी अथॉरिटी की स्थापना की जाएगी। पूरे प्रदेश में 500 नए जन औषधि केंद्र शुरू किए जाएंगे। इनमें कम कीमत पर दवाइयां मिलेंगी। मेडिकल सीटों में 4,000 तक की बढ़ोतरी की गई है। अगले पांच सालों में 2,000 मेडिकल सीटें बढ़ाई जाएंगी। मिशन मोड पर डॉक्टर, नर्स और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ के खाली पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। रेयर डिजीज के रोगियों को केंद्र सरकार की ओर से दी गई 20 लाख रुपए की वित्तीय सहायता के अलावा भी वित्तीय सहायता दी जाएगी। वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त प्रदेश बनाया जायेगा। टीबी रोगियों को 1000 रुपए की मासिक वित्तीय सहायता दी जायेगी।*

## विदेश में होने से कमलनाथ बैठक में नहीं शामिल हुए

नेता प्रतिपक्ष उमंग, सीएलपी सहित विधायक शामिल

# सरकार को घेरने डिनर डिप्लोमेसी के साथ कांग्रेस विधायकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधायकों को डिनर पर दावत दी है। इस बैठक में मुख्य रूप से एजेंडा सरकार को घेरने के लिए बनाया गया है। हालांकि कुछ विधायकों की मानें तो डिनर डिप्लोमेसी में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की भी समीक्षा की गई है। वहीं भाजपा की घोषणाओं को पूरा करने के लिए प्रेशर पालिटिक्स खेलने की तैयारी कांग्रेस विधायकों के साथ की गई है।

विधायकों ने स्पष्ट किया है कि भाजपा की सरकार है, सिर्फ सीएम ही बदले गए हैं। सिंघार के डिनर में हालांकि कई विधायक नहीं पहुंचे। इसका कारण कुछ भी हो सकता है, लेकिन चर्चा है कि कई सीनियर सिंघार के समर्थन में नहीं हैं। इसलिए डिनर में नहीं आने की वजह पारिवारिक कारणों का हवाला दिया गया है। डिप्टी नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि बैठक में विधायकों से मुद्दे लिए जाएंगे। क्या रणनीति रहेगी इस पर चर्चा होगी। सत्र के अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर भी रणनीति पर विधायकों से बात होगी। इसके हिसाब से रणनीति बनाई जाएगी। जमुना देवी और सत्यदेव कटारे की समय की बात करते हुए कहा कि आज फिर से इतिहास दोहराया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में काम करने का मौका मिला है। रामनिवास रावत ने कहा कि आज से विधानसभा शुरू हुई है। जनता के मुद्दों के आक्रमता से साथ विषय उठाए जाए। मैं नाराज नहीं हूं। अगर नाराज होता तो बैठक में नहीं आता। कार्यकारी अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने पर कहा कि नए टीम बनी है।

*विधायक बोले-सरकार में सिर्फ सीएम बदला, पीएम,शाह और सीएम -नड्डा की घोषणाएं पूरी करने का उठाएंगे मुद्दा*



### जिन्हें भोजन नहीं करना है, वो बैठक करेंगेः राजे

विधायक सुरेश राजे ने कहा कि डिनर डिप्लोमेसी कहना गलत है। पहली बार नेता प्रतिपक्ष बने हैं। इसलिए मुलाकात हो रही है। जरूरी नहीं है कि सभी भोजन करेंगे। जिन्हें भोजन नहीं करना है, वो बैठक करेंगे। सदन में क्या और किस रणनीति से काम करना है, इस पर बैठक में चर्चा होगी। सरकार भले ही बदल गई है लेकिन पार्टी वही है। जनता से किए वादों को याद दिलाया जाएगा। भले ही सीएम मोहन यादव बन गए हैं, लेकिन वादे पीएम और शिवराज सिंह चौहान ने किए थे। नड्डा और शाह ने भी वादा किया है। भाजपा को वादे तो पूरे करने पड़े। राजे ने कहा कि जब तक देश में ईवीएम रहेगी, ऐसे ही परिणाम आएंगे। यह जनता का जनादेश नहीं है।

### विधायक आए हैं तो भूखे पेट नहीं जाएंगेः सिंघार

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि जिलों की समस्या को लेकर विधायकों से चर्चा की जाएगी। बैठक में विधायक आए हैं तो भूखे पेट नहीं जाएंगे। कमलनाथ के बैठक में शामिल नहीं होने पर कहा कि विदेश प्रवास में है। यहां होते तो जरूर आते।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा का शुरू हुआ शीतकालीन सत्र

# रमन सिंह को निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुना, चरण दास बने नेता प्रतिपक्ष, राज्यपाल का अभिभाषण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का प्रथम सत्र मंगलवार को प्रारंभ हो गया। शपथ ग्रहण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद सीएम विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत रमन सिंह को आसंदी तक लेकर गए। इसके बाद रमन सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। डॉ. चरण दास महंत नेता प्रतिपक्ष घोषित किए गए। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले 19 से 21 दिसंबर तक चलने वाले तीन दिवसीय सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर रामविचार नेताम ने नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। सत्र के पहले दिन विधानसभा के सभी 90 नव निर्वाचित विधायकों ने शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर रामविचार नेताम ने सबसे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ी में शपथ ली। इसके बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत को शपथ दिलवाई गई।

*तीन दिवसीय सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर रामविचार नेताम ने नव निर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ*



### अभिभाषण देंगे राज्यपाल

वहीं 20 दिसंबर को सुबह 11.00 बजे राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन का अभिभाषण होगा। 21 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा, वित्तीय कार्य के साथ अन्य शासकीय कार्य किए जाएंगे। इससे पहले सत्र के प्रथम दिवस सभी नव निर्वाचित विधायकों का मुख्य गेट पर पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधानसभा परिसर में छत्तीसगढ़ की लोक कला और लोक संस्कृति पर केंद्रित लोक नृत्यों की छटा भी देखने को मिली।

### 10 हजार करोड़ का बजट हो सकता है पेश

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के पहले सत्र में 10 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश हो सकता है। यह अनुपूरक बजट तीन योजनाओं के लिए होगा। इनमें किसानों के दो साल के बकाया बोनस के लिए 2500 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए तीन हजार करोड़ रुपए और महतारी वंदन योजना के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रविधान हो सकता है।

### छत्तीसगढ़ी में ली शपथ

अधिकांश विधायकों ने हिंदी में शपथ ली, जबकि उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित कई विधायकों ने छत्तीसगढ़ी में शपथ ली। कांग्रेस की विधायक विद्यावती सिदार, गुरु खुशवंत साहेब और प्रेमचंद पटेल ने संस्कृत में शपथ ली।

# मार्च में फिर लग सकती है आचार संहिता, पुनरीक्षण कार्य आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा चुनाव खत्म होते ही अब लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की तिथियां जारी कर दी गई है। इसकी शुरुआत 20 दिसंबर से हो रही है। इस दौरान मतदाता सूची में किसी भी प्रकार का संशोधन करने के साथ ही नए नाम भी जोड़े जा सकते हैं। इसके अलावा मतदान केंद्रों की पुनर्व्यवस्था, अनुभागों का गठन, मतदान केंद्रों, अनुभाग सीमाओं के स्थान प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप दिया जा सकेगा। इसके अलावा निर्वाचक नामावली में खराब फोटो की जगह उच्च गुणवत्ता वाली फोटो को भी अपडेट किया जाएगा। वहीं छह जनवरी, 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। वहीं मुख्य निर्वाचन आयोग से आए इस शेड्यूल को रायपुर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे द्वारा जारी किया जा चुका है। इसके अलावा आठ फरवरी, 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। वहीं मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद कभी भी आचार संहिता लग सकती है।

### दावा-आपत्ति छह से 22 जनवरी तक

मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद इसके लिए दावा-आपत्ति मंगवाई जाएगी। इसके लिए छह जनवरी से लेकर 22 जनवरी, 2024 तक का समय तय किया गया है। उक्त अवधि में मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति होने पर आवेदन दिया जा सकता है।

रायपुर में बहुप्रतीक्षित नए सीएम आवास का आकर्षण देखते ही बन रहा है

# 65 करोड़ की लागत से बन रहे मुख्यमंत्री आवास का बाहरी काम पूरा, तैयार होने में 3 माह और लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नवा रायपुर में बहुप्रतीक्षित नए मुख्यमंत्री निवास का आकर्षण देखते ही बन रहा है। सेक्टर-24 में बन रहे मुख्यमंत्री आवास में बाहरी काम-काज पूरा हो गया है। भीतरी साज-सज्जा जारी है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक फर्नीचर, इंटीरियर व विद्युत कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास का निर्माण लगभग 65 करोड़



रुपए की लागत से हो रहा है। बंगले को पूरी तरह निर्मित करने में तीन महीने का वक्त लगने की संभावना जताई जा रही है। बाहरी सुरक्षा अभी से कड़ी कर दी गई है। यहां चारों दिशाओं में सीसीटीवी कैमरे के जरिए गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, वहीं नए सीएम हाउस को हाइटेक सुरक्षा व्यवस्था से लैस किया गया है। यहां एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जिसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

## विधानसभा में पास लेकर भी दर्शक दीर्घा में एंट्री नहीं, 600 जवान करेंगे निगरानी

# संसद में स्मोक अटैक के बाद छत्तीसगढ़ में बढ़ाई सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

संसद में हुए स्मोक अटैक के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां तैनात होने वाले पुलिस जवानों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया गया है। यह पहली बार होगा जब आम लोग अधिकृत पास के बाद भी दर्शक दीर्घा या अन्य जगहों पर नहीं जा सकेंगे। उन्हें रेस्ट रूम में बैठना होगा, जहां स्क्रीन लगाई जाएगी।

पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए ऐसा इंतजाम किया है कि विधायकों के अलावा सदन में किसी बाहरी व्यक्ति की एंट्री ना हो। अधिकृत मीडियाकर्मी ही मीडिया गैलरी से विधानसभा सत्र की कवरेज कर सकेंगे। आईजी रतन लाल डांगी ने सोमवार शाम अफसरों की बैठक ली, जिसमें एसएसपी प्रशांत अग्रवाल, सीएसपी, थाना प्रभारी और इंटेलिजेंस के अधिकारी शामिल रहे।




### विधानसभा के अंदर-बाहर रहेगी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती

विधानसभा के अंदर और बाहर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके लिए 600 से अधिक पुलिस जवान लगाए गए हैं। तीन दिनों तक चलने वाले सत्र में पहली बार इस तरह की सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। आईजी ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

# दीपक बैज बोले- पार्टी गाइडलाइन से बढ़कर कोई नहीं, सबको सुनने खुला मंच, कार्यकर्ता हमारे साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस पार्टी में इन दिनों लगातार इस्तीफों का दौर जारी है। इस मामले पर प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा विधानसभा 2023 का परिणाम भले ही हमारे पक्ष में ना रहा हो लेकिन इस परिस्थिति में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के साथ रहना चाहिए। बैज ने कहा अगर कोई बात है कोई शिकायत है तो पार्टी फर्म में रखा जाना चाहिए। हम सबको सुनने के लिए तैयार हैं। पार्टी ने भी खुला मंच दिया है और सब कुछ सुनने के लिए तैयार है लेकिन पार्टी से हटकर और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले के लिए पार्टी में



कोई स्थान नहीं है। दीपक बैज ने कहा कुछ नेताओं ने जो बयान दिया वह पार्टी की गाइडलाइन के अनुशासन के खिलाफ है। कुछ लोगों ने अपने पद से इस्तीफा दिया है, ठीक है। पार्टी चुनाव के बाद कुछ स्तिथियां बनती हैं। हम सिर्फ चुनाव हारे हैं हिम्मत नहीं हारे हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर बैज ने कहा चुनाव कार्यकर्ता लड़ते हैं। कार्यकर्त्ता ही नेता बनाते हैं। शिकवा-शिकायत केवल नेताओं को है कार्यकर्ताओं को नहीं। हमारे कार्यकर्ताओं के लिए हम बूथ स्तर तक जाएंगे। उनको मजबूत करेंगे और आने वाले समय में लोकसभा की तैयारी के लिए पार्टी पूरी तरह से तैयार है। हम मेहनत करेंगे लोकसभा चुनाव हम पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे।

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने मुख्यमंत्री साय को पत्र लिखा है। दीपक बैज ने पत्र लिखने के बाद कहा- आज संज्ञान में आया कि मैनपाट क्षेत्र के 15 से अधिक पहाड़ी कोरवा जनजाति को उत्तर प्रदेश में बंधक बना कर रखा गया है। उन्हें संरक्षण देना शासन का दायित्व है।

### धान उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# धान तुलाई के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत न मिले

जबलपुर।

कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा और धान उपार्जन के संबंध में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान खाद्य से जुड़े विषयों पर गंभीरता से चर्चा कर निराकरण के निर्देश दिये। जिसमें मुख्यि रूप से पीडीएस पात्र परिवारों की मोबाईल सीडिंग एवं सदस्यों के ईकेवायसी शत प्रतिशत सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिन-जिन घरों में मोबाईल सीडिंग व ईकेवायसी नहीं हुआ है वहां घर-घर जाकर मोबाईल सीडिंग व ईकेवायसी करें। साथ ही कहा कि दुकानों को व्यंवस्थित करना सुनिश्चित करें और खाद्य से संबंधित प्रकरणों का निराकरण करें। प्रतिदिन प्रत्येक विक्रेता दुकान पर उपस्थित रहे और ई-केवायसी व मोबाईल सीडिंग करें। पीडीएस में पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध रहे इसलिये पीडीएस के लिये खाद्यान्न का उठाव समय पर कर लें। अन्न दूत योजना अंतर्गत खाद्यान्न का परिवहन व्यपवस्था को सुनिश्चित करें। धान उपार्जन को लेकर ब्लॉकवार उपार्जन केन्द्रों की समीक्षा की गई तथा कहा कि उपार्जन नीट एंड क्लीशन हो कहीं भी कोई लापरवाही या शिकायत देखने को न मिले। उपार्जित धान को गोदामों में रखें और ईपीओ जनरेट करें। सोच समझकर उपार्जन केन्द्र बनाये जिससे कानून व व्यवस्था बनी रहे। उपार्जन में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। कहीं भी तुलाई आदि के नाम पर अवैध शुल्क वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, अपर कलेक्टजर श्रीमती मिशा सिंह, शेर सिंह मीणा, नाथूराम गौंड, नगर निगम कमिश्नर स्वप्निल वानखड़े सभी एसडीएम व फूड ऑफिसर सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



### बाहर से आने वाली धान को रोकने करें नाकाबंदी: कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और उपार्जन व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो इस ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये हैं। श्री सुमन ने अधिकारियों को पंजीकृत वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी सुनिश्चित करने के हिदायत देते हुये कहा है कि किसानों की आड़ में बिचौलिये उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ न उठा सकें इसके लिये उपार्जन केंद्रों का सतत निगरानी रखी जाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि सीमावर्ती जिले से समर्थन मूल्य पर बेचने के लिये लाये जाने वाले धान की आवक को रोकने के लिये चौकस नाकेबंदी करें। उन्होंने मंडी में व्यापारियों द्वारा खरीदी गई धान की गोदामों में समय-समय पर निगरानी करने के निर्देश भी दिये हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा है कि उन्हें पंजीकृत किसानों द्वारा मंडी में धान विक्रय की जानकारी भी संकलित करनी होगी, ताकि एक ही किसान के नाम से मंडी और उपार्जन केन्द्र दोनों पर धान विक्रय की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि जिन वेयरहाउस में उपार्जन केन्द्र बनाया गया है, वहाँ पूर्व से भंडारित स्कंध का सत्यापन सुनिश्चित किया जाये।

# अपराध रोकने में जनता का साथ आवश्यक

### मिलने पहुंचे नागरिकों से एडीजी जोगा ने की अपेक्षा

जबलपुर।

चोरी जैसी अन्य जघन्य वारदातों पर विराम लगाने के लिए जबलपुर पुलिस जोन के एडिशनल डायरेक्टर जनरल पुलिस (एडीजीपी) उमेश जोगा ने जनमानस से सक्रिय सहयोग और सतर्पता की अपेक्षा की है। पुलिस महकमे में स्टाफ की कमी के मद्देनजर एडीजीपी ने एसपी जबलपुर एवं माढ़ोताल थानाप्रभारी को निर्देश दिए हैं कि वे चोरी की घटनाओं के आरोपियों की तह तक पहुंचने के लिए अन्य जिलों में विकसित नए तरीकों को भी अपनाएं। एडीजी पुलिस उमेश जोगा सोमवार को माढ़ोताल थाना क्षेत्रांतर्गत संस्कार सिटी कालोनी (सूरतलाई) के नागरिकों से रूबरू हो रहे थे। नागरिक चाहते थे कि कालोनी में पिछले पांच वर्षों से अब तक हुईं चोरियों के आरोपियों को अविलंब पकड़कर घटनाओं पर विराम लगाया जाए।

#### सूरतलाई में बने पुलिस चौकी.......

संस्कार सिटी कालोनी के नागरिक प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र में बढ़ती जा रही कालोनियों को देखते हुए सूरतलाई में पुलिस चौकी बनाने की मांग पुलिस अधीक्षक और एडीजीपी से की है।



#### एसपी बारीकी से करवाएंगे जांच

नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल से पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने कहा कि वह इस बात की तहकीकात बारीकी से करवाएंगे कि संस्कार सिटी कालोनी में हुई चोरियों पर सख्ती से कार्रवाई क्यों नहीं की गई। नागरिकों ने माढ़ोताल थाने में भी ज्ञापन की एक प्रति सौंपी है।

#### ये रहे मौजूद

नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र तिवारी, पुरुषोत्तम सिंह सोलंकी, राजेश कुमार दुबे एवं अजय गर्ग समेत विभिन्न लोग मौजूद रहे।

# खुले में मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने निगरानी दल गठित

**जबलपुर**। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने राज्य शासन के निर्देशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के साथ ही खुले में तथा बिना अनुमति पत्र अथवा लायसेंस के नियमों का उल्लंघन करते हुए मांस एवं मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने जिला स्तरीय विशेष निगरानी दल गठित किया है। चौदह सदस्यों के विशेष निगरानी दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, संजय कुमार गुप्ता, माधुरी मिश्रा, सारिका दीक्षित एवं विनोद धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुग्ध संघ डीबी सिंह, सहायक आपूर्ति अधिकारी संजय खरे एवं अनीता सोरते, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, प्रभारी आयुक्त नगर निगम पीएन सनखेरे, उपनिरीक्षक सुरेश आर्मो एवं आरबी शर्मा तथा नापतौल निरीक्षक रंजीत धोके एवं किरन लता सैयाम को शामिल किया गया है। कलेक्टर सुमन ने विशेष निगरानी दल को दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले व्यापारियों तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों का निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वाले खाद्य कारोबारियों के विरूद्ध आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही उन्होंने जिले में बिना अनुमति पत्र, लायसेंस अथवा लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते हुये खुले में अवैध एवं नियम विरूद्ध संचालित पशु मांस तथा मछली के विभिन्नो प्रतिष्ठानों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश विशेष निगरानी दल को दिये हैं। कलेक्टर ने विशेष निगरानी दल का नोडल अधिकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव को नियुक्त किया है। आदेश में नोडल अधिकारी से कहा गया है कि खुले में तथा बिना लायसेंस अथवा लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की गई कार्यवाही से कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराया जाये।

### सम्मेद शिखर जी की विकलांग संकल्प यात्रा का स्वागत

**जबलपुर**। दिसम्बर श्रावणबाल विकलांग संकल्प श्री सम्मेद शिखर जी की यात्रा में 280 विकलांग यात्री उनके सहयोगी एवं सेवकों के साथ लगभग 300 स्त्राr पुरुष का दल जबलपुर स्टेशन पहुँचा, यहां पर जबलपुर नगर ग्रुप के दम्पति सदस्यों द्वारा उनका स्वागत करते हुए भोजन,पानी,फल आदि की व्यवस्था दी गई। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष पंकज, सचिव शरद (सोनू), कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल,अजित नायक, सुधीर जैन(लक्ष्मी), आशीष जैन, संजय चौधरी, प्रवीण सिंघई, प्रदीप बेंटिया, संजय जैन(सखी), आनंद जैन,रावजि जैन,अखिलेश जैन,अरविंद जैन, अशोक जैन,अंकित जैन(नाना),राकेश जैन,सुनील जैन,विवेक जैन, संदीप जैन,अंकित जैन, अनिल जैन आदि सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी।

# मुजफ्फरपुर-पुणे के मध्य चलेगी दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन

जबलपुर।

रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 05285/05286 मुजफ्फरपुर-पुणे-मुजफ्फरपुर के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 05285 मुजफ्फरपुर-पुणे एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 20 दिसंबर एवं 27 दिसंबर को मुजफ्फरपुर स्टेशन से 13:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन मध्य रात्रि 00:30 बजे सतना, 01:30 बजे कटनी, 03:00 बजे जबलपुर, 06:30 बजे इटारसी और 21:00 बजे पुणे स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05286 पुणे-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 21 दिसंबर एवं 28 दिसंबर को पुणे स्टेशन से 23:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 12:10 बजे इटारसी, 15:20 बजे जबलपुर, 16:30 बजे कटनी, 17:35 बजे सतना और तीसरे दिन 06:00 बजे मुजफ्फरपुर स्टेशन पहुँचेगी। इस गाड़ी के हाल्ट हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, दीनदयाल जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड़, कोपरगाँव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशनों पर रहेंगें। इस गाड़ी में 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 11 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 4 वातानुकूलित तृतीय इकॉनामी श्रेणी एवं 2 जनरेटर कार सहित कुल 20 कोच रहेंगे।



### सांची दुग्ध संघ का औद्योगिक भ्रमण

**जबलपुर**। जबलपुर कॉलेज ऑफ कम्प्यूटर्स एंड कम्युनिकेशन के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने जबलपुर ने सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित (सांची) की औद्योगिक इकाई का भ्रमण किया, जिसमें इकाई भ्रमण प्रभारी श्रीमति रश्मि तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं को इकाई का भ्रमण करवाते हुए उत्पादन प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया गया, साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए उत्पादन के संबंधित प्रश्नों का विस्तार पूर्वक उत्तर दिया गया, जिसमें काजल पांडे, महक रुहचंदानी, प्रदीप चक्रवर्ती, प्रियांश बारी, आर्यन अहुजा, प्रवेश साहू एवं खुशी निगम ने अपनी जिज्ञासा के अनुसार प्रश्न किए। इस भ्रमण कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 54 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर बम्लेश्वर राव, सुश्री अर्पणा शुक्ला, राकेश पिल्ले ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। आयोजन में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पवन माहुरे व विभाग के सहा.प्राध्यापक श्रीमति शिल्पी शर्मा, हर्षित सक्सेना, सुश्री साक्षी विश्वकर्मा, सौमित्र चक्रवर्ती एवं पलक मेसराम का सराहनीय योगदान रहा।

# सहायक विद्युत इंजीनियर रिश्वत लेते गिरफ्तार

### लोकायुक्ता ने सिवनी छपारा में की कार्रवाई

जबलपुर।

पड़ोसी जिले सिवनी के छपारा में लोकायुक्त की टीम ने विद्युत विभाग के सहायक इंजीनियर को ट्रांसफर हैंडओवर लेने और फाइल पर साईन करने के एवज में 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। ठेकेदार ने इस रिश्वतखोर की शिकायत लोकायुक्त में की थी। इसके बाद ट्रेप दल छपारा पहुंचा और रिश्वतखोर इंजीनियर को रंगे हाथो गिरफ्तार किया। इस संबंध में लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि ग्राम कंजई जिला सिवनी निवासी कलीम पिता इकबाल खान ने ठेकेदार की ओर से ग्राम टाकला में किसान संत कुमार सहित अन्य किसानों के खेत में 11 केवी लाइन एवं ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया था। उक्त कार्य पूर्ण होने के बाद 11 केवी लाइन.ट्रांसफार्मर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के हैंडओवर होना था। इस मामले में असिस्टेंट इंजीनियर शैलेन्द्र नाथ ने 11केवी लाइन व ट्रांसफारमर हैंडओवर लेने व फाइल पर साइन करने के लिए एवज में 60 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। रिश्वत न देने पर शैलेन्द्र नाथ द्वारा साइन नही किए जा रहे थे। जिसपर कलीम खान ने एसपी लोकायुक्त से शिकायत की। इसके बाद आज रिश्वत की राशि 60 हजार रुपए लेकर आफिस पहुंचा। जहां पर असिस्टेंट इंजीनियर शैलेन्द्र नाथ ने रिश्वत की रकम कार्यालय में पदस्थ कम्प्यूटर आपरेटर मयंक कुमार साहू को देने के लिए कहाण कलीम खान ने जैसे ही मयंक साहू को रुपए दिए तभी लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरबड़े, इंस्पेक्टर स्वप्रिलदासए एसआई शिशिर पांडे सहित 4 सदस्यीय दल ने दबिश देकर रंगे हाथ पकड़ लिया।

### तेंदुए की खाल बेचने वालों को जेल

**जबलपुर**। वन्य प्राणी तेंदुए की खाल बेचने वाले दो आरोपियों को जिला अदालत ने 3 वर्ष के कारावास के साथ 10-10 हजार रुपए के अर्थदण्ड का आदेश सुनाया। आरोपी रतनसिंह व भोलासिंह को उक्त आदेश प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहन सिंह कौरव द्वारा मदन महल थाने में दर्ज एक प्रकरण में सुनाया। आरोपियों के खिलाफ धारा 51(1) वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत दर्ज किया गया था। अभियोजन के अनुसार 4 जून 2011 को मुखबिर की सूचना पर मदन महल थाना पुलिस ने राइट टाउन स्टेडियम में पास दोनों आरोपियों को बोरी में तेंदुए की खाल सहित धरदबोचा। दोनों आरोपी किसी खरीदार की प्रतीक्षा में थे। आरोपियों से खाल जब्त कर प्रकरण दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में उप-संचालक(अभियोजन) विजय कुमार उईके व डीपीओ अजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती कल्पना मुवेल द्वारा उक्त मामले में पैरवी की गई। जिससे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपियों को उक्त आदेश सुनाया गया।

# दूध मिलावट की जांच के लिए मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब ठप्प

जबलपुर।

स्थान पर ही तत्काल दूध, घी, मिठाई आदि में मिलावट की जांच की "फूड सेफ्टी व्हील्स" नाम से नवंबर 2021 से शुरु की गई मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी ठप्प पड़ी है। यह मोबाइल यूनिट खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण ने जबलपुर संभाग को प्रदान की है। दिनांक 09 नवंबर 2022 से राज्य सरकार द्वारा शुरु किय गया "मिलावट से मुक्ति" अभियान ढुलमूल तरीकों से कार्य कर रहा है।नतीजन वर्ष 2021 से 2023 तक दूध में मिलावट के मात्र 6 दोषियों के खिलाफ एडीएम न्यायाल में प्रकरण चल रहे है। मात्र 7 वेंडरों को आर्थिक दंड दिया गया है। परिणाम स्वरुप जबलपुर में दूध माफिया बेखौफ है, मिलावट तथा बढ़े रेट से जबलपुर में दूध 75 से 80 रुपए लीटर घर पहुंच पड़ रहा है। अतः जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई करें। डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा, सुशीला कनौजिया, माया कुशवाहा तथा राममिलन शर्मा उपस्थित थे।



# कृषि विवि में गंभीर आर्थिक संकट

### वेतन, पेंशन न मिलने से कर्मचारी आक्रोशित

**जबलपुर**। जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट में है। जिसके कारण सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मियों को न तो वेतन और न ही पेंशन भुगतान करपा रहा है। इस स्थिति के लिए प्रदेश शासन जिम्मेदार है जो कभी भी विवि द्वारा प्रस्तावित बजट के आधार पर मिलने वाली अनुदान की राशि में अनावश्यक कटौती कर देने के कारण विगत चार महीनोंसे विवि में वित्तीय संकट की स्थिति बनी हुई है न तो वेतन, न तो पेंशन, सेवानिवृत्त को मिलने वाली भविष्यनिधि, ग्रेज्युटी एवं अन्य भुगतान में महीनों से लंबित पड़े हैं। फलस्वरुप कर्मचारियों एवं पेंशनर्स में बहुत असंतोष है। पैसों के अभाव में विवि के शैक्षणिक अनुसंधानिक, प्रशासनिक व्यवस्था बुरी तरह से ठप है। इस पूरी स्थिति से राज्य शासन को, जनप्रतिनिधियों को अनेक बार ज्ञापन देकर अवगत भी कराया गया, किन्तु चार महीनों से स्थिति जस की तस बनी हुई है। पेंशनर एसोसिएशन के आरके प्यासी, सियाराम विश्वकर्मा, आरपी केवट, डीडी शर्मा, आरएल पाण्डेय, ऐके कश्यप, एमएस सिंह, एसके रजक, एसके पटेल आदि ने विवि के कुलपति से वेतन पेंशन के मामलों पर चर्चा भी की, किन्तु पैसों के मामलों पर प्रदेश सरकार से चर्चा करने कुलपति ने आश्वासन दिया है।

### बिना लायसेंस चल रही मांस, मछली, अंडे की दुकानें हटाई

**जबलपुर। नगर निगम व केंट बोर्ड के अमले ने कटंगा क्रासिंग से बिरमानी पेट्रोल पंप तक सड़कों पर जमे अतिक्रमण को हटाने के लिए बड़ी कार्रवाई की। बताया गया है कि यहां सड़कों तक दुकानें लग रही थी, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी और जाम लग रहा था इसी क्षेत्र में फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों के जहां अस्थाई निर्माण हटाए गए वहीं स्थाई किए गए निर्माण पर बुल्डोजर चला दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान बिना लायसेंस चल रही मांस मछली और अंडों की दुकानों को हटाया गया।**

# कटंगा क्रासिंग से बिरमानी पेट्रोल पंप तक चला बुल्डोजर



प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगा क्रासिंग पर फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। जिसके चलते निर्माण क्षेत्र में वाहनों के आवागमन के लिए जगह कम हो गई, इसलिए सड़क पर लगने वाली दुकानों के कारण जाम की स्थिति बनने लगी थी। शिकायत मिलने पर सोमवार की दोपहर मौके पर पहुंचे केंट बोर्ड और नगर निगम अमले ने सड़क पर जमे ठेले .टपरों को जप्त कर लिया। वहां दुकान संचालकों द्वारा किए गए निर्माणों पर बुल्डोजर चला दिया गया।इधर, केंट के भैंसासुर बाबा मार्ग पर बनी गुमटियों से मांस की दुकाने हटाने के लिए व्यापारियों को दो दिन की मोहलत दी गई है। केंट बोर्ड के अन्याक्राति दल के प्रभारी नितेश पटेरिया ने बताया कि संयुक्त कार्रवाई के दौरान भैंसासुर बाबा मार्ग पहुंचे अमले ने जैसे ही कार्रवाई शुरू की, तो व्यापारियों ने दो दिन की मोहल्लत मांगी। जिस पर सहमति दे देते व्यापारियों को चेतावनी दी गई है कि अवैध रूप से संचालित मांस की दुकाने तत्काल बंद कर दें और अतिक्रमण को हटा दें। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा खुले में मांस विक्रय को लेकर हालही में भेजे गए निर्देशों के बाद उन स्थानों को चिहिंत किया जा रहा है।

## योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों ने साझा किये अनुभव

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हर पड़ाव पर हुआ स्वागत

**जबलपुर।** केन्द्र शासन की जनकल्याण की योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं शेष रह गये पात्र हितग्राहियों को इनका लाभ पहुंचाने जिले में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा आज मंगलवार को 14 ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया। इस दौरान यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथों का ग्रामीणों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रतिदिन प्रत्येक जनपद पंचायत में दो-दो ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर रही है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में यात्रा के दौरान योजनाओं के प्रचार प्रसार करने प्रत्येक जनपद पंचायत को एलईडी स्क्रीन लगी एक-एक सुसज्जित मोबाइल वेन (प्रचार रथ) उपलब्ध कराई गई है।

यात्रा के प्रत्येक पड़ाव पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रिकार्डेड संदेश का प्रसारण प्रचार रथ की एलईडी स्क्रीन पर किया गया। कई स्थानों पर प्रधानमंत्री प्रणाम योजना के तहत ड्रोन से फसलों पर नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। प्रत्येक पड़ाव पर किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रत्येक पड़ाव पर केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने उनके जीवन में आये बदलाव पर अपने अनुभव साझा किये। प्रत्येक पड़ाव पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाये गये। विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किये गये तथा हितग्राहियों के आधार अपडेशन, आधार लिंकिंग एवं ई-केवायसी करने तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों के सत्यापन का कार्य भी शिविर लगाकर किया गया। यात्रा के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में केन्द्र शासन की योजनाओं पर केन्द्रित ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। भारत को

## दो दिनों में 29 ग्राम पंचायतों में पहुँचेगी यात्रा

केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभान्वित करने तथा नवाचारी योजनाओं द्वारा देश में हो रहे विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने जिले में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा कल बुधवार 20 दिसम्बर को 15 ग्राम पंचायतों तथा गुरुवार 21 दिसम्बर को 14 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा कल बुधवार 20 दिसम्बर को जनपद पंचायत जबलपुर की ग्राम पंचायत मंगेली और बढ़ैयाखेड़ा, जनपद पंचायत मझौली की ग्राम पंचायत कोनी कला, लोहारी (अनघोरा) और गठौरा, जनपद पंचायत पनागर की ग्राम पंचायत बम्हनौदी और उर्दुआकला, जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत गनयारी और मुर्रई, जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत कैथरा और गड़रपिपरिया, जनपद पंचायत कुंडम की ग्राम पंचायत आमाटिटहा और कुबरहट, जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत जुझारी और घुघरी नवीन में भ्रमण करेगी। इसी प्रकार विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार 21 दिसम्बर को जनपद पंचायत जबलपुर की ग्राम पंचायत मोहास और बहोरीपार, जनपद पंचायत मझौली की ग्राम पंचायत सुहजानी और लुहारी लडोई,जनपद पंचायत पनागर की ग्राम पंचायत भिड़ारीकला और बरौंदा, जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत नुनसर और जरोंद, जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत जमुनिया ज्वाब और मगर मुंहा, जनपद पंचायत कुंडम की ग्राम पंचायत कोसमडोंगरी एवं सलैया, जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत बेला और सिलुआ पहुंचकर ग्रामवासियों को केंद्र शासन की योजनाओं से अवगत कराएगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के भ्रमण के दौरान प्रचार रथों से केंद्र शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। यात्रा के पहुँचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया जायेगा तथा प्रचार रथ से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण होगा। केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित हितग्राही मेरी कहानी मेरी जुबानी की थीम पर अपने अनुभव साझा करेंगे। ग्रामीणों को वर्ष-2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया जायेगा। प्राकृतिक खेती अपनाने किसानों को प्रोत्साहित करने माटी कहे पुकार के की थीम पर स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। केन्द्र शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर केन्द्रित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी होगी। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं को कैप और टी-शर्ट पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी।




विकसित भारत यात्रा के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायतों में मृदा परीक्षण एवं स्वाइल हेल्थ कार्ड बनाने कृषि विभाग द्वारा शिविर लगाये जाएंगे। प्रधानमंत्री प्रणाम योजना के अंतर्गत किसानों के समक्ष ड्रोन से फसलों पर नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन भी होगा। आयुष्मान कार्ड बनाने, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के ई-केवायसी करने, आधार अपडेशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की पात्रता पर्ची बनाने, बैंको से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं अटल पेंशन योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने शिविर इन ग्राम पंचायतों में संबंधित विभागों द्वारा लगाये जायेंगे। किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए भी अलग से स्टॉल लगाया जायेगा। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि प्रमुख योजनाओं का लाभ पहुंचाने भी इन ग्राम पंचायतों में संबंधित विभागों द्वारा शिविर लगाये जायेंगे। यात्रा के दौरान केन्द्र शासन की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी किया जायेगा।



# नियमों को दरकिनार कर बनाये गये खरीदी केन्द्र किसानों के लिए मुसीबत का सबब बन रहे

## बरगी केन्द्र क्रमांक 2 में भारी अव्यवस्था

**सिहोरा।** नियमों को दरकिनार कर खरीफ उपार्जन के लिए बनाए गये खरीदी केंद्र किसानों के लिए मुसीबत का केंद्र बन गये है।जानकारों का कहना है कि अगर केंद्र बनाने की प्रक्रिया की बात करें तो सहकारी समितियों के माध्यम से प्रस्ताव दिए जाते हैं। उसके बाद खरीद एजेंसियां वहां केंद्र बनाती हैं। एजेंसी या विभाग के कर्मचारी को केंद्र प्रभारी बनाया जाता है। लेकिन मझौली तहसील अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति बरगी का खरीदी केंद्र जिले के अन्तिम छोर बहोरीबंद रोड़ पर दिनारी खमरिया के पास खडरा के पास बना दिया मरता क्या न करता की तर्ज पर किसान मजबूर होकर धान विक्रय करने 10 से 15 किमी दूर धान लेकर आ रहे हैं।

### खरीदी केंद्र में भारी अव्यवस्था

बताया जाता है की बरगी समिति के केन्द्र क्रमांक 2 दिनारी खमरिया के पास स्थित केन्द्र में आव्यवस्था के हालात ये हैं कि केन्द्र के बाहर मुख्य मार्ग में लगी ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। खरीदी केंद्र बनाने के सन्दर्भ में शासन ने किसानों की सुविधा के लिए दिशा निर्देश जारी किये है लेकिन पालन नहीं हो रहा है।इसमें क्रय केंद्र के पास वाहन खड़ा करने के लिए पार्किंग बनाने, किसानों को बैठने के लिए कुर्सी व बेंच की व्यवस्था,पीने के लिए पानी और बारिश होने पर धान की सुरक्षा के लिए तिरपाल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है पर यहां स्थिति अलग है अगर केंद्र बनाने की प्रक्रिया की बात करें तो सहकारी समितियों के माध्यम से प्रस्ताव दिए जाते हैं। उसके बाद खरीद एजेंसियां वहां केंद्र बनाती हैं। एजेंसी या विभाग के कर्मचारी को केंद्र प्रभारी बनाया जाता है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बरगी ने 30 नवम्वर को अनुविभागीय अधिकारी को पत्र लिखकर ग्रांम में ही खरीदी केंद्र बनाए जाने की मांग की थी किन्तु अभी तक समस्या का निराकरण न हो पाने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खडरा बहोरीबंद रोड पर बने खरीदी केन्द्र पर धान बेचने गये किसानों ने कथित तौर पर बताया की यहां धान तो 41200 ग्राम ले ही रहे हैं साथ ही कमीशन की भी मांग करते हैं और पुछने पर कहते हैं ऊपर पैसा खर्च कर का केन्द्र बनवाया तो कमीशन तो लेंगे ही। अधिकारी केन्द्र बनाकर भूल जाते हैं और किसान परेशान होते रहते हैं।

## बालकों के बौद्धिक व शारीरिक विकास के लिए अनूठी पहल

### संप्रेक्षण गृह जबलपुर में योग शिविर का हुआ

**जबलपुर।** संप्रेक्षण गृह गोकलपुर में योग शिविर का शुभारंभ किया गया है। जिसमें बालकों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए आर्ट ऑफ लिविंग अंतर्गत योग शिविर व अन्य गतिविधियां भी प्रारंभ की गई हैं। इस मौके पर विभिन्न अतिथिगण मौजूद रहे। जिसमें राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव रत्नेश चंद्र बिसेन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष आलोक अवस्थी, सचिव उमाशंकर अग्रवाल, मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड प्रिंसिपल मंजू सिंह के निर्देशन में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य संप्रेक्षण गृह में निवासरत बालकों को मानसिक रूप से तैयार किया जाना है, ताकि वे अच्छे नागरिक बन सके योग प्रशिक्षक अनुज श्रीवास्तव, विभिन्न योग मुद्राएं सूर्य नमस्कार एवं सुदर्शन क्रिया तथा बच्चों को खेल के माध्यम से नैतिक शिक्षा दी गई। कार्यक्रम में संस्था अधीक्षक सुश्री माधुरी रजक, संस्थागत कर्मचारी अरूण बढ़ोलिया, हमीद खान, अनुज शर्मा, सुरेश अहिरवाल उपस्थित रहे।

## सी एम राइस विद्यालय का छात्र अमित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**सिहोरा।** सागर में आयोजित 67 वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सी एम राइस पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा के छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा।इस दौरान कक्षा 12 वीं के छात्र अमित गडारी ने 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय प्राचार्य अशोक उपाध्याय,उप प्राचार्य शैलेंद्र मिश्रा ने विद्यार्थी का सम्मान किया और अमित को सम्मान में प्रमाण पत्र शाल शील्ड,किट एवं 3000 रुपये



का चैक प्रदान किया।शिक्षकों के द्वारा भी नगद राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। इस दौरान समस्त शाला परिवार ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं प्रेषित की। सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आगामी 26 से 30 दिसंबर चंद्रपुर महाराष्ट्र में आयोजित होनी है जिसमें मध्य प्रदेश दल का प्रतिनिधित्व भिटोनी गांव मे रहने वाले विद्यालय के अमित गढ़ारी करेंगे। कार्यक्रम में अमित जैन,अशोक पटेल,संदीप सोनी,सविता पटेल आदि समस्त स्टाफ एवं समस्त बच्चे उपस्थित थे।

### गणित के शिक्षक को दो वेतन वृद्धि रोकने का दिया नोटिस

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा आज मंगलवार को दको शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या गोकलपुर, शासकीय हाई स्कूल बालक गोकलपुर एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गणेशगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। शिक्षा के स्तर तथा परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से किये गये निरीक्षण के दौरान श्री सोनी ने शासकीय हाई स्कूल बालक गोकलपुर में कक्षा दसवीं की गणित विषय की अर्धवार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का सही तरीके से मूल्यांकन न करने पर गणित विषय के माध्यमिक शिक्षक मदन गोपाल नेमा को दो वेतन वृद्धि रोकने



संबंधी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि अर्धवार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य गंभीरतापूर्वक करें। परीक्षा परिणाम में सुधार लाने हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य करें। शिक्षक पूरे समय विद्यालयों उपस्थित रहे शतप्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये एवं विद्यालयवार कार्ययोजना अनुसार अध्यापन कराया जाये। उन्होंने शिक्षकों को शेष रह गया पाठ्यक्रम अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुये कहा कि स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं, कालखंडो का आयोजन किया जाये। श्री सोनी ने कहा कि सभी स्कूलों में पाठ्यक्रमानुसार दिनांकवार विषयवार कार्ययोजना अनिवार्य रूप से लगी हो। आगामी दिवसों उपरोक्त बिंदुओं में किए गए प्रयासों, अकादमिक स्तर , परिणामों निरंतर समीक्षा की जाएगी। संतोषजनक परिणाम प्राप्त न होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कलचुरी परिचय सम्मेलन हेतु बैठक

**जबलपुर।** गत दिवस कलचुरी महासभा की बैठक का आयोजन कलचुरी महासभा के अध्यक्ष मनोहर चौकसे की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में कलचुरी महासभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि समाज का परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी 21 अप्रैल 2024 को किया जाना है। यह जानकारी कलचुरी महासभा के महामंत्री श्री बी डी राय ने दी।

बैठक में कलचुरी महासभा के देवेंद्र चौकसे,डॉ व्ही के गुप्ता, राकेश चौकसे,जे पी राय,संजय शिवहरे,संजय चौकसे रांझी,राजीव चौकसे,श्रीमती मीना शिवहरे,श्रीमती मधु चौकसे, संजय महाजन,प्रोफ.जी एस चौकसे,के एस राय,संदीप चौकसे,संजय महाजन,आशीष राय बंटी, आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष श्री मनोहर चौकसे ने समस्त कलचुरी सजातीय बन्धुओं से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

## श्री परशुराम ब्राह्मण संघ द्वारा महाआरती

**जबलपुर।** प्रति सोमवार की तरह श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ द्वारा श्री परशुराम धाम गौरीघाट में पुजारी पंडित राजकुमार दुबे जी द्वारा विधिविधान से पूजन अर्चन किया जिसमें श्री परशुराम भगवान एवम् नर्मदा जी की महाआरती सम्पन्न हुई कन्या पूजन कर प्रसाद वितरण कर समापन किया गया जिसमें नए वर्ष में सांस्कृतिक एवम् आध्यात्मिक आयोजन करने हेतु विचार विमर्श हुए जिसमें संघ के वरिष्ठ नगर अध्यक्ष पंडित यदुवंश मिश्रा, डॉक्टर अरुण मिश्रा, पंडित विकास शुक्ला, पी के तिवारी एवं मातृशक्ति एवम अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

## सभी पैरामीटर्स पर 96.2 प्रतिशत अंक मिले

# शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिछाई को मिला गुणवत्ता प्रमाणीकरण अवॉर्ड

**जबलपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार से रिछाई स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संजय नगर को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड (एनक्यूएएस) कार्यक्रम के तहत गुणवत्ता प्रमाणीकरण (क्वालिटी सर्टिफिकेशन) का अवार्ड प्राप्त हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने यह जानकारी देते हुये बताया कि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संजय नगर रिछाई को सभी पैरामीटर्स पर 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये हैं।

उन्होंने बताया कि कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के मार्गदर्शन में जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थाएं नागरिकों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं देने प्रतिबद्ध हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिश्रा ने



शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संजय नगर, रिछाई को एनक्यूएएस कार्यक्रम के तहत क्वालिटी सर्टिफाइड प्राप्त होने पर शहरी नोडल अधिकारी डॉ एस एस दाहिया, डॉ संजय जैन, डॉ नीरज निगम, डॉ आदर्श विश्नोई, डॉ शिखा गर्ग, एपीएम संदीप नामदेव, अंजू कुशवाहा, डॉ फयुमउद्दीन मंसूरी,संस्था प्रभारी डॉ अमन मौर्य, डॉ शेषबाबू तथा सभी कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संजय नगर के प्रभारी डॉ अमन मौर्य के कुशल प्रबंधन की तारीफ भी की है।

### हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिये शिविर आज

**जबलपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार 20 दिसम्बर की सुबह 9 बजे से जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया अस्पताल) के सभाकक्ष में निशुल्क जाँच शिविर का आयोजन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के अनुसार मुख्यमंत्री बाल ह्रदय उपचार योजना के तहत आयोजित किये जा रहे इस शिविर में नारायणा हॉस्पिटल मुम्बई के सुप्रसिद्ध डाक्टर द्वारा ह्रदय रोग से ग्रसित बच्चों की निशुल्क जांच किया जाना प्रस्तावित है।

### *जनसुनवाई में प्राप्त1 हुये 119 आवेदन*

**जबलपुर।** कलेक्टार कार्यालय में आयोजित साप्ताभहिक जनसुनवाई में नागरिकों से 119 आवेदन प्राप्तई हुये। जनसुनवाई में आये नागरिकों से उनकी समस्यानओं को अपर कलेक्ट र श्रीमती मिशा सिंह एवं जिला पंचायत की सीईओ श्रीमति जयति सिंह ने सुना तथा उनके आवेदन प्राप्तो कर संबंधित विभागों को त्व रित निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सभी विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।




**श्रीमती हरजीत कौर आनंद-** आदर्श नगर ग्वारीघाट रोड निवासी श्री भगत सिंह आनंद की धर्मपत्नी श्रीमती हरजीत कौर आनंद (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धर्मेंद्र यादव-** उडिया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री धर्मेंद्र यादव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नीशू कुशवाहा-** कृष्णा कॉलोनी धोबीघाट कजरवारा रोड निवासी श्री दिनेश कुमार कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती नीशू कुशवाहा (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन कश्यप-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री जमना प्रसाद कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन कश्यप (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सोहन सिंह-** इंद्रा नगर बिलपुरा निवासी श्री सोहन सिंह (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवचंद कहार-** बेलबाग निवासी श्री देवचंद कहार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पंचम लाल भलावी-** रामपुर मांडवा निवासी श्री पंचम लाल भलावी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय कोरी-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री अजय कोरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सविता केसरी-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री देवेंद्र प्रसाद केसरी की धर्मपत्नी श्रीमती सविता केसरी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रुक्मणी तिवारी-** खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री रामचंद्र तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणी तिवारी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुन रजक-** नर्मदा नगर ग्वारीघाट रोड निवासी श्रीमती शकुन रजक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ

**श्रीमती गायत्री बाई गर्ग-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री नरेंद्र कुमार गर्ग की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री बाई गर्ग (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम बाई केशरवानी-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री लखनलाल केशरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई केशरवानी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप



### तमिलनाडु बना शीर्ष लीड्स रैंकिंग राज्य

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में जारी विभिन्न राज्यों में बेहतर लॉजिस्टिक व्यवस्था 2023 की रैंकिंग (लीड्स) में तमिलनाडु ने 'अचीवर' का दर्जा बरकरार रखा है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने 2018 में शुरू की गई 'लीड्स' (लॉजिस्टिक्स एज एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स 2023 रैंकिंग) पहल राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लॉजिस्टिक के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए एक मानक व्यवस्था के रूप में कार्य करती है।

### वेदांता को एनसीडी से 3400 करोड़ जुटाने की मंजूरी मिली



**नई दिल्ली।** खनन समूह वेदांता लिमिटेड के निदेशक मंडल द्वारा गठित निदेशकों की एक समिति ने गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र के जरिए 3,400 करोड़ रुपये तक जुटाने की मंजूरी दे दी है। कंपनी निजी नियोजन के आधार पर एक या अधिक बार में गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) जारी करेगी।

### जेबी फार्मा ने नोवार्टिस के साथ किया समझौता




**नई दिल्ली।** जेबी केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने चुनिंदा नेत्र विज्ञान ब्रांडों के लिए नोवार्टिस के साथ प्रचार व वितरण समझौते के साथ-साथ एक ट्रेड मार्क लाइसेंस समझौता किया है। समझौते कुल 1,089 करोड़ रुपये के हैं। जेबी फार्मा ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि निदेशक मंडल ने 19 दिसंबर 2023 को हुई बैठक में चुनिंदा नेत्र विज्ञान ब्रांडों के खंड के लिए नोवार्टिस इनोवेटिव थैरेपीज एजी के साथ एक ट्रेड मार्क लाइसेंस समझौते के निष्पादन को मंजूरी दे दी।

### जेटीएल के 1200 करोड़ की निवेश योजना को मंजूर



**नई दिल्ली।** जेटीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने कंपनी की शाखा जेटीएल ट्यूब्स लिमिटेड में 1,200 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस निवेश से महाराष्ट्र में एक संयंत्र की स्थापना की जाएगी। इस्पात के पाइप बनाने वाली कंपनी ने सोमवार को कहा कि निवेश को आंशिक रूप से आंतरिक स्रोतों से और आंशिक रूप से प्रस्तावित निर्गम से मिली आय से वित्त पोषित किया जाएगा।

### ओएनडीसी ने मेटा के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली।** मेटा और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) ने मंगलवार को एक साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत छोटे व्यवसायों को डिजिटल कॉमर्स का लाभ उठाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस साझेदारी का मकसद छोटा कारोबार चलाने वालों को शिक्षित करना है, ताकि वे मेटा के व्यवसाय और तकनीकी समाधान प्रदाताओं के जरिए व्हाट्सएप पर खरीदारों से बेहतर ढंग से जुड़ सकें।

### रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 83.19 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को नौ पैसे की गिरावट के साथ 83.19 (अस्थायी) पर बंद हुआ। लाल सागर मार्ग के माध्यम से तेल की आपूर्ति को लेकर जारी चिंताओं के बीच आयातकों द्वारा डॉलर की खरीदारी का असर भारतीय मुद्रा पर पड़ा।

# मोटरसाइकिल की दुनिया बदल देगी यामाहा की 'बिना हैंडल' सेल्फ-बैलेंसिंग बाइक

## मालिक को पहचानेगी... इशारों पर चलेगी!, कंपनी ने बाइक का नाम मोटोराइड 2 दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापानी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी यामाहा हमेशा से ही अपने शानदार लुक और डिजाइन वाली मोटरसाइकिलों के निर्माण के लिए मशहूर रही है। अब यामहा ने अपने नए कॉन्सेप्ट से मोटरसाइकिल के पारंपरिक डिज़ाइन और मानकों को पूरी तरह से उलट कर ही रख दिया है। एक तरह से कहें तो अपने इस नए मॉडल से यामहा ने मोटरसाइकिल के पुरातन शैली को ही चुनौती दे दी है। अगर, आपको एक ऐसी बाइक चलानी है जिसमें हैंडलबार ही न दिए गए हों तो ज्यादा संभावना है कि आपको यह एक मजाक लगेगा। लेकिन यामहा ने अपने इस कॉन्सेप्ट, जिसे कंपनी ने मोटोराइड 2 नाम दिया है, उसे बिना किसी हैंडलबार के ही पेश किया है। इस बाइक में ऐसी बहुत सी खूबियां हैं जो कि आज तक आपको किसी भी मॉडल में देखने को नहीं मिली होंगी।

### क्या कहती है कंपनी

यामाहा मोटर ने अपने इस कॉन्सेप्ट को लेकर कहना है कि, ये मॉडल राइडर और मशीन के बीच घनिष्ठ संबंध को स्थापित करने में मदद करेगा। जिसमें मशीन और इंसान एक पार्टनर की तरह एक-दूसरे के साथ सामंजस्यपूर्ण रूप से रेजोनेट करते हों। इसी को ध्यान में रखते हुए यामहा ने साल 2017 में मोटोराइड के फर्स्ट जेनरेशन कॉन्सेप्ट को दुनिया के सामने पेश किया था, और इस बार जापान मोबिलिटी शो में सेकंड जेनरेशन मोटोराइड कॉन्सेप्ट को पेश किया है।



### बिना राइडर के चलती है बाइक

*इस बाइक को पेश करने के दौरान कंपनी ने जो डेमो दिया उसमें ये बाइक बिना किसी राइडर के स्वतंत्र रूप से चल रही थी और मोटरसाइकिल के सामने खड़ी महिला मॉडल के एक्सप्रेशन और एक्शन को ध्यान में रखते हुए मूवमेंट भी कर रही थी। इसलिए माना जा रहा है कि ये न केवल सेल्फ-बैलेंसिंग तकनीक से लैस है बल्कि इसमें बिना राइडर के भी चलने वाली खूबियां हैं।*

### चेहरे की पहचान का सिस्टम

इसके अलावा इसमें फेशियल रिकग्निशन सिस्टम भी दिया गया है, जो कि वाहन मालिक के चेहरे की पहचान कर अन्य सभी फीचर्स को एक्टिवेट करता है। फिलहाल इसे बतौर कॉन्सेप्ट पेश किया गया है। कंपनी का कहना है कि मोटोराइड 2 कॉन्सेप्ट इस सवाल का जवाब है कि 'भविष्य में मानव-मशीन इंटरफेस वास्तव में कैसा होगा? हालांकि यह देखने में काफी अजीब और रोमांचक है।'

## पुराने ऋण को लौटाने व नए कर्ज को लेकर कदम उठाए

# आरबीआई ने बैंकों के लिए वैकल्पिक निवेश कोष को लेकर किए नियम कड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वैकल्पिक निवेश कोष के जरिये पुराने ऋण को लौटाने के लिये नया कर्ज लेने की व्यवस्था (एवरग्रिनिंग) पर लगाम लगाने को लेकर कदम उठाया है। इसके तहत बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) उस वैकल्पिक निवेश कोष की किसी भी योजना में निवेश नहीं कर सकतीं, जिसने वित्तीय संस्थान से पिछले 12 महीनों में कर्ज लेने वाले कर्जदाताओं की कंपनी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निवेश कर रखा है।

- नियम के तहत बैंक और एनबीएफसी को लाया गया
- बैंक ऑफर एनबीएफसी आरबीआई के नियमन दायरे में आता हैं
- निवेश को 30 दिन के भीतर परिसमापन करने की जरूरत होगी



### ये कोष आते हैं

बैंक और एनबीएफसी अपने नियमित निवेश गतिविधियों के तहत एआईएफ की इकाइयों में निवेश करती हैं। बैंक ऑफर एनबीएफसी आरबीआई के नियमन के दायरे में आता हैं। उद्यम पूंजी कोष, बुनियादी ढांचा कोष, निजी इक्विटी फंड, एंजल फंड समेत अन्य वैकल्पिक निवेश कोष के अंतर्गत आते हैं।

### नियामकीय स्तर पर चिंता सामने आई

आरबीआई ने एक परिपत्र में कहा कि बैंक और एनबीएफसी के कुछ लेन-देन में एआईएफ शामिल है। इससे नियामकीय स्तर पर चिंता सामने आई है। इसमें कहा गया है कि इन लेनदेन में एआईएफ की इकाइयों में निवेश के माध्यम से अप्रत्यक्ष कर्ज के साथ ऋण लेने वालों को विनियमित इकाइयों (बैंक और एनबीएफसी) के प्रत्यक्ष ऋण जोखिम का प्रतिस्थापन जुड़ा है।

### नए कर्ज व्यवस्था पर रोक लगाने कदम

रिजर्व बैंक ने कहा कि इसके माध्यम से एआईएफ के जरिये पुराने कर्ज को लौटाने के लिए नई कर्ज की व्यवस्था पर रोक लगाने के लिए कदम उठाये हैं। बैंक और एनबीएफसी एआईएफ की किसी भी योजना में निवेश नहीं कर सकते, जिसने वित्तीय संस्थान से कर्ज लेने वाले कर्जदाताओं की कंपनी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निवेश कर रखा है।

### निवेश के लिए शत-प्रतिशत प्रावधान करना होगा

*आरबीआई ने वित्तीय संस्थानों से कहा है कि ऐसे निवेश को 30 दिन के भीतर परिसमापन करने की जरूरत होगी। परिपत्र के अनुसार, अगर बैंक और एनबीएफसी निर्धारित समयसीमा में निवेश को समाप्त नहीं कर पाते हैं, उन्हें ऐसे निवेश के लिए शत-प्रतिशत प्रावधान करना होगा।*

### कर्ज लेने वाली कंपनी की परिभाषा

*इसके तहत बैंक और एनबीएफसी से कर्ज लेने वाली कंपनी वह इकाई है, जिसे संबंधित वित्तीय संस्थान ने पिछले 12 महीनों में वर्तमान में या पूर्व में कर्ज दिया था अथवा निवेश किया था।*

# जापान के बैंक ने नकारात्मक ब्याज दर को रखा अपरिवर्तित

## बैंक पहले कीमत व वेतन रुझानों पर नजर रखेगा

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक



बैंक ऑफ जापान (बीओजे) ने अपनी ऋण नीति को मंगलवार को अपरिवर्तित रखा और कहा कि वह अपनी नकारात्मक ब्याज दर बढ़ाने से पहले कीमत तथा वेतन रुझानों पर नजर रखेगा। बीओजे से इसी फैसले की उम्मीद की जा रही थी। हालांकि निवेशकों और विश्लेषकों का मानना है कि केंद्रीय बैंक मूल्य वृद्धि के कारण बदलाव की ओर कदम बढ़ा रहा है, जिससे मुद्रास्फीति अपने दो प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी है। बीओजे के मंगलवार के फैसले के बाद जापानी येन के मुकाबले अमेरिकी डॉलर में तेजी आई और शेयरों की कीमतें बढ़ गईं। नकारात्मक 0.1 प्रतिशत की नीतिगत दर का उद्देश्य बैंकों को अधिक ऋण देने और व्यवसायों तथा उपभोक्ताओं को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अधिक उधार लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। जापान में मुद्रास्फीति बढ़ी है लेकिन अमेरिका की तुलना में बहुत धीमी गति से ...साथ ही अमेरिकी डॉलर, जापानी येन के मुकाबले चढ़ा है। इससे येन की क्रय शक्ति कम हो गई है, जिससे ऊर्जा तथा अन्य वस्तुओं की लागत बढ़ गई है। अमेरिकी डॉलर के जापानी येन के मुकाबले चढ़ने की वजह मुद्रास्फीति का मुकाबला करने के लिए दरें बढ़ाना है। बीओजे के गवर्नर काजुओ उएदा दरें बढ़ाने को लेकर सतर्क हैं। उनका कहना है कि वेतन वृद्धि बढ़ती कीमतों से पीछे रह गई है और मुद्रास्फीति का तय लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है।

- मुद्रास्फीति दो प्रतिशत लक्ष्य के ऊपर बनी हुई है

### आवास निवेश कमजोर बना हुआ

केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि आवास निवेश कमजोर बना हुआ है और सरकारी खर्च सपाट है। बीओजे ने बयान में कहा, ' देश और विदेश में अर्थव्यवस्थाओं तथा वित्तीय बाजारों को लेकर अत्यधिक अनिश्चितताओं के बावजूद बैंक धैर्यपूर्वक मौद्रिक सहजता जारी रखेगा।'

# शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 122 अंक चढ़ा

## रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी बढ़ने से आई तेजी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 122 अंक के लाभ में रहा। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबार के दौरान दोनों मानक सूचकांक...सेंसेक्स और निफ्टी...रिकॉर्ड स्तर पर चले गये थे। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 122.10 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,437.19 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी कारोबार के दौरान 86.4 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 21,505.05 अंक तक पहुंचा। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), तेल एवं गैस, बिजली तथा चुनिंदा बैंक शेयरों में लिवाली से तेजी को समर्थन मिला। हालांकि, आईटी और वाहन शेयरों में नुकसान से बढ़त पर अंकुश लगा। सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले सबसे ज्यादा 4.66 प्रतिशत के लाभ में रही। इसके अलावा एनटीपीसी (2.16 प्रतिशत), रिलायंस इंडस्ट्रीज (1.53 प्रतिशत), भारतीय स्टेट बैंक (1.04 प्रतिशत) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (1.03 प्रतिशत) में तेजी रही। आईटीसी, पावर ग्रिड और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व और मारुति शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार में उम्मीद बनी हुई है। लेकिन बढ़त पर जो बढ़त जारी थी, उसमें कमी आई है।

- दोनों ही सेंसेक्स रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे



### अमेरिकी बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त में रहे थे।

# पीई, वीसी निवेश नवंबर में घटकर 1.6 अरब डॉलर

**मुंबई।** निजी इक्विटी (पीई) और उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों का निवेश नवंबर में घटकर 43 महीने के निचले स्तर 1.6 अरब डॉलर पर आ गया। मंगलवार को एक रिपोर्ट में जानकारी दी गई। उद्योग जगत के लॉबी समूह 'इंडियन वेंचर एंड ऑल्टरनेट कैपिटल एसोसिएशन' (आईवीसीए) और सलाहकार फर्म ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक, पीई और वीसी निवेश एक साल पहले की तुलना में नवंबर में 69 प्रतिशत तक घट गया जबकि अक्टूबर की तुलना में इसमें 60 प्रतिशत की गिरावट रही। रिपोर्ट कहती है कि मात्रा के लिहाज से नवंबर, 2023 में 58 सौदे हुए जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 106 और अक्टूबर, 2023 में 73 सौदे हुए थे। ईवाई के साझेदार विवेक सोनी ने उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर संभावना जताई है।

- 43 माह का निचला स्तर

# घरेलू एयरलाइन उद्योग का नुकसान हुआ कम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय एयरलाइन उद्योग का चालू वित्त वर्ष में शुद्ध घाटा पिछले साल के 17,000-17,500 करोड़ रुपये से घटकर 3,000-5,000 करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह अनुमान जताया। इक्रा रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यात्रियों की संख्या में वृद्धि, बेहतर प्रतिफल और स्थिर लागत परिदृश्य ने भारतीय एयरलाइंस के लिए हालात को काफी हद तक अनुकूल बनाया है। इसके दम पर विमानन कंपनियों को अपना शुद्ध घाटा काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही इक्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 और अगले वित्त वर्ष में घरेलू हवाई यात्री यातायात आठ से 13 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में आए तीव्र सुधार के बाद चालू वित्त वर्ष में घरेलू हवाई यात्री यातायात 15-15.5 करोड़ तक पहुंच जाएगा। इसके पहले वित्त वर्ष 2019-20 में यह संख्या 14.12 करोड़ रही थी।

- नुकसान कम होकर 5,000 करोड़ रुपए तक रहेगा: इक्रा



### घाटा घटकर 50 अरब डॉलर हुआ

इक्रा के उपाध्यक्ष और कॉरपोरेटिंग रेटिंग प्रमुख सुप्रियो बनर्जी ने कहा कि विमानन उद्योग का शुद्ध घाटा वित्त वर्ष 2022-24 में घटकर 30-50 अरब रुपये हो जाएगा जो पिछले वित्त वर्ष में 17-17.5 अरब रुपये रहने का अनुमान है। अगले वित्त वर्ष में भी तेजी का सिलसिला बने रहने की उम्मीद है।

# सोना 50 रुपए मजबूत, चांदी में 250 रुपए की गिरावट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 50 रुपये की तेजी के साथ 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 250 रुपये की गिरावट के साथ 77,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 77,950 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

# विलय की सीमा बढ़ाने जी के अनुरोध पर नहीं बनी सहमति

विलय के लिए 21 दिसंबर की समय सीमा तय थी

**नई दिल्ली।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने मंगलवार को कहा कि वह अभी तक ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईईएल) के विलय के अनुरोध की समय सीमा बढ़ाने पर सहमत नहीं हुआ है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) ने एक बयान में कहा कि वह जेडईईएल की अन्य महत्वपूर्ण समापन शर्तों को पूरा करने की योजना जानने को इच्छुक हैं। बयान में कहा गया, जी के 17 दिसंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया को भेजे नोटिस में विलय की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया। विलय की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध 'इस बात को दर्शाता है कि वे एसपीएनआई/जी का विलय 21 दिसंबर 2023 की समय सीमा तक पूरा नहीं कर पाएंगे।' कंपनी ने कहा कि एसपीएनआई को सभी मुद्दों पर अभी चर्चा करनी है और 'वह समय सीमा बढ़ाने के लिए अभी सहमत नहीं हुआ है।'




## एक वर्ष में 10 करोड़ यात्रियों का आंकड़ा किया पार

# इंडिगो ने रचा इतिहास, दुनिया के टॉप 10 एयरलाइंस में शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी निजी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइन ने इतिहास रच दिया है। उसने एक वर्ष में 10 करोड़ यात्रियों का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसा कीर्तिमान बनाने वाली यह पहली भारतीय एयरलाइन बनी है। इसके साथ ही वह दुनिया की दिग्गज एयरलाइन्स में शामिल हो गई। इस मौके पर कंपनी ने कहा कि आज तक किसी भी भारतीय विमानन कंपनी ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की थी। हमें एक वर्ष में 10 करोड़ लोगों की सेवा करने का मौका मिला। आज तक कोई भी भारतीय एयरलाइन इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाई। अब हम दुनिया की टॉप-10 एयरलाइन्स में शामिल हो गए हैं। इस दौरान इंडिगो ने सबसे ज्यादा उड़ानें भरने के मामले में भी दुनिया की 10 सबसे प्रमुख एयरलाइन्स के बीच सफलता से अपनी जगह बनाई है।

- कोई भी भारतीय एयरलाइंस इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाई थी




### कर्मचारियों को दिया धन्यवाद

*इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि हम इस उपलब्धि को हासिल कर बहुत खुशी महसूस कर रहे हैं। यह इंडिगो के लिए लोगों के प्यार और भरोसे को दर्शाता है। इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए हमारे कर्मचारियों ने जो कड़ी मेहनत की, उसके लिए हम उनका शुक्रिया अदा करते हैं। आगे भी इंडिगो लोगों की सेवा के लिए समर्पित रहेगी।*

### छह महीने में 20 इंटरनेशनल रूट जोड़े

*इंडिगो ने पिछले छह महीने में 20 नए इंटरनेशनल रूट पर अपनी उड़ान शुरू कीं। इसके साथ ही डोमेस्टिक रूट्स पर भी कंपनी ने अपनी पहुंच बढ़ाई है। इंडिगो जल्द ही इंडोनेशिया के बाली और सउदी अरब के मदीना के लिए अपनी फ्लाइट्स शुरू करने वाले है।*

### घरेलू बाजार में इंडिगो की हिस्सेदारी 61.8 फीसदी

*आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर तक घरेलू बाजार में इंडिगो की हिस्सेदारी 61.8 फीसदी थी। इससे ठीक पीछे एयर इंडिया है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी इंडिगो से छह गुना पीछे है। भारतीय बाजार में कोई भी कंपनी इंडिगो को टक्कर देने की स्थिति में भी नहीं है। हाल ही में कंपनी ने 500 एयरबस ए320 खरीदने का ऑर्डर दिया था। इसके बाद कंपनी के बेड़े में 1000 से ज्यादा प्लेन हो जाएंगे।*

# अगले साल निफ्टी 10% बढ़ेगा

## एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने जारी किया अनुमान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय शेयर बाजार 2024 में 10 प्रतिशत तक बढ़ेगा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने मंगलवार को यह अनुमान जताया। घरेलू ब्रोकरेज कंपनी के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि 2024 के अंत में निफ्टी के मौजूदा स्तर से 8-10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक मंगलवार को 21,453 अंक पर बंद हुआ, जो पिछले एक साल में 17 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धीरज रेली ने कहा कि आम चुनाव के नतीजों का बाजार पर सीमित असर होगा। रेली ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रभावशाली जीत के बाद निवेशकों ने केंद्र में भी भाजपा के बने रहने का अनुमान लगाते हुए मूल्य निर्धारण शुरू कर दिया है।



### मुद्रास्फीति नीचे आएगी

ब्रोकरेज कंपनी ने अनुमान जताया कि नए साल की दूसरी छमाही में मुद्रास्फीति घटकर 2.5 प्रतिशत से नीचे आ जाएगी, जिससे केंद्रीय बैंक अपना रुख बदलेगा और दरों में आधा प्रतिशत की कटौती करेगा।

## चिंतन

# बदरंग सियासत का अखाड़ा ना बने संसद

संसद में चल रही राजनीति से जहां इस लोकतंत्र के मंदिर की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है, वहीं राजनीति का स्तर पर गिर रहा है। भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार किसी एक सत्र में लगातार दो दिनों के दरम्यान इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित किया गया है। सोमवार को लोकसभा व राज्यसभा से 78 सांसद आसन की अवमानना व हंगामा के चलते निलंबित किए गए तो अगले दिन मंगलवार को 49 सांसदों को। 19 सांसद पहले किए गए थे। इस सत्र में अब तक निलंबित सांसदों की संख्या 141 पहुंच गई है। यह बहुत बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले 1989 में तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार के समय एक साथ 68 सांसद एक दिन में निलंबित किए गए थे। वर्ष 2012 से सांसदों के निलंबन की दर में बढ़ोत्तरी देखी गई है। सबके मूल में हंगामा या अवमानना ही कारण रहे हैं। अतीत में हंगामें ने अनेक संसद सत्र की बलि ली है, कामकाज को प्रभावित किया है। इसके बावजूद देश में कभी संसद में विपक्ष विहीन जैसी स्थिति नहीं बनी है। इतने व्यापक स्तर पर सांसदों का निलंबन संसदीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। हाल के दो दशकों में हंगामा करके संसद की कार्यवाही को ठप कर देना विपक्ष का शगल रहा है, इससे जहां संसद की गरिमा को चोट पहुंची है, वहीं संसद में स्वस्थ बहस की गुंजाइश कम होती गई है। लोकतंत्र का तकाजा है कि सभी पक्षों की बात सुनी जाय। संसद में सुरक्षा चूक हुई है, इससे किसी को इनकार नहीं होना चाहिए। संसद पर हमले की बरसी के दिन संसद में घुसपैठ कर स्मोक बम का इस्तेमाल अनायास घटना नहीं है, सभी सांसदों की सुरक्षा का सवाल है। बिना योजना यह संभव नहीं है। इसके पीछे साजिश होगी ही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद मीडिया से बात में संसद की सुरक्षा मुद्दे को गंभीर माना है और कहा है कि इस घटना के पीछे कौन हैं, उनका पर्दाफाश होना जरूरी है। ऐसे में अगर विपक्ष सरकार से संसद में चूक को लेकर जवाब संसद में मांग रहा है तो सरकार को जवाब देने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उल्टे इस घटना के बाद गृहमंत्री को खुद आगे आकर संसद से देश को इस बाबत स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी, ताकि आवाम को वस्तुस्थिति का पता चले। विपक्ष की बात सुनने में हर्ज नहीं होना चाहिए। विपक्ष को भी अपनी मांग के लिए ना ही आसन की अवमानना करने की जरूरत है और ना ही संसद की मर्यादा को भंग करने की आवश्यकता है। पिछले कई सत्रों से विपक्ष संसद नहीं चलने दे रहा है, सरकार के लिए संसद की कार्यवाही चलाना कठिन से कठिनतर होता जा रहा है। ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा सभापति के लिए हंगामा कर रहे व आसन की अवमानना कर रहे सांसदों के खिलाफ सख्ती दिखाना आवश्यक हो गया है, पर यह संदेश देने के लिए होना चाहिए, इसे हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए। कुछ दिनों के लिए निलंबन समझ में आता है, पर समूचे सत्र के लिए निलंबन से संदन की क्षमता पर असर पड़ेगा। अधिकांश विपक्षी दलों के निलंबित रहने से सरकार अगर कोई विधेयक पास करेगी, तो मैसेज जाएगा कि विधेयक पास करवाने के हथकंडे के तौर पर निलंबन का रास्ता अपनाया गया है, सजा देने या सीख देने या कर्त्तव्यबोध कराने का मकसद गौन हो जाएगा। कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाया भी है कि निलंबन 'दमनकारी' विधेयकों को चर्चा के बिना पारित कराने के लिए किया गया है। अच्छा हो कि लोकतांत्रिक ढंग से ही संसद चले, पक्ष व विपक्ष दोनों अपनी जिम्मेदारी समझें। संसद को बदरंग सियासत का अखाड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए।

## सारा संसार



मैसूर महल का निर्माण 14वीं सदी में वाड़यार राजाओं ने करवाया था, जबकि इसका डिजाइन प्रसिद्ध ब्रिटिश वास्तुकार हेनरी इरविन ने तैयार किया था।

## एनिमल के बहाने

सोनम लववंशी



# फिल्मों में महिलाओं को लाचार-कमजोर न दिखाएं

फिल्म समाज का दर्पण होती है। यही वजह है कि फिल्मों में दिखाए गए विवादित चित्रण पर विरोध की राजनीति भी होती रही है। ख़ासकर फिल्मी कथानकों में महिलाओं की स्थिति को लेकर अक्सर बहस होती रही है। इन दिनों रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' की चर्चा बहस के केंद्र में है। यूं तो इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता मिली, लेकिन इसके साथ ही फिल्म को लेकर संसद तक में आवाज उठी और फिल्म की आलोचना की गई। यह पहली बार नहीं है कि 'एनिमल' जैसी फिल्म को लेकर उंगली उठाई गई हो। इससे पहले शाहिद कपूर की फिल्म 'कबीर सिंह' को लेकर भी सवाल खड़े किए गए थे। संयोग देखिए कि 'एनिमल' और 'कबीर सिंह' दोनों फिल्मों के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ही हैं। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफ़लतम फिल्में रही, लेकिन इन फिल्मों में महिलाओं के ऊपर हिंसा मारपीट को दिखाया गया। हमारा समाज फिल्मी हीरो को अपना रोल मॉडल मानता है। उन्हीं की तरह रहन सहन को कॉपी करता है। ऐसे में महिलाओं के साथ हिंसा जैसे दृश्यों को दिखाना और उन्हें समाज द्वारा स्वीकार किया जाना सही नहीं है। फिल्म में महिलाओं के दोयम दर्जे के चित्रण को लेकर संसद में राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन ने टिप्पणी की। उनका कहना था कि 'एनिमल' जैसी फिल्में समाज में हिंसा और स्त्री द्वेष को बढ़ावा देती हैं। आश्चर्य की बात है कि हमारा समाज ऐसे चित्रण को जस्टिफाई कर रहा है। यह चिंतनीय विषय है। इनमें हिंसा और नेगेटिव रोल को हीरो की तरह पेश किया जा रहा है, जबकि हमारे देश में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) है, जिसकी मंजूरी के बाद ही फिल्म को हरी झंडी मिलती है। बावजूद इसके ऐसी फिल्में बन रही है जो समाज के लिए एक 'बीमारी' की तरह है। सांसद में जो सवाल उठाए, वो गलत भी नहीं है। पितृसत्ता समाज की जड़ें बेहद गहरी हैं, एनिमल जैसी फिल्में इस बात का उदाहरण है। इस फिल्म के कथानक में एक पिता ही हर जगह मौजूद है। बेटे का पिता के लिए लगाव दिखाई भी देता है। मां उसके जीवन में कहीं नहीं है। फिल्म में चारों तरफ आदमियों की दुनिया है। उसमें औरतें हैं, पर किसी खास भूमिका में नहीं। इस फिल्म में नायिका की भूमिका को दोयम दर्जे का दिखाया गया है। कई दृश्यों में बहस करने पर उसे थप्पड़ भी मारे जाते हैं। इसी से समझा जा सकता है कि फिल्म में पुरुष और महिला के बीच किस हद तक असमानता है। इस फिल्म पर चर्चा इसलिए जरूरी हो जाती है, कि ऐसी फ़िल्में ही बहस छेड़ती हैं। औरतों को कितनी आजादी चाहिए? ऐसी फिल्में अलग तरह के समाज की कल्पना करती हैं, जिसमें औरतों के साथ गुलाम की तरह व्यवहार किया जाता है। पुरुष ये क्यों तय करें कि माँ, बहनें या फिर पत्नी क्या पहनेंगी, क्या पियेंगी! उनकी हिफाजत की ज़िम्मेदारी सदियों पहले भी मर्दों के हाथ में थी और आज भी है। आश्चर्य की बात है कि आज आधी आबादी पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। धरती से लेकर आसमान की बुलंदियों तक अपनी कामयाबी का परचम लहरा रही है। लेकिन फिल्मों में महिलाओं को कमज़ोर और लाचार दिखाया जा रहा है जो सही नहीं है। अब फिल्मों में भी महिलाओं की भूमिका को मजबूत दिखाना होगा।

(लेखिका फ्रीलांसर एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कार्बन उत्सर्जन घटाना जरूरी



कॉप-28

प्रमोद भार्गव

बदलते हालात में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। हर हाल में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती करनी होगी। यदि तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा। विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भर हैं, इसलिए उन्हें कार्बन उत्सर्जन घटाने के लिए विकसित देशों से आर्थिक मदद की जरूरत है।

धरती पर रहने वाले जीव-जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। मनुष्य और जलवायु बदलाव के बीच की दूरी निरंतर कम हो रही है। अतएव इस संकट से निपटने के उपाय तलाशने की दृष्टि से 198 देश दुबई जलवायु सम्मेलन कॉप-28 में एकत्रित हुए। परिचर्चाओं और वाद विवाद से निकले निष्कर्ष के तहत कोयले, तेल और गैस अर्थात जीवाश्म ईंधन का उपयोग धीरे-धीरे खत्म करना है, लेकिन विकासशील देश इस बात को लेकर थोड़े असहमत रहे कि इस समझौते की जो शर्तें हैं, एक तो वे पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, दूसरे उन्हें अमीर देशों की आर्थिक मदद के बिना पूरी करना आसान नहीं होगा? इस सम्मेलन का एक ही प्रमुख लक्ष्य था कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक केंद्रित किया जा सके। 100 से ज्यादा देश 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने पर सहमत भी हो गए। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्त्रोत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। इस सिलसिले में प्रेरणा लेने के लिए ऊरुग्वे जैसे देश का उदाहरण दिया गया, जो अपनी जरूरत की 98 फीसदी ऊर्जा इन्हीं स्त्रोतों से प्राप्त करता है, लेकिन यह एक अपवाद हैं, हकीकत यह है कि यूक्रेन और रूस तथा इजरायल और हमास के बीच चलते भीषण युद्ध के कारण कोयला जैसे जीवाश्म ईंधन से ऊर्जा उत्पादन का प्रयोग बढ़ा है और जिन बिजली उत्पादन के जिन कोयला संयंत्रों को बंद कर दिया गया था। उनका उपयोग फिर से शुरू हो गया है।

पर्यावरण विज्ञानियों ने बहुत पहले जान लिया था कि औद्योगिक विकास से उत्सर्जित कार्बन और शहरी विकास से घटते जंगल से वायुमंडल का तपमान बढ़ रहा है, जो पृथ्वी के लिए घातक है। इस सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिशत बढ़ जाएगी, नतीजतन पृथ्वीवासियों को भारी तबाही का सामना करना पड़ेगा। इस मानव निर्मित वैश्विक आपदा से निपटने के लिए प्रतिवर्ष एक अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन जिसे कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी/कॉप) के नाम से भी जाना जाता है। इस बार सीओपी की 28वीं बैठक दुबई में संपन्न हुई। सम्मेलन में बहुत कुछ नया नहीं हुआ। लगभग पुरानी बातें हीं दोहराई गईं। पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देशों ने वचनबद्धता भी जताई, लेकिन वास्तव में अभी तक 56 देशों ने संयुक्त राष्ट्र के मानदंडों के अनुसार पर्यावरण सुधार की घोषणा की है। इनमें यूरोपीय संघ, अमेरिका, चीन जापान और भारत भी शामिल है, लेकिन रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और फिलिस्तीन युद्ध के चलते नहीं लगता कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जा रहा है, वह स्थिर रह पाएगा, क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयला से ऊर्जा उत्सर्जन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उन्हें रूस द्वारा गैस देना बंद कर दिए जाने के बाद फिर से चालू करने की तैयारियां हो रही हैं।2018 ऐसा वर्ष था,




जब भारत और चीन में कोयले से बिजली उत्पादन में कमी दर्ज की गई थी। नतीजतन भारत पहली बार इस वर्ष के 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' में शीर्ष दस देशों में शामिल हुआ है। वहीं अमेरिका सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल हुआ था। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 'कॉप 25' जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में यह रिपोर्ट जारी की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार 57 उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले देशों में से 31 में उत्सर्जन का स्तर कम होने के रुझान इस रिपोर्ट में दर्ज थे। इन्हीं देशों से 90 प्रतिशत कॉर्बन का उत्सर्जन होता रहा है। इस सूचकांक ने तय किया था कि कोयले की खपत में कमी सहित कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस सूचकांक में चीन में भी मामूली सुधार हुआ था। नतीजतन वह तीसवें स्थान पर रहा था। आस्ट्रेलिया 61 और सऊदी अरब 56वें क्रम पर हैं। अमेरिका खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में इसलिए आ गया है, क्योंकि उसने इस समझौते से बाहर आने का निर्णय ले लिया था। दुबई सम्मेलन में भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन निजी तौर पर शामिल नहीं हुए, लेकिन उनके जलवायु प्रतिनिधि जॉन कैरी ने मीथेन गैस का उत्सर्जन कम करने का भरोसा जताया। यही स्थिति चीन की रही। चीन और अमेरिका का इस सम्मेलन से दूर रहना इसलिए नागवार है, क्योंकि यही देश सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले देश हैं। हकीकत है कि अमेरिका ने वास्तव में कॉर्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण के कोई प्रयास ही नहीं किए। दुनिया की लगभग 37 प्रतिशत बिजली का निर्माण थर्मल पावरों में किया जाता है। इन संयंत्रों की भट्टी में कोयला झोंका जाता है। दो युद्धों के चलते कोयले से बिजली उत्पादन पर निर्भरता बढ़ती दिखाई दे रही है।

ब्रिटेन में हुई पहली औद्योगिक क्रांति में कोयले का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 1500 ई में बड़ी मात्रा में कोयले के उत्खनन की शुरूआत हुई थी। इसके बाद जिन देशों में भी कारखाने लगे, उनमें लकड़ी और कोयले का प्रयोग लंबे समय तक होता रहा। दुनिया की रेलें भी कोयले से ही लंबे समय तक चलती रही हैं। इसके बाद जब इन दुष्प्रभावों का अनुभव पर्यावरणविदों ने किया तो 14 जून 1992 में रियो डी जनेरियो में पहला अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन के परिणामस्वरूप जापान के क्योटो शहर में 16 फरवरी 2005 को पृथ्वी के बढ़ते तापमान के जरिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए क्योटो प्रोटोकॉल अंतरराष्ट्रीय संधि अस्तित्व में आई। इस संधि में शामिल देशों ने ग्रीन हाउस गैसों को कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दुनिया के वैज्ञानियों ने एक राय होकर कहा कि मानव निर्मित गैस सीओ-2 के उत्सर्जन से धरती का तापमान बढ़ रहा है, जो जीवाश्म ईंधन का पर्याय है।

इन बदलते हालात में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। हर हाल में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती करनी होगी। यदि तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो असमय अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा। चूंकि विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भर हैं, इसलिए उन्हें कार्बन उत्सर्जन घटाने के लिए विकसित देशों से आर्थिक मदद की जरूरत है। यदि सीओपी-28 सम्मेलन के ठीक पहले आई 'एडॉप्टेशन गैस रिपोर्ट-2023 अंडर फायनेंस' में कहा गया है कि वर्तमान में वैश्विक स्तर पर जितनी वित्तीय मदद की जा रही है, उससे कहीं अधिक दस से 18 गुना आर्थिक मदद की जरूरत है। यह मदद नहीं मिलती है तो ज्यादातर विकासशील देश हाथ पर हाथ धरे अगले सम्मेलन तक बैठे रहेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित

दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

## झूठे आरोप का सामना धैर्य के साथ करें



संकलित

प्रेरणा

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वहीं गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## सटाका




## आज की पाती

### सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों को दिए सुनवाई में देरी को लेकर निर्देश

कोर्ट में जिरह में देरी के कारण समय पर फैसला नही मिलता है। फौजदारी केस की बात करे तो इसमें अपराधी को बहुत कुछ सहन करना पड़ता है। कोर्ट में बढ़ते केस की वजह से लोगों को समय पर न्याय नही मिल पाता है। यह आम लोगों की परेशानी है। अभी हाल में देश में पचीस करोड़ केस पेंडिंग है। इसमें आरोपी की मौत तक हो जाती है लेकिन उसकी फाइल का नम्बर नही आता है। कभी कभार सबूतो के अभाव में निर्दोष भी सजा का पात्र बन जाता है। तारीख पर तारीख सिलसिले का समाधान आज के परिपेक्ष्य में बढ़ते केसों का समाधान नही है लेकिन जनता को परेशानी का सबब बनता जा रहा है। कम संख्या के कारण न्यायाधीश उतने केस को निपटाने में असफल रहते है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### उत्तर कोरिया, अमेरिका के खिलाफ और आक्रामक होगा



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपने देश की सबसे उन्नत मिसाइल के तीसरे परीक्षण के बाद अमेरिका के खिलाफ 'और अधिक आक्रामक कदम' उठाने की धमकी दी। समझा जाता है कि इस मिसाइल को मुख्य रूप से अमेरिका पर हमला करने के लिए ही तैयार किया गया है। किम के बयान से जाहिर है वह अपने बढ़ते मिसाइल शस्त्रागार को लेकर आश्वस्त हैं और वह संभवतः अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने से पहले तक हथियार परीक्षण गतिविधियां जारी रखेंगे। बहरहाल, कई पर्यवेक्षकों का कहना है कि अगर उत्तर कोरिया यह साबित करना चाहता है कि उसके पास अमेरिका को निशाना बनाने वाली मिसाइल हैं तो उसके लिए अभी और महत्वपूर्ण परीक्षण करने की जरूरत है। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के अनुसार, किम ने कहा कि सोमवार को 'ह्वासोंग-18' अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण देखकर समझ आ गया होगा कि अगर अमेरिका 'उसके खिलाफ कोई गलत कदम' उठता है तो उत्तर कोरिया किस तरह अपना जवाब देगा। केसीएनए के अनुसार, किम ने 'अपने शत्रु के किसी भी सैन्य खतरे को नजरअंदाज नहीं करने और अधिक आक्रामक प्रतिक्रिया के साथ उनका मुकाबला करने' पर जोर दिया।

## ऑफ बीट

### जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

## X ट्रेंड f

### सस्ते दामों पर उत्तम दवाई



जन औषधि परियोजना पीएम मोदी के 'अंत्योदय' और 'जन-कल्याण' के दृष्टिकोण पर आधारित है। कोई भी गरीब दवाई से वंचित ना रहे इसके लिए सस्ते दामों पर उत्तम दवाई उपलब्ध करवा रही हैं। आज 10,000 से अधिक जन औषधि केंद्र लोगों की सेवा में क्रियान्वित हैं।

**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### संसद में बयान नहीं देते



मोदी-शाह ने सदन की गरिमा का अपमान किया है। गंभीर सुरक्षा चूक के बावजूद वो संसद में आकर बयान नहीं देते। मुझे बहुत दुःख है कि इतिहास में पहली बार इतने सांसदों को ससपेंड किया गया। ये लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने जैसा है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### आदतें मुश्किल से मिटती



पुरानी आदतें बड़ी मुश्किल से मिटती हैं। खासकर जब पुराने दोस्त मिलते हैं। अभी कुछ दिन पहले संसद के बाहर साथी सांसद रविशंकर प्रसाद से मुलाकात हुई। मिलने, अभिवादन और ईश्वर एक-दूसरे को आशीर्वाद देने के बावजूद.. जय बिहार! जय हिन्द!

**-शत्रुघ्न सिन्हा, टीएमसी नेता**

### तुरंत जुड़ जाती हैं आत्माएं



कुछ आत्माएं तुरंत जुड़ जाती हैं, चाहे सबसे अच्छे दोस्त के रूप में, आत्मीय साथी के या शब्दों से परे एक अनोखे बंधन में। आप इस व्यक्ति को उसकी हर चीज़ के लिए स्वीकार करते हैं, और वे आपको कभी सुंदर अपूर्ण स्व के अलावा कुछ और नहीं बनने देंगे।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# हूतियों के गढ़ में घुसे मिसाइलों से लैस भारतीय युद्धपोत, अमेरिकी नौसेना भी तैयार

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजरायल और हमास के बीच गाजा में चल रहा युद्ध अब लाल सागर की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। यमन के ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों के लाल सागर में लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले के बाद माहौल बहुत तनावपूर्ण हो गया है। हूतियों ने कई जहाजों को निशाना बनाया है जिससे उनमें आग तक लग गई है। हूती हमलों को विफल करने के लिए अमेरिकी नौसेना को बार-बार कार्रवाई करनी पड़ रही है। इस दुनिया के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक लाल सागर में भारतीय जहाजों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने भी अपने मिसाइलों से लैस दो युद्धपोतों को तैनात कर दिया है। वहीं अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने लाल सागर के व्यापारिक जहाजों के लिए मैरिटाइम सिक्यॉरिटी फोर्स के विस्तार का ऐलान किया है। इस बीच हूतियों ने भी इजराइली जहाजों पर हमले जारी रखने का ऐलान किया है।

*यमन के हूती विद्रोहियों के हमले के बीच लाल सागर में अब जंग के बादल मंडराने लगे हैं। भारत ने अपने दो घातक डेस्ट्रायर को अदन की खाड़ी में तैनात किया है। ये युद्धपोत मिसाइलों से लैस हैं।*

### भारत ने अदन की खाड़ी में तैनात किए दो युद्धपोत

**खास बातें**

- हूतियों के हमलों पर अमेरिका को करनी पड़ रही कार्रवाई
- भारत ने अपने जहाजों की बढ़ाई सुरक्षा
- वहीं अमेरिका अब मैरिटाइम सिक्यॉरिटी के लिए एक मिशन शुरू करने जा रहा है


फाईल फोटो

**ईरान समर्थक हूती का दावा**

ईरान समर्थक हूती इजराइली जहाजों पर मिसाइल हमले करने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों भारत आ रहे एक जापानी जहाज का अपहरण कर लिया था। भारतीय व्यापारिक जहाजों पर हमले के बढ़ते खतरे को देखते हुए अब दो डेस्ट्रायर को भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी में तैनात किया है। भारत उत्तरी अरब सागर में इन युद्धपोतों के जरिए सुरक्षा मुहैया कराएगा। भारतीय नौसेना ने डेस्ट्रायर आईएनएस कोचि और रेडॉर की पकड़ में नहीं आने वाले आईएनएस कोलकाता को अदन की खाड़ी में तैनात किया है।

### ...तो लाल सागर में होते रहेंगे हमले

*भारतीय नौसेना के यदोनों ही डेस्ट्रायर किलर मिसाइलों से लैस हैं आईएनएस कोचि पहले से ही लाल सागर के मुंहाने पर समुद्री लुटेरों के खिलाफ कार्रवाई करता रहा है। भारत सरकार की ओर से अभी इस तैनाती पर कोई बयान नहीं आया है। अमेरिकी धमकी से बेअसर हूती विद्रोहियों ने ऐलान किया है कि जब तक गाजा में इजरायल हमले नहीं रोकता है, वे लाल सागर में हमले करते रहेंगे।*

### ईरान से मिल रही है भरपूर मदद

हूती विद्रोही अलकायदा, इस्लामिक स्टेट और कई अन्य आतंकी गुटों की मदद से यमन की सरकार के खिलाफ युद्ध लड़ रहे हैं। हूतियों को ईरान से हथियारों की मदद मिलती है। हूती विद्रोही ईरानी मिसाइलों के बल पर लाल सागर में डर का माहौल पैदा किए हुए हैं। इससे तेल के व्यापार पर बहुत बुरा असर पड़ा है। इस इलाके से दुनिया का 10 फीसदी तेल जाता है। ये हूती वद्रिोही लाल सागर से सटे दक्षिणी यमन के बाब अल मंदाब में मौजूद हैं और व्यापारिक जहाजों पर हमले कर रहे हैं। इस पूरे संकट में सोमालिया के समुद्री लुटेरे और संकट को बढ़ा रहे हैं।

### हूतियों के खिलाफ बनाया गठबंधन

*समुद्री लुटेरे व्यापारिक जहाजों का अपहरण करके उन्हें सोमालिया ले जा रहे हैं। एक तरफ जहां चीन दक्षिण चीन सागर में संकट बढ़ा चुका है, वहीं ईरान ने खाड़ी में तनाव को बढ़ा दिया है। इससे समुद्री व्यापार के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसी वजह से अमेरिका अब मैरिटाइम फोर्स की मदद से सुरक्षा मुहैया कराने की कोशिश कर रहा है। इस गठबंधन में ब्रिटेन, बहरीन, फ्रांस, नार्वे और अन्य देशों की नौसेनाएं शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### क्राउडफंडिंग से 6 घंटे में पार्टी ने जमा किए 1 करोड़

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने क्राउडफंडिंग का अभियान शुरू किया है। जिसकी



शुरुआत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डोनेट फॉर देश नाम के कैंपेन के साथ ही। इस अभियान के तरत 6 घंटे में काफी पैसे डोनेट किए गए। पार्टी ने दावा किया है कि उन्होंने इस क्राउडफंडिंग से महज 6 घंटे में एक करोड़ रुपए जुटा लिए हैं। बता दें कि इस क्राउडफंडिंग के लिए खुद खरगे ने 1,38,000 रुपए का दान दिया है। अभियान के दौरान कांग्रेस ने कहा कि 'बेहतर भारत के लिए दान' 138 साल की यात्रा की याद दिलाता है।

### समलैंगिक जोड़ों को आशीर्वाद दे सकेंगे पादरी

**रोम।** वेटिकन ने पोप फ्रांसिस द्वारा अनुमोदित एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि, रोमन कैथोलिक पादरी



समान-लिंग वाले जोड़ों को तब तक आशीर्वाद दे सकते हैं जब तक वे नियमित चर्च अनुष्ठानों या धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा नहीं होते हैं। साथ ही वेटिकन के दस्तावेज़ में कहा गया है कि, इस तरह का आशीर्वाद अनियमित स्थितियों को वैध नहीं करेगा बल्कि संकेत होगा कि भगवान सभी का स्वागत करते हैं। इस एतिहासिक फैसले में कहा गया कि, पुजारी भी मामले-दर-मामले के आधार पर निर्णय लें।

### प्रदर्शन के बीच यात्री ट्रेन में आगजनी, 4 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव की तारीखों के एलान के बीच, राजनीतिक अशांति के बीच अज्ञात



लोगों ने मंगलवार को एक घटना को अंजाम दिया, जिसमें उन्होंने यात्री ट्रेन को आग लगा दी। इस वारदात में एक महिला और उसके नाबालिग बेटे समेत चार लोगों की मौत हो गई है। बता दें विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी द्वारा मंगलवार को चुनावों का बहिष्कार करने और चुनाव आयोग के चुनाव कार्यक्रम के खिलाफ औपचारिक विरोध के चलते यह घटना हुई, इस विरोध में राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया गया था।

बनेगा दुनिया से जोड़ने और देश के भविष्य को आकार देने वाला प्रवेश द्वार

## भूटान के नरेश ने गेलेफू परियोजना का किया शुभारंभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने सोमवार को गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना का अनावरण किया।





यह भारत से दक्षिण पूर्व एशिया तक 1000 वर्ग किमी (2,50,000 एकड़) में फैली है। गेलेफू स्पेशल एडमिनिस्ट्रेशन रीजन से पूरे भूटान को लाभ मिलने के साथ ही यहां की सड़कों, पुलों और हवाई अड्डों जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी। भूटान नरेश वांगचुक ने कहा कि गेलेफू की कल्पना आर्थिक केंद्र से कहीं अधिक है। यह भूटान को दुनिया से जोड़ने और देश के भविष्य को आकार देने वाला प्रवेश द्वार बनने में है। इसका लक्ष्य निवेश आकर्षित करना और रोजगार पैदा करना है। यह गेलेफू या सैमड्रुप जोंगखार से असम और पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को जोड़ते हुए म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया, लाओस, वियतनाम, मलेशिया और सिंगापुर तक फैला हुआ है।

### अब मजबूत होगा आर्थिक गलियारा

*यह एक ऐसा आर्थिक गलियारा बनाता है, जो दक्षिण एशिया को दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ता है। वांगचुक ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि मेरी हाल की यात्रा के दौरान भारत सरकार ने भूटान की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कों के सुधार और विस्तार के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने हमारे दो या तीन सीमावर्ती शहरों को रेलवे लाइनों से जोड़ने का भी वादा किया है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार को उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। गेलेफू विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की कल्पना एक स्वायत्त आर्थिक केंद्र के रूप में की गई है, जो कानूनों और नीतियों को आकार देने के अधिकार से संपन्न है। भारतीय सीमा से दक्षिण पूर्व एशिया तक के आर्थिक गलियारे के निर्माण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।*

### परियोजना से पूरे देश को होगा पर्याप्त

बता दें कि 1000 वर्ग किमी या 2,50,000 एकड़ में फैला गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी भूटान के कुल सतह क्षेत्र का केवल 2.5 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है। गेलेफू या सैमड्रुप जोंगखार से प्रस्तावित भूमि कनेक्शन, असम और पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को पार करते हुए, म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया, लाओस, वियतनाम, मलेशिया और सिंगापुर तक फैला हुआ है, जो एक गतिशील आर्थिक गलियारा बनाता है। जो दक्षिण एशिया को दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ता है। इस परियोजना से पूरे देश को पर्याप्त लाभ होने की उम्मीद है।

### वार्ता से पहले ब्रिटेन ने की कार्बन टैक्स लगाने की घोषणा

# भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते में नई अड़चन! अगले माह बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोपियन यूनियन के बाद अब ब्रिटेन ने भी आयरन, स्टील, एल्यूमिनियम, सेरामिक्स और सीमेंट के आयात पर कार्बन बॉर्डर टैक्स लगाने की घोषणा की है। यह टैक्स 2027 से लगाया जाएगा। यूरोप और ब्रिटेन के इस फैसले से भारत जैसे देशों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। इसके साथ ही भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की राह में एक नई अड़चन खड़ी होगी। एफटीए से जुड़े कुछ अनसुलझे मुद्दों पर चर्चा के लिए अगले महीने दोनों देशों के बीच 14वें दौर की बातचीत प्रस्तावित है। लेकिन अब इस नए फैसले के बाद इस बातचीत पर भी आशंका के बादल मंडरा रहे हैं।

**उम्मीद जताई जा रही है कि भारत अपने प्रयासों में सफल होगा**

**2022-23 में 20.36 अरब डॉलर का रहा था दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार**

*भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार को गति देने के लिए एफटीए पर बातचीत जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी. दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्त वर्ष में 20.36 अरब डॉलर रहा था।*





### 14 वें दौर की होगी बातचीत

*भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से संबंधित अनसुलझे मुद्दों पर चर्चा के लिए अगले महीने 14वें दौर की बातचीत प्रस्तावित है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के अधिकारी एक व्यापक एवं महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत का दौर जारी रखेंगे। जनवरी में 14वें दौर की वार्ता आयोजित की जाएगी। दोनों देशों के बीच 13वें दौर की बातचीत हाल ही में संपन्न हुई है। इलेक्ट्रिक वाहनों और व्हिस्की पर आयात शुल्क में छूट देने और पेशेवरों के लिए वीजा संबंधी प्रावधानों पर अब तक गतिरोध बना हुआ है। अब इसमें कार्बन टैक्स का भी मुद्दा जुड़ गया है। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार को गति देने के लिए एफटीए पर बातचीत जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी. दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्त वर्ष में 20.36 अरब डॉलर रहा था।*

### डब्ल्यूटीओ में भी विरोध दर्ज कराया

ब्रिटेन के वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने एक बयान में कहा कि लगाया जाने वाला टैक्स आयातित वस्तुओं के उत्पादन में उत्सर्जित कार्बन की मात्रा और ब्रिटेन तथा मूल देश में कार्बन की कीमत के बीच अंतर पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि यह टैक्स सुनिश्चित करेगा कि, विदेशों से कार्बन गहन उत्पादों जैसे स्टील और सिरेमिक को ब्रिटेन में उत्पादित वस्तुओं की कार्बन कीमत के बराबर लाया जा सके। इस कदम से ब्रिटेन के उद्योगों को डीकार्बोनाइजेशन में निवेश करने का भरोसा मिलेगा। ब्रिटेन के इस कदम को भारत एफटीए वार्ता में गैर-टैरिफ बाधा के रूप में चिन्हित कर सकता है। क्योंकि भारत पहले ही यूरोपीय यूनियन द्वारा शुरू किए गए कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) का विरोध कर रहा है। भारत ने द्विपिक्षीय स्तर के साथ-साथ डब्ल्यूटीओ में भी इसके खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया है।

### द्विपक्षीय निवेश संधि पर कर रहे हैं चर्चा

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक इस सिलसिले में भारतीय अधिकारियों का एक दल लंदन के दौरे पर गया हुआ था। इलेक्ट्रिक वाहनों एवं व्हिस्की पर आयात शुल्क में छूट देने और पेशेवरों के लिए वीजा संबंधी प्रावधानों पर अब तक गतिरोध बना हुआ है। इसके अलावा दोनों देश द्विपक्षीय निवेश संधि पर भी बात कर रहे हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार को और गति देने के लिए एफटीए पर बातचीत जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 20.36 अरब डॉलर रहा था।

अमेरिका के लिए बन रहा बड़ा खतरा

## उत्तर कोरिया की नई मिसाइल की जद में पूरा अमेरिका, 30 हजार किमी प्रति घंटे की गति

एजेंसी ▶▶ प्योंगयांग(उत्तर कोरिया)

उत्तर कोरिया ने अपनी नई इंटर-कॉन्टीनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल ह्वॉसॉन्ग-18 का



सफल परीक्षण किया। टेस्ट में मिसाइल ने सभी मानकों को पूरा किया। मिसाइल लॉन्च के समय उत्तर कोरिया का शासक किम जोंग उन मौजूद था। वह इसकी सफल लॉन्चिंग से बेहद खुश दिखाई दिया। उत्तर कोरिया ने दावा किया है कि उनकी यह मिसाइल 6518 किलोमीटर की ऊंचाई तक गई। इस दौरान उसने 1002 किलोमीटर की दूरी तय की। इसके बाद वह समंदर में एक खाली जगह पर बनाए गए टारगेट को हिट कर गई। सबसे डरावनी इसकी स्पीड है। यह मैक 25 की स्पीड में टारगेट की तरफ बढ़ती है। यानी 30,600 किमी प्रति घंटे की रफ्तार है। इस गति से तो यह आधे घंटे से कम समय में अमेरिका तक पहुंच जाएगी। जबकि उत्तर कोरिया से अमेरिका की हवाई दूर मात्र सवा दस हजार किलोमीटर ही हो सकती है।

### मिसाइल से कई लक्ष्य

एमआईआरवी का मतलब है मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल। यानी एक ही मिसाइल से कई टारगेट पर निशाना लगाना। इस मिसाइल में सवा से लेकर डेढ़ टन वजनी हथियार को लगाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि इसकी रेंज 15 हजार किलोमीटर है। अधिकतम 6648 किमी की सीधी ऊंचाई तक जा सकता है। इस मिसाइल को 9 एक्सल वाले ट्रांसपोर्टर इरेक्टर लॉन्चर से दागा जाता है। 18 दिसंबर 2023 की टेस्टिंग भी हो चुकी है।

यूक्रेन ने किया दावा

## रूस के ब्रह्मास्त्र 'किंझल' को यूक्रेन ने देखते ही मार गिराया



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन में जंग जारी है। यूक्रेन अब रूसी सेना पर पलटवार कर रहा है। रूस जहां यूक्रेन पर ताबड़तोड़ बम गिरा रहा है, वहीं यूक्रेन रूसी हमलों को नाकाम कर रहा है। इसी बीच यूक्रेन ने दावा किया कि उसने रूस की हाइपरसोनिक मिसाइल किंझल को मार गिराया है।

### रूसी मंत्रालय ने अभी तक नहीं दिया बयान

यूक्रेन की वायुसेना के प्रवक्ता यूरिये इनहत ने घोषणा की है कि उनकी सेना ने एक एक्स-47 एम किंझल मिसाइल को राजधानी कीव के ऊपर मार गिराया है। उन्होंने कहा कि यह हमला 14 दिसंबर को रूसी सेना की ओर से किया गया था। इनहत ने कहा, 'एक मिसाइल को मार गिराया गया है।' इसकी पुष्टि यूक्रेनी वायुसेना के प्रमुख ने भी की है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने अभी इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है। किंझल को मार गिराने के दावे की अभी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

गांसु में 105 और किंघई में 11 मृत

## चीन में 6.2 तीव्रता से आया भूकंप, 116 लोगों की मौत



**भूकंप के झटके लगते ही लोग घर से बाहर भागे**

एजेंसी ▶▶ शंघाई

चीन में सोमवार रात करीब 12 बजे आए शक्तिशाली भूकंप में 116 लोगों की मौत हो गई। पहले 111 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई थी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र का कहना है कि तेज झटके लगते ही लोगों में दहशत फैल गई। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, भूकंप से अब तक उत्तर पश्चिम चाइना के गांसु प्रांत में 105 और किंघई प्रांत में 11 लोगों की मौत हो गई। देश की ब्लू स्काई रेस्क्यू टीम राहत और बचाव अभियान में जुटी हुई है।

### 300 से ज्यादा घायलों का इलाज किया गया

किंघई प्रांत ने प्रभावित क्षेत्र में बचाव अभियान चलाने के लिए 68 एम्बुलेंस और 40 से अधिक प्रांतीय और मंगलवार सुबह 6:30 बजे तक प्रभावित इलाके में 300 से ज्यादा घायलों का इलाज किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने भी तत्काल चिकित्सा आपातकालीन प्रतिक्रिया बलों को भेजा है। भूकंप से किंघई प्रांत के हैडोंग में ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां इस वक्त न्यूनतम तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे है। कड़ाके की ठंड के बीच राहत और बचाव अभियान चल रहा है। हैडोंग, जिशिशान काउंटी से लगभग 20 किलोमीटर दूर है।

### चिकित्सकों की टीम पहुंची

मीडिया के अनुसार, गांसु प्रांत के जिशिशान काउंटी में 6.2 तीव्रता का भूकंप आने के बाद गांसु स्वास्थ्य विभाग ने 33 एम्बुलेंस और अन्य पेशेवर वाहनों के साथ-साथ 173 चिकित्सा कर्मचारियों को घटनास्थल पर भेजा।

अमेरिका, सिंगापुर, चीन, जकार्ता और मलेशिया में फैल रही महामारी

# भारत ही नहीं दुनिया के पांच देशों में पहुंचा कोरोना का घातक वैरिएंट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

कोरोना वायरस एक बार फिर वापसी करने लगा है। कोरोना वायरस का नया सब वैरिएंट जेएन.1 सामने आया है, जिसने एक बार फिर दुनिया की टेंशन बढ़ा दी है। लोग मान कर चल रहे हैं कि सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क एक बार फिर चलन में आ जाएंगे। भारत में केरल में इस वायरस के मामले देखे गए हैं। सोमवार को 111 नए मामले मिले हैं। जेएन.1 वैरिएंट बेहद तेजी से फैलता है। सबसे पहले लक्जमबर्ग में इसका मामला मिला था। लेकिन अब भारत ही नहीं इसके मामले पांच और देशों में भी मिले हैं। इस वायरस के मामले अमेरिका, चीन, सिंगापुर, भारत और कुछ यूरोपीय देशों में दिखे हैं। सिंगापुर में यह




वायरस तेजी से फैल रहा है। 4 से 10 दिसंबर के बीच सिंगापुर में 56,000 से ज्यादा मामले देखे गए हैं। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक अस्पताल में भर्ती होने के मामले बढ़े हैं। 60 साल की उम्र से ऊपर के लोग अस्पताल में ज्यादा भर्ती हो रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एक बयान में कहा गया कि जेएन.1 से संक्रमित केस कोविड-19 के मामलों के लिए जिम्मेदार हैं।

**खास बातें**

- सिंगापुर में 56 हजार से ज्यादा मामले
- जकार्ता में हर रोज औसतन 200 मामले
- इंडोनेशिया ने लॉकडाउन लगाने से कर दिया इनकार

*जेएन 1 वैरियंट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कोरोना के इस वैरियंट के मामले भारत में भी देखे जा रहे हैं। भारत ही नहीं अन्य देशों में मामले देखे गए हैं। अमेरिका, सिंगापुर, चीन और मलेशिया में भी इस वायरस के मामले देखे गए हैं।*

### कहां कितने मामले?

*रिपोर्ट के मुताबिक इंडोनेशिया में नवंबर की तुलना में कोविड के मामलों में 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। राजधानी जकार्ता में हर रोज औसतन 200 मामले देखे जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि इनमें से लगभग 90 फीसदी मामले बिना लक्षण वाले या हल्के लक्षण वाले हैं। अस्पताल में यहां कम लोग भर्ती हो रहे हैं। मलेशिया में क्रिसमस और नए साल से पहले एक हफ्ते में कोविड के मामले दोगुने हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर के अंतिम सप्ताह में मामले 6,796 थे जो 10 दिसंबर तक बढ़कर लगभग 13 हजार हो गए। हालांकि इंडोनेशिया में सरकार ने लॉकडाउन लगाने से इनकार कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से मास्क पहनने को कहा है।*

### चीन-अमेरिका में भी बढ़े मामले

चीन में अब तक जेएन.1 के लगभग सात मामले देखे गए हैं। चीनी अधिकारियों के मुताबिक यह निम्न महामारी स्तर है। सभी संक्रमण बिना लक्षण वाले हैं। फिलीपींस में में कोविड और फ्लू जैसे संक्रमण के मामले बढ़े हैं। दिसंबर के पहले सप्ताह में 1,340 नए मामले देखे गए। अमेरिका में जेएन.1 का सबसे पहला मामला सितंबर में मिला था। लेकिन यह धीरे-धीरे बढ़ा है।

## मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने जारी किया फरमान

# राज्य सेवा परीक्षा 2019 के रिजल्ट तैयार करने के पूर्व में दिए आदेश पर रोक

जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सेवा परीक्षा 2019 परीक्षा के रिजल्ट तैयार करने के पूर्व में दिए एकलपीठ के आदेश पर रोक लगा दी। चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव, विधि एवं विधायी कार्यविभाग के सचिव सहित तीन दर्जन से अधिक उम्मीदवारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 5 फरवरी को होगी।

गौरतलब है कि 23 अगस्त को जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने राज्य सेवा परीक्षा 2019 के मामले में पीएससी को निर्देश दिए थे कि पहली मुख्य परीक्षा और बाद में हुई स्पेशल मुख्य परीक्षा के परिणामों को मिलाकर उनका नॉर्मलाइजेशन करने के बाद रिजल्ट जारी करें। पीएससी ने इस फैसले के खिलाफ युगलपीठ के समक्ष यह अपील प्रस्तुत की है।एकलपीठ ने दो सौ से अधिक याचिकाओं को आंशिक रूप से स्वीकार कर मप्र लोक सेवा आयोग को निर्देश दिए थे। कोर्ट ने कहा था कि पहली मुख्य परीक्षा में 1918 के साथ स्पेशल मेन्स में बैठे 2712 उम्मीदवारों के रिजल्ट को मिलाकर उनका नॉर्मलाइजेशन किया जाए। इससे पहले पीएससी स्पेशल



मेन्स के बाद नए सिरे से 87-13 फीसदी के फॉरमूले से रिजल्ट जारी कर साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू की थी। एकलपीठ के आदेश के बाद नए सिरे से कार्रवाई करनी थी। हालांकि हाईकोर्ट ने कहा था कि पहली मेन्स में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को उनके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। इस मामले को लेकर कुछ याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित हैं। पीएससी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत सिंह ठाकुर, हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक शाह, अंशुल तिवारी उपस्थित हुए।

### छद्म नाम से बैंक लोन लेने पर कारावास

अपर सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह की अदालत ने छद्म नाम से कूटरचित दस्तावेजों के जरिए बैंक लोन लेने के आरोपित जबलपुर निवासी गोपाल राकेशिया उर्फ गोविंद पटेल व अमित तिवारी उर्फ बृजेश तिवारी का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दोनों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही पांच व चार लाख रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से एजीपी कुक्कू दत्त ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपितों ने वर्ष 2013 में भारतीय स्टेट बैंक, सिटी ब्रांच, राइट टाउन से कार लोन स्वीकृत कराया था। नौ लाख व 10 लाख का लोन लेने के लिए अपने छद्म नाम दर्शाए। साथ ही कूटरचित दस्तावेज संलग्न किए। बैंक अधिकारियों ने संदेह होने पर पुलिस में शिकायत कर दी। लार्डगंज पुलिस ने प्रकरण कायम पर अनुसंधान शुरू किया। जिसमें सच्चाई सामने आ गई। लिहाजा, अदालत में चालान पेश किया गया। अदालत ने जुर्म साबित पाकर सजा सुना दी।

## पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों का प्रचार प्रसार करने के निर्देश

**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने शासकीय अधिवक्ता को कहा कि वे सरकार को पॉक्सो एक्ट की धारा 43 से अवगत कराएं और उसका पालन सुनिश्चित कराएं। उक्त धारा में पॉक्सो एक्ट के सभी प्रावधानों के प्रचार प्रसार की व्यवस्था दी गई है। दरअसल, हरदा निवासी पंकज प्रजापति की ओर से जमानत का आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदक पर पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीब्द्ध किया गया और वह 4 अक्टूबर 2022 से जेल में बंद है। आवेदक की ओर से अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने दलील दी कि पीड़िता की उम्र 17 वर्ष से अधिक है और दोनों सहमति से साथ रह रहे थे। पीड़िता के बयान भी हो चुके हैं। कोर्ट ने जमानत का लाभ दे दिया। वहीं, अधिवक्ता गुप्ता ने कोर्ट को अवगत कराया कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार पॉक्सो एक्ट की धारा 43 का पालन नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता के अभाव में किशोर और युवा वर्ग कम उम्र में अपराध कर जाते हैं क्योंकि वे इसके परिणामों के संबंध में जानते नहीं है। उक्त धारा में यह प्रावधान किया गया है कि केन्द्र व राज्य सरकारें पॉक्सो एक्ट की विस्तृत जानकारी अखबारों, टीवी व अन्य प्रसार माध्यमों से प्रसारित करें।



# पुल की मांग को लेकर 25 हजार हस्ताक्षरों का ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा समिति के द्वारा संभागीय कार्यालय जाकर अतिरिक्त कमिश्नर अरविंद यादव को लामेटा घाट सरस्वती घाट पुल पायलट प्रोजेक्ट की तरह शीघ्र तैयार किया जाए इस संदर्भ में आज 25 हजार हस्ताक्षरों का ज्ञापन सोपा गया उन्होंने बताया कमिश्नर से बात कर तुरंत स्थल निरीक्षण कर आगे की कार्रवाई करेंगे ताकि नवंबर 2024 के पहले पुल तैयार हो जाए। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर निकाली गई नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा में भयंकर भीड़ को देखते हुए नवंबर 2024 के पहले सरस्वती घाट एवं लम्हेटा घाट का पुल शीघ्र बन जाए। मुख्यमंत्री के द्वारा 2017 में पुल को पास कर दिया गया था जो अभी धीरे-धीरे काम चलने के कारण पूरा नहीं हो पाया समिति ने मांग की है राजस्व विभाग लोक निर्माण विभाग आपस मे समन्वय स्थापित कर शीघ्र चालू करने की कृपा करें।समिति द्वारा अभी तक 6 कलेक्टर 6 एस पी 5 कमिश्नर एवं आईजी सहित 400 बार विभिन्न विभागों में अभी तक ज्ञापन सोपा जा चुका है। ज्ञापन सपने में नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर पटेल पंडित मनमोहन दुबे रविंद्र नाथ दुबे श्याम मनोहर पटेल मनोज गुलाब बनी दुर्गा पटेल आदि उपस्थित थे।

## जैविक एवं प्राकृतिक कृषि आज की आवश्यकता

**30 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंम्भ**

**जबलपुर।** भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक केन्द्र गाजियाबाद द्वारा जबलपुर में जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर 30 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन 15 दिसम्बर से प्रारंभ हुआ है। यह कोर्स आगामी 13 जनवरी तक चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विस्तार प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जबलपुर संभाग के विभिन्न। जिलों के एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के लगभग 30 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रशिक्षणार्थियों के आगामी 30 दिनों तक जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, गौ पालन, जल संरक्षण जैविक प्रमाणीकरण जैविक उत्पादों का विपणन, जैविक आदानों का कृषकों के स्तर पर निर्माण, आदानों का संतुलित उपयोग आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# जीसीएफ के कर्मचारी नेता को हर सैक्शन ने सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

जबलपुर।



समारोह जीसीएफ मजदूर संघ हथोड़ा के अध्यक्ष मिठाई लाल रजक 30 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने जा रहे है। निर्माणियों में सेवा निवृत्ति के दिन ही विदाई समारोह मनाया जाता है मगर मिठाई लाल का विदाई समारोह कुछ खास इसलिए है कि लगभग 42 साल की नौकरी में 31 बार इनका आंदोलन के चलते इंक्रीमेंट डाउन हुआ इसलिए निर्माणी का हर क्षेत्र उन्हें अलग.अलग विदाई दे रहा है इसलिए ऐतिहासिक है आज तक किसी कर्मचारी नेताओं को अलग.अलग सेक्शनों से विदाई नहीं मिली श्री रजक को सबसे पहले टीजीएस सैक्शन उसके बाद एडी जीएस सैक्शन उसके बाद की हिट ट्रीटमेंट सेक्शन द्वारा विदाई समारोह दिया गया कर्मचारी नेताओं के उनके साथ लगाव के कारण कर्मचारियों ने फूलमालाओं से उन्हें लाद दिया एवं उपहार देकर उनका मान बढ़ाया यह विदाई समारोह की प्रक्रिया निरंतर उनके सेवा निवृत्त वाले दिन तक अलग.अलग क्षेत्र में जारी रहेगी।

### कलचुरी परिचय सम्मेलन हेतु बैठक

जबलपुर। गत दिवस कलचुरी महासभा की बैठक का आयोजन कलचुरी महासभा के अध्यक्ष मनोहर चौकसे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलचुरी महासभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि समाज का परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी 21 अप्रैल 2024 को किया जाना है। यह जानकारी कलचुरी महासभा के महामंत्री बी. डी. राय ने दी। बैठक में कलचुरी महासभा के देवेंद्र चौकसे, डॉ व्ही के गुप्ता, राकेश चौकसे, जेपी राय, संजय शिवहरे, संजय चौकसे रांझी, राजीव चौकसे, श्रीमती मीना शिवहरे, श्रीमती मधु चौकसे, संजय महाजन, प्रोफ.जी एस चौकसे, केएस राय, संदीप चौकसे, संजय महाजन, आशीष राय बंटी, आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# राम रथयात्रा के सारथी नहीं होंगे प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी

## कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल, आडवाणी और जोशी कहीं नजरबंद तो नहीं ?

जबलपुर।

अयोध्या में हो रहे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के जनक राम रथयात्रा के सारथी देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्र मंत्री डॉ.मुरली मनोहर जोशी को आमंत्रित नहीं किए जाने पर कांग्रेस नेता दिनेश यादव ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं की उम्रदराजी को देखकर उन्हें अयोध्या नहीं आने की सलाह दी जा रही है। श्री यादव ने आशंका जताई है कि कही श्री आडवाणी और श्री जोशी को भाजपा सरकार ने नजरबंद तो नहीं कर दिया। दोनों नेता लंबे समय से अज्ञातवास का जीवन जी रहे है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री दिनेश यादव ने आगे कहा कि आडवाणी और जोशी जी तो उम्र दराज होने के बाद भी स्वस्थ जीवन यापन कर रहे हैं पर चर्चाओं से ओझल है, वर्तमान में मोदी सरकार का संचालन देश में हिटलर शाही को प्रदर्शित कर रहा है यह स्पष्ट तब और हो जाता है तब श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने यह कहा कि श्री आडवाणी वह श्री जोशी की उम्र को देखते हुए उनसे न आने का अनुरोध किया है और दोनों नेताओं ने स्वीकार भी कर लिया है। यह पहला वाक्या होगा जब किसी को न आने का अनुरोध किया जा रहा है, जबकि पूरे देश के सनातनियों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिसमे उम्र की कोई सीमा निर्धारित नही है, जिससे अनेक शंकाये जन्म ले रही है। ऐसा कौन व्यक्ति हो सकता है जिसने पूरे जीवन जन्म भूमि की लड़ाई इतनी लंबी लड़ी हो और वह इस वक्त सफलता के विशाल उत्सव में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित होना न चाह रहा हो और दोनों नेताओ ने न आने की मंजूरी दे दी, यह समझ से परे है, यह नहीं हो सकता ऐसे वक्त में तो लोग किसी भी स्थिति में भी रहे ऑक्सीजन पर भी होने के बाद वहां पहुंचना चाहेंगे। जो जानकारी ट्रस्ट के महासचिव ने दी है वह स्वीकार योग्य नहीं है यह जानकारी यदि उन नेताओं के द्वारा दी जाती तो शायद कुछ सच्चाई दिखती।

उन्होंने कहा कि यदि दोनों नेता उपस्थित रहेंगे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वह श्रेय नहीं मिलेगा जो वह लेना चाहते है, यदि श्री आडवाणी और श्री जोशी समारोह में उपस्थित होते हैं तो स्वाभाविक है कि वहां पर मीडिया और आम लोगों से भी संपर्प होगा लंबे समय के बाद यह संपर्प संवादों को जन्म देगा और कहीं न कही सरकार के खिलाफ भी जा सकता था।



# स्कूली छात्राओं को स्वेटर वितरित

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा आर्य कन्या शाला में निःशुल्क स्वेटर वितरण का आयोजन किया गया। स्व.श्रीमती पुष्पल अग्रवाल की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी के निर्वाचित प्रांतपाल रोटे.अखिल मिश्र ने कहा कि यह शिक्षा का ही सुपरिणाम है कि महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। बढ़ती हुई ठंड के कारण जरूरतमंद छात्राओं को शाला में उपस्थित होने में दिक्कत न हो, इसी उद्देश्य से पूर्वाध्यक्ष आर.पी.अग्रवाल के सौजन्य से यह आयोजन किया गया है।शिक्षाविद रोटे. अमरेन्द्र नारायण ने इस अवसर पर एकता की शक्ति का बोध कराया, जिसके कारण देश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसित है और विघटनकारी शक्तियाँ क्षीण होती जा रही हैं। आयोजन को सफल बनाने में पूर्वाध्यक्ष अरुण कान्त अग्रवाल व रोटे.रोहित माटा का सराहनीय योगदान था। अध्यक्ष रोटे.रवि वैश्य व सचिव ने आभार व्यक्त किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकुल ब्योतरा व सचिव सुवर्चा शर्मा तथा रोटरी क्लब के सारंग भिड़े,नरेन्द्र बतरा आदि की उपस्थित थे।

# सास भी कभी बहू थी... थीम पर रंगारंग कार्यक्रम

**दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का आयोजन**

जबलपुर।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संस्कारधानी द्वारा स्थानीय आजाद पैलेस में एक नई सोच, एक नई पहल के रूप में सास भी कभी बहू थी थीम पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रुप की सभी महिलाओं जो सास भी है और बहू भी, इस थीम पर संयोजिका श्रीमति रश्मि पारस की एक नई सोच व अध्यक्ष चित्रा घीया की एक नई पहल सास भी कभी बहू थी, को सार्थक करते हुए रंगारंग कार्यक्रम में सभी सामाजिक महिलाओं ने उत्साह के साथ शिरकत की। जेएनकेविवि की प्रोफेसर श्रीमति डा .रश्मि आशीष शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में एवं श्रीमति विजय लक्ष्मी जैन प्रांतीय अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, श्रीमति रश्मि पारस प्रांतीय उपाध्यक्ष फेडरेशन इंदौर, श्रीमति अर्चना मलैया लेखिका व कवियत्री के विशिष्ट आतिथ्य एवं श्रीमति शालिनी अग्रवाल एवं ग्रुप अध्यक्ष श्रीमती चित्रा घीया, सचिव श्रीमति प्रीति सिंघई तथा पदाधिकारियों व सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप अध्यक्ष चित्रा घीया ने अतिथियों, पदाधिकारियों व सदस्यों का स्वागत, अभिनंदन किया। मंगलाचरण सांस्कृतिक कमेटी की सदस्यों ने किया। दीप प्रज्वलन डॉ. श्रीमति रश्मि शुक्ला, श्रीमति विजय लक्ष्मी जैन, श्रीमति रश्मि पारस, श्रीमति अर्चना मलैया, श्रीमति चित्रा घीया, प्रीति सिंघई ने किया। मंच संचालन का प्रथम चरण अतिथियों एवं सभा ग्रह में उपस्थित ग्रुप की सभी सास एवं बहू का स्वागत, वंदन, अभिनंदन श्रीमति चित्रा घीया ने किया। मंगलाचरण नृत्य के माध्यम से श्रीमति ममता की बहु श्रीमति शिवा ने किया इसी श्रृंखला में मनमोहक स्वागत नृत्य श्रीमति श्वेता जैन ने प्रस्तुत किया। रंगारंग कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमति आकांक्षा जैन एवं श्रीमति भावना जैन ने किया। सास बहू की शानदार जोड़ी, एक से एक बढ़कर बेहतरीन प्रस्तुति एवं सास बहू जोड़ी ने केट वॉक कर समां बांधा। सभी बहुओं को उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए शानदार गिफ्ट प्रदान की गई। श्रीमति प्रीति सिंघई ने नए अंदाज में सभी सास, बहुओं का, अतिथियों का, अपने आत्मीय सदस्यों का, एवं श्रीमति रश्मि पारस एवं ग्रुप अध्यक्ष श्रीमति चित्रा घीया का विशेष आभार प्रदर्शन किया, जिन्होंने वर्तमान में एक शानदार रिश्ते सास बहू को नई पहचान दी।

# 'कॉलेज चलो अभियान'

जबलपुर। 'कॉलेज चलो अभियान' के अंतर्गत आज पं. लज्जा शंकर झा शासकीय मॉडल हायर सेकण्डरी विद्यालय, जबलपुर में प्रो. अरुण शुक्ल, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर के द्वारा विद्यालय के 12वीं के छात्र, छात्राओं को उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न शासकीय योजनाओं, ऑनलाइन ई-प्रवेश प्रकिया की विस्तुत जानकारी प्रदान की गई। प्रो.शुक्ल द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में बताया गया।

## शून्य दुघर्टना सर्वोच्च लक्ष्यः तिवारी

**एम पी ट्रांसकों के प्रबंध संचालक ने मैदानी अधिकारियों की बैठक ली**

**जबलपुर।** एम पी ट्रांसकों के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने मैदानी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली एवं उन्हें यह सख्त निर्देश दिये कि कंपनी के सभी कार्यों में पूर्ण सावधानी रखी जावे एवं शून्य दुघर्टना ही हमारा सर्वेच्च लक्ष्य होना चाहिए। इस हेतु आवश्यक सभी कदम उठाये जायें।इंजीनियर सुनील तिवारी ने विगत विधानसभा चुनावों के दौरान संपूर्ण मध्यप्रदेश में व्यवधान रहित विद्युत आपूर्ति के लिये कंपनी के सभी कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि इसी प्रकार आगामी रबी सीजन में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आप विधानसभा चुनावों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति की परीक्षा में खरे उतरे उसी प्रकार आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान भी व्यवधान रहित विद्युत आपूर्ति हेतु आवश्यक संधारण कार्य पूर्ण किये जावें ताकि कंपनी पुन अपने लक्ष्य में खरी उतर सके।इस समीक्षा बैठक में एम पी ट्रांसको के संपूर्ण मध्यप्रदेश के अधिकारी तथा मुख्यालय में पदस्थ अधिकारी उपस्थित थे।

# संयुक्त कलेक्टरों के बीच कार्य विभाजन

## जिला कलेक्टर ने किया आदेश जारी

जबलपुर।

कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच नये सिरे से कार्य विभाजन किया है। इस बारे में आदेश भी जारी कर दिया गया है। कार्य विभाजन के जारी आदेश में सयुंक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जबलपुर पीके सेनगुप्ता को प्रभारी अधिकारी की हैसियत से कॉलोनी प्रकोष्ठ, अतिक्रमण प्रकोष्ठ एवं माफिया विरोधी अभियान का जिला स्तरीय नोडल अधिकारी का दायित्व दिया गया है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नदीमा शीरी को कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा, भू-प्रबंधन शाखा, राहत शाखा, आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा, लोक लेखा एवं आडिट कण्डिकाओं के निराकरण, पुरातत्व, परख एवं जनगणना शाखा का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। आदेश में सयुंक्त कलेक्टर श्रीमती अदिति यादव को अधीक्षक शाखा, सहायक अधीक्षक राजस्व, स्थापना शाखा, वित्त लिपिक दो एवं तीन, विभागीय जाँच शाखा एवं नाजरात शाखा का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। डिप्टी कलेक्टर पुष्पेंद्र अहके कलेक्टर कार्यालय की एस डब्ल्यू शाखा, पुनर्वास शाखा, दंगा पीड़ित शाखा, जनसुनवाई, कर्मचारी आवास संघ एवं एस डब्ल्यू बी एन शाखा के प्रभारी अधिकारी बनाए गये हैं। उन्हें विधान सभा, लोकसभा एवं राज्यसभा प्रश्नों की जिम्मेदारी भी दी गई है। डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवांगी जोशी को प्रभारी अधिकारी की हैसियत से कलेक्टर कार्यालय की लीगल शाखा, जनसुनवाई, समय सीमा प्रकरण, सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिवाली सिंह को कलेक्टर कार्यालय की शिकायत शाखा, राष्ट्रीय एवं राज्य मानव अधिकार आयोग, महिला आयोग, अनुसचित जाति एवं जनजाति आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग, अल्पसंख्यक आयोग से सबंधित प्रकरण तथा मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद एवं विधायकों से प्राप्त पत्रों के निराकरण की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा उन्हें सूचना का अधिकार शाखा, प्रभारी अधिकारी भाड़ा नियंत्रण, राजस्व अभिलेखागार शाखा एवं प्रतिलिपि शाखा का प्रभारी अधिकारी भी बनाया गया है।

कार्य विभाजन आदेश में प्रभारी डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज को कलेक्टर कार्यालय की शस्त्र शाखा, धर्मस्व शाखा, मीसाबंदी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शाखा, भू-अर्जन शाखा एवं आवक-जावक शाखा का प्रभार दिया गया है। श्री नीरज भू-अर्जन अधिकारी रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना इकाई एक एवं दो के प्रभारी भी नियुक्त किये गये हैं। प्रभारी डिप्टी कलेक्टर रूपेश रतन सिंघई को कलेक्टर कार्यालय की सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन शाखा, नजूल शाखा, नगर भूमि सीमा एवं लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन शाखा का प्रभारी बनाया गया है। श्री सिंघई को नजूल अधिकारी का दायित्व भी सौंपा गया है।

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)**
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक MA/2304/2023
Process Id: 215373/2023
By- Paper Publication Respondent No. 7
Fixed for 21-12-2023
On Admission and IA9056/2023 condonation delay
NATIONAL INSURANCE COMPANY LTD. ..... अपीलार्थी
PARAMSINGH GOND and others ..... प्रत्यर्थी
सन् 2019 के MACC क्रमांक 723 सन् 2019 में न्यायालय Member, MACT, Shri Anil Kumar Agrawal, Katni (MADHYA PRADESH) की डिक्री/ आदेश, दिनांक 14-10-2022 के विरूद्व अपील।
प्रति, Soukhi Sahu S/o Shri Bihari Lal Sahu, R/o Village Chaka Ward No. 1, Tehsil and District Katni, District- Katni (MADHYA PRADESH) प्रत्यर्थी
अपील की सुनवाई का दिनांक– कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 21–12–2023 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक– कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 21–12–2023 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातों करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये– कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) (1), पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियाँ आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2), कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाए) (3)। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 21–12–2023 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम–काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है ORDINARY और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक..... को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर की मुहर से दिया गया।
(मुहर) A.O. न्यायिक शाखा
SAPNA

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)**
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक MA/2839/2018
Process Id: 218884/2023
By- Paper Publication Respondent No. 5
Fixed for 21-12-2023
ON ADMISSION
NATIONAL INSURANCE COMPANY LTD. ..... अपीलार्थी
SMT. ANJU CHOUDHARY and others ..... प्रत्यर्थी
सन् 2015 के MACC क्रमांक 790 सन् 2015 में न्यायालय Member, MACT, Shri K.K. Tripathi, Jabalpur (MADHYA PRADESH) की डिक्री/ आदेश, दिनांक 15-02-2018 के विरूद्व अपील।
प्रति, Bhagwan Das S/o Gunnulal, R/o Indira Aavas Colony Manegawn Thana- Ranjhi, District- Jabalpur (MADHYA PRADESH) प्रत्यर्थी
अपील की सुनवाई का दिनांक– कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 21–12–2023 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक– कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 21–12–2023 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातों करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये– कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) (1), पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियाँ आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2), कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाए) (3)। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 21–12–2023 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम–काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक..... को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर की मुहर से दिया गया।
(मुहर) A.O. न्यायिक शाखा
SAPNA

# एक्सकॉन में महिंद्रा ब्लेज़ो एक्स एम-ड्युर टिपर व विनिर्माण उपकरण की बीएसवी रेंज लॉन्च




**बेंगलुरू।** महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन (एमटीबीडी) और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीजन ने नवाचार और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, एक्सकॉन 2023 में अपनी नवीनतम पेशकश लॉन्च की। नया इंडिया का नया टिपर महिंद्रा ब्लेज़ो एक्स एम-ड्युरा और विनिर्माणउपकरणों की नई सीईवी5 रेंज, उद्योग के नवीनतम मानकों के अनुरूप उन्नत फीचर्स एवं अनुपालन प्रदान करते हुए अपनी-अपनी श्रेणियों में मानकों को नए सिरे से प्रभावित करने के लिए तैयार है। बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र (बीआईईसी) में एमटीबी स्टॉल ओडी67 पर, महिंद्रा की रोडमास्टर और अर्थमास्टर जैसे बीएसV निर्माण उपकरणों की पूरी श्रृंखला, साथ ही ब्लेज़ो एक्स एम-ड्युरा 35 टिपर, ब्लेज़ो एक्स 28 ट्रांजिट मिक्सर, फ्यूरियो जैसी व्यापक ट्रक रेंज 6केएल के साथ 10 फ्यूल बाउसर और लोडकिंग ऑप्टिमो टिपर डिस्प्ले पर थे। महिंद्रा ने लोडिंग और ढुलाई क्षमता वाली नई कंसेप्ट - लिफ्टमास्टर कॉम्पैक्ट क्रेन को भी प्रदर्शित किया, जिसका उद्देश्य निर्माण आवश्यकताओं के लिए बहुपयोगी समाधान प्रदान करना है। इस अवसर पर जलज गुप्ता, बिजनेस हेड - कॉमर्शियल व्हीकल, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने कहा स्थानीय विनिर्माण पर जोर देने के साथ-साथ अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को पेश करने के हमारे निरंतर प्रयास, मेक इन इंडिया पहल हेतु कंपनी के मजबूत समर्थन का उदाहरण हैं। एक्सकॉन में ब्लेज़ो एक्स एम- ड्युरा टिपर और विनिर्माण उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज को लाया जाना वाणिज्यिक वाहन और विनिर्माण उपकरण खंड के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, और अपने नवोन्मेषी एवं ग्राहकोन्मुखी दृष्टिकोण को लगातार जारी रखने के लिए तैयार है। जबकि एम-ड्युरा टिपर प्रामाणिक और मजबूत एग्रेगेट्स के साथ हमारे ग्राहकों के बीच विश्वसनीय भागीदार बनने के लिए तैयार है।

## रिलायंस ने हेल्थ ग्लोबल को लॉन्च किया

**मुंबई।** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने रिलायंस हेल्थ ग्लोबल को लॉन्च किया है। यह पॉलिसी भारत के साथ इसकी सीमाओं के बाहर पूरी दुनिया में सुरक्षा का कवरेज देती है। रिलायंस हेल्थ ग्लोबल ढेर सारी सुविधाओं की पेशकश करता है। कैंसर और बाईपास सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों के साथ विदेशों में इलाज के लिए बड़े पैमाने पर कवरेज के अलावा यह पॉलिसी देश के भीतर भी बेमिसाल कवरेज प्रदान करने के मामले में सबसे आगे है। इस पॉलिसी में सूचीबद्ध अस्पतालों में भर्ती की सुविधा के अलावा इसमें यात्राए रहने की व्यवस्था और शुरू से अंत तक वीज़ा एवं सहायता सेवाएँ भी शामिल हैं।

# एचडीएफसी ने धोखाधड़ी रोकने जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित कीं

### सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग पर 950 से अधिक छात्रों को जागरूक किया

**जबलपुर।** डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान के एक भाग के रूप में एचडीएफसी बैंक ने कटनी और नागदा में स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाओं की मेजबानी की। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य युवा पीढ़ी को सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं पर आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना था। एचडीएफसी बैंक ने राजकीय तिलक कॉलेज (कटनी), राजकीय गर्ल्स कॉलेज (कटनी), डायमंड इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल (कटनी), शेषशायी कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (नागदा), आदर्श हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी (जबलपुर) और राजकीय कॉलेज नागदा में धोखाधड़ी जागरूकता कार्यशालाओं की इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, 950 से अधिक छात्रों और कर्मचारियों ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर बहुमूल्य जानकारी हासिल किया। कार्यशाला में डिजिटल सुरक्षा की व्यापक समझ सुनिश्चित करते हुए कई प्रासंगिक विषयों को शामिल किया गया। विशिंग, फ़िशिंग, स्मिशिंग, रिमोट डिवाइस एक्सेस, सिम स्वैप और यूपीआई धोखाधड़ी जैसे सामान्य साइबर खतरों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। समझ को गहरा करने के लिए वास्तविक जीवन के उदाहरणों का उपयोग किया गया। उपस्थित लोगों को ओटीपी, सीवीवी, डेबिट/क्रेडिट कार्ड पिन और यूपीआई पिन जैसी संवेदनशील जानकारी का खुलासा न करने के लिए निर्देशित किया गया। इस पर टिप्पणी करते हुए श्री मनीष अग्रवाल, कार्यकारी उपाध्यक्ष - क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल - एचडीएफसी बैंक ने कहा, "जैसे-जैसे बैंक अधिक डिजिटल होते जा रहे हैं, अपराधी भी नए तरीकों की तलाश कर रहे हैं जिनके द्वारा वे ग्राहकों को धोखा दे सकें। इसलिए उनमें जागरूकता पैदा करना जरूरी है ताकि वे गोपनीय बैंकिंग डेटा साझा न करें या असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें। इन कार्यशालाओं के माध्यम से हम स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर जागरूकता फैलाने की योजना बना रहे हैं ताकि कम उम्र में ही सुरक्षित बैंकिंग प्रथाएं उनमें शामिल हो जाएं।' इन कार्यशालाओं का उद्देश्य स्कूल, कॉलेजों, ग्राहकों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों, शैक्षणिक संस्थानों, विक्रेताओं, भागीदारों और कर्मचारियों सहित अन्य को शिक्षित करना है। यदि कोई ग्राहक धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है, तो उन्हें तुरंत अपनी संबंधित शाखा से संपर्क करना चाहिए और 1930 (राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल द्वारा हेल्पलाइन नंबर) पर कॉल करना चाहिए।

# पानीपत में 500 साल पुराना पत्थर बताता है मौसम की जानकारी, वैज्ञानिक भी हैरान

एजेंसी ▶▶| पानीपत

आज के इस आधुनिक युग में कुछ भी पता लगाना बहुत मुश्किल नहीं है। आज हम घर के किसी भी कोने में बैठकर पूरी दुनिया की हलचल का पता लगा सकते हैं। इसी तरह मौसम का हाल भी चंद सेकेंड में जाना जा सकता है कि आने वाले दिनों में कहां, कब और कैसा रहेगा मौसम? मौसम विभाग इसकी भविष्यवाणी पहले ही कर देता है. लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि आधुनिक तकनीक के आने से पहले हमारे पूर्वज मौसम की भविष्यवाणी कैसे करते थे?

## पत्थर पर विदेशी कर चुके हैं रिसर्च

बता दें कि यह पत्थर इतना दुर्लभ है कि देश से लेकर विदेश तक इसकी चर्चा है। विदेशों से भी कई लोग इस पत्थर के बारे में रिसर्च कर चुके हैं लेकिन अभी तक कोई भी इस बात की सटीक जानकारी नहीं जुटा पाया है कि इस पत्थर की क्या खासियत है कि मौसम बदलने से पहले ही पत्थर का तापमान बदल जाता है।

## अनोखा पत्थर बता देता है भविष्य का मौसम

कुछ जगहों पर आज भी पुराने तरीके अपनाए जाते हैं लेकिन पानीपत के एक ऐसे पत्थर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे जो आज भी मौसम का हाल बता देता है। यह कोई साधारण पत्थर नहीं बल्कि एक ऐसा अनोखा पत्थर है जो 500 साल पुराना बताया जाता है। यह पत्थर आज आसानी से बिना किसी बाधा के मौसम का सटीक हाल बता देता है और वह सत्य साबित होता है।

## बू अली कलंद शाह की दरगाह में है पत्थर

दावा किया जाता है कि यह पत्थर सालों पहले से मौसम विभाग का काम करता आ रहा है। पानीपत के बीचो- बीच बनी 'बू अली कलंदर शाह' की दरगाह, जहां सैकड़ों साल पुराने पत्थर हैं। ऐसे ही पत्थरों में एक ऐसा अनोखा पत्थर भी है, जिसे 'मौसम पत्थर' के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि सैकड़ों साल पहले हमारे पूर्वज इस पत्थर की मदद से मौसम की भविष्यवाणी किया करते थे।



## मौसम कैसा रहेगा, पत्थर में होते हैं बदलाव

दरगाह पर रहने वाले मोहम्मद रेहान का कहना है कि जब बारिश होती है तो पानी की छोटी-छोटी बूंदें इस पत्थर पर पहले ही जमा हो जाती हैं। जब अधिक वर्षा होने की सम्भावना होती है तब यह पत्थर पूरी तरह भीग जाता है। अत्यधिक गर्मी की संभावना होने पर पत्थर पहले से ही गर्म हो जाता है। सर्दियों में भी पत्थर का तापमान बदलता रहता है। दरगाह की देखभाल करने वाले मोहम्मद रेहान के पिता मोहम्मद सूफी इस पत्थर से मौसम का हाल पढ़ना जानते थे। पानीपत में केवल वही लोग थे जो इस पत्थर को पढ़ सकते थे। हाल ही में, मोहम्मद सूफी का निधन हो गया है।

## जिन्न ने भेंट किया था पत्थर

मोहम्मद रिहान बताते हैं कि उस वक्त कैराना के हकीम नवाब मुकर्रम अली ने कलंदर की दरगाह पर यह पत्थर लगाया था। किंवदंतियों के अनुसार, यह पत्थर हकीम मुकर्रम अली को एक जिन्न द्वारा भेंट किया गया था। कहा जाता है कि जिन्न की बेटी का इलाज मुकर्रम अली ने किया था, जिससे खुश होकर उसने यह पत्थर उपहार में दिया था।

## कौन थे बू अली शाह कलंदर?

कलंदर शाह का जन्म पानीपत में ही हुआ था. कलंदर शाह के माता-पिता इराक से थे। कलंदर शाह के पिता शेख फखरुद्दीन अपने समय के एक महान संत और विद्वान थे। उनकी मां हाफिजा जमाल भी धार्मिक स्वभाव की थीं। हालांकि, कलंदर शाह के जन्म स्थान के संबंध में अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ लोग कहते हैं कि उनका जन्म तुर्की में हुआ था जबकि कई लोग कहते हैं कि उनका जन्म अजरबैजान में हुआ था।

*असम राइफल्स के साथ हुई थी गोलीबारी*

## म्यांमार में आतंकवादियों के कब्जे से छुड़ाए दो भारतीय युवक

एजेंसी ▶▶| कोहिमा

म्यांमार स्थित एनएससीएन-के के सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा अपहत दो युवकों को रविवार को नागालैंड के मोन जिले के एक जंगल से गोलीबारी के बाद बचा लिया गया। रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार एनएससीएन-के के सशस्त्र कैडरों के एक समूह ने जिले के यान्यु गांव से दो व्यक्तियों का अपहरण कर लिया था। अपहरण की सूचना के बाद असम राइफल्स और नागालैंड पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था। इस दौरान, बलों ने वेटिंग गांव के पास एक जंगल में आतंकवादियों को रोक लिया। इसके बाद दोनों के बीच जमकर गोलीबारी हुई, जिसके बाद, आतंकवादी दो अपहत व्यक्तियों और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छोड़कर भाग गए। इसमें एक एम-16 राइफल और तीन पिस्तौल शामिल हैं। इसमें कहा गया कि ऑपरेशन में एक नागरिक गाइड को भी पकड़ा गया।



# भारत ने सीमा पर रिकॉर्ड समय में बनाया हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट

## चीन का विरोध दरकिनार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले के भारत-चीन सीमा पर बसे गांवों में बिजली नहीं होने से विकास की गति धीमी पड़ रही थी। केंद्र सरकार, अरुणाचल प्रदेश सरकार और भारतीय सेना ने महसूस किया कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबसे पहले गांवों के लोगों तक बिजली पहुंचानी होगी। केंद्र सरकार ने प्रथम गांव काहो से करीब तीन किमी ऊपर जंगलों में समुद्र तल से करीब 9,000 हजार फुट से भी ऊपर दिचु नाले से पानी लेकर एक 100 किलोवाट का दिचु नाला माइक्रो हाइड्रो प्रोजेक्ट बनाने का फैसला किया। चीन को यह मंजूर नहीं था। भारत ने उसकी गीदड़ भभकी को दरकिनार करते हुए सात महीने के रिकॉर्ड समय में दिचु हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का निर्माण कर दिया।



## चीन को हटना पड़ा पीछे

प्रोजेक्ट से जुड़े एक उच्चाधिकारी ने बताया कि जब इसे शुरू किया जाने लगा तो चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने इसका विरोध शुरू कर दिया। वे ऊपर पहाड़ी पर आकर इसे बंद करने की धमकी देते। जिला प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और उनके विरोध के बावजूद काम जारी रखा।भारतीय सेना ने इसके लिए चीनी सेना के अधिकारियों के साथ कई बॉर्डर पर्सनल मीटिंग (बीपीएम) की।

# 'नरक के दरवाजे' में घुसा शख्स

## 1000 डिग्री तापमान में 17 मिनट रहा, बताया अंदर क्या देखा?

*नई दिल्ली। तुर्कमेनिस्तान में, एक प्राकृतिक गैस क्रेटर ने दशकों से वैज्ञानिकों और लोगों को कई दशकों से हैरान कर रखा है। दरवाजा क्रेटर, जिसे 'डोर टू हेल' यानी नरक के द्वार के नाम से जाना जाता है, वह 1971 से लगातार जल रहा है। यह एक प्रसिद्ध टूरिस्ट स्पॉट और जियोलॉजिकल फेनोमेना बन गया है। इसे बुझाने के प्रयासों के बावजूद, काराकुम रेगिस्तान में आग का ये गड्ढा कभी बुझा ही नहीं। 'डोर टू हेल' पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय स्थान है और तुर्कमेनिस्तान को भारी मुनाफा देता है।*



## 2 साल की तैयारी और वो 17 मिनट

इन सभी सालों में, केवल एक ही आदमी गैस रीडिंग और मिट्टी के नमूने प्राप्त लेने के लिए संभवतः 1,000 डिग्री सेल्सियस के तापमान वाले 230 फुट चौड़े, 100 फुट गहरे गड्ढे में केवल 17 मिनट के लिए उतरा। एक्सप्लोरर और एडवेंचरर जॉर्ज कौरौनिस मीथेन उगलने वाले डोर टू हेल में उतर गए थे। वहां के नमूने एकत्र करने के लिए उन्हें केवल 17 मिनट मिले थे।



## दो साल तक की थी तैयारी पहना खास सूट

नेशनल ज्योग्राफिक के अनुसार, कौरूनिस ने अभियान के लिए दो साल तक तैयारी की थी। उसने एक कस्टम-निर्मित चढ़ाई हार्नेस का उपयोग वाला खास सूट पहना था जो गर्मी से नहीं पिघलता। इस मिशन ने दुनिया भर में क्रेटर के बारे में जागरूकता फैलाई थी और इसके अंदर कोरोनिस की तस्वीर इंटरनेट पर बहुत वायरल हुई थी।

## जितना सोचा था उससे ज्यादा खतरनाक

नर्क का दरवाजे' में जाकर जिंदा लौटे कौरूनिस ने बताया कि 'वह 17 मिनट मेरे दिमाग में बहुत गहराई तक छपे हुए हैं। यह बहुत डरावना था, जितना मैंने सोचा था उससे कहीं ज्यादा गर्म और बड़ा। मैं चारों ओर देख रहा था और यह सचमुच नरक के द्वार जैसा लग रहा था, एहसास हुआ कि अगर कुछ गलत हुआ तो गिर जाउंगा और मर जाउंगा। वे इस गड्ढे के तल तक उतरे थे और वहां से कुछ मिट्टी, राख और गैस के सेंपल लाए थे।

## कैसे बना डोर टू हेल?

नेशनल ज्योग्राफिक ने कहा कि यह पता नहीं है कि यह गड्ढा कैसे बना लेकिन दशकों से कई थ्योरी प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कहानी की मानें तो 1960 के दशक में तत्कालीन सोवियत संघ के इंजीनियर इस क्षेत्र में ड्रिलिंग कर रहे थे, तभी उनके नीचे जमीन धंस गई, जिससे बड़ा छेद खुल गया। माना जाता है कि इंजीनियरों ने मीथेन गैस जलाई थी, उन्हें उम्मीद थी कि यह जल्दी ही जलकर खत्म हो जाएगी लेकिन वह आग आज भी जल रही है।

# हिंदुस्तान के पहले शीतकालीन आर्कटिक अभियान का आगाज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को भारत के सर्दियों के मौसम में पहले आर्कटिक अभियान को हरी झंडी दिखाई। इस अभियान का उद्देश्य नॉर्वे के स्वालबार्ड में स्थित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन हिमाद्रि को पूरे साल संचालित रखना है। चार वैज्ञानिकों की एक टीम मंगलवार को अपने अभियान पर रवाना होगी। बता दें कि भारत का रिसर्च स्टेशन नि-ऑलेसंद में स्थित है, जो कि दुनिया के सुदूर उत्तरी छोर पर एक बस्ती है। यहां भारत समेत दुनिया के 10 देशों के रिसर्च स्टेशन मौजूद हैं।

## रिसर्च के लिए अहम है ये अभियान

मंत्री ने कहा कि हमारे वैज्ञानिक जलवायु और ग्रह के बारे में ज्यादा जानकारी लेने और अनसुलझे रहस्यों के बारे में जानने के लिए पहले शीतकालीन आर्कटिक अभियान पर रवाना होने के लिए तैयार है। वैश्विक जलवायु और जैव विविधता पर आर्कटिक के अहम प्रभाव पर अध्ययन करने में यह अभियान अहम साबित होगा। इस अभियान के तहत भारतीय वैज्ञानिकों की टीम 30-45 दिनों तक नि-ऑलेसंद रिसर्च स्टेशन पर रहकर रिसर्च करेगी। उसके बाद दूसरी टीम उसकी जगह लेगी। साल 2007 से भारत अपने ग्रीष्मकालीन आर्कटिक अभियान करता आ रहा है। साल 2008 में भारत ने नॉर्वे के स्वालबार्ड में नि-आलेसंद इलाके में अपना स्थायी रिसर्च स्टेशन स्थापित किया था। अब पहली बार शीतकालीन आर्कटिक अभियान शुरू किया गया है। रिसर्च के लिए सभी जरूरी बजट आवंटन और प्रशासनिक सपोर्ट मुहैया कराएगी और अब शीतकालीन आर्कटिक अभियान भी हर साल किए जाएंगे। भारत के नेशनल सेंटर फॉर पोलर एंड ओसीन रिसर्च के निदेशक थमबन मेलोथ ने बताया कि आर्कटिक में ठंड कम हो रही है और हम पर इसका असर पड़ना शुरू हो गया है। भारत में जलवायु परिवर्तन का संबंध भी आर्कटिक क्षेत्र में पिघल रही बर्फ से मिला है। साथ ही हमारी रिसर्च में पता चला है कि अरब सागर में लगातार आ रहे चक्रवाती तूफानों का संबंध भी आर्कटिक क्षेत्र के गर्म होने से है।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5369



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 5368 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5379

✱✱✱✱✲ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5378 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |



# ‘सालार’ के दूसरे ट्रेलर में दिखी जिगरी दोस्तों की कट्टर दुश्मनी

**नई दिल्ली।** इस साल की मचअवेटेड फिल्म ‘सालार’ का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। वहीं फिल्म के दूसरे ट्रेलर की बात करें तो 2.54 मिनट का यह ट्रेलर आपके होश उड़ा गड़ा देगा। फिल्म की कहानी पर्शियन साम्राज्य के सुल्तान की है। उनके जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों ना आए, वे अपने खूंखार सेना को बिना बताए सिर्फ एक को कहता था। सुलतान जो भी कहता वह उसे लाकर देता था और जो ना चाहे उसे मिटा देता था, लेकिन कहानी में ट्विस्ट तो तब आएगा जब सुलतान की जीहजूरी करने वाला उसका ये दोस्त कट्टर दुश्मन बन जाता है। बता दें कि पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में सुलतान का किरदार निभा रहे हैं, जो एक विलेन है।

## लाइफ Style

# जया ‘कड़क सिंह’ में करेगी डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बांग्लादेश की पांच बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता जया अहसन, जानेमाने अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन में बनी फिल्म “कड़क सिंह” से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। जया ने पहले बंगाली भाषा में भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है और इसके लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री ने 110 से अधिक बंगलादेशी और भारतीय बंगाली फिल्मों, टीवी धारावाहिकों, टेलीफिल्मों और वेब शो में काम किया है और दोनों देशों में फिल्मों का निर्माण किया है। जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है ‘हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है’। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म ‘फरेश्ता’ और उनकी पहली हिंदी फिल्म ‘कड़क सिंह’ शामिल हैं। अभिनेत्री एक प्रशिक्षित क्लासिक गायिका भी हैं और उनके पास रवीन्द्र संगीत में डिप्लोमा है। हिंदी सिनेमा में जया की शुरुआत दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जो उन्हें एक बहुमुखी अभिनेत्री बनाएगी।

जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है ‘हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है’। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म ‘फरेश्ता’ और उनकी पहली हिंदी फिल्म ‘कड़क सिंह’ शामिल हैं।

## हॉलीवुड मसाला

# अभिनेता एक्सेलरोड नहीं रहे



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जैक एक्सेलरोड का निधन हो गया है। उन्होंने 93 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अभिनेता के प्रतिनिधि जेनिफर गारलैंड ने उनके निधन की सूचना दी और बताया कि एक्सलरोड की 28 नवंबर को लॉस एंजिल्स में प्राकृतिक कारणों से मृत्यु हो गई। जैक एक्सेलरोड ने टेलीसीरीज 'जनरल हॉस्पिटल' में 1987 से 1989 तक 40 एपिसोड के लिए विक्टर जेरोम की भूमिका निभाई।




# ‘रिबेल मून’ बनाने के लिए जैक को कहां से मिली प्रेरणा?

**लॉस एंजिल्स।** 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' उन कॉलेज के दिनों से, यह विचार विकसित हुआ, जो स्नाइडर की अटूट महत्वाकांक्षा में निहित एक साहसी, दो-भाग की गाथा बन गया। इस भावना को प्रतिबिंबित करते हुए, दो फिल्मों को बैक-टू-बैक शूट करने और एक विस्तारित कट शामिल करने का निर्णय फिल्म के सार को प्रदर्शित करता है।



# तृप्ति बिजनेसमेन को कर रहीं डेट...

**मुंबई।** रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल से तृप्ति डिमरी की किस्मत ही पलट गई है और वे नेशनल सेंसेशन बन चुकी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं ‘एनिमल’ की ‘भाभी नंबर 2’ रियल लाइफ में किसे डेट कर रही हैं? बता दें कि तृप्ति के पहले एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा को डेट करने के रुमर्स थे हालांकि दोनों ने कभी पब्लिकली एक दूसरे के संग रिलेशनशिप में होने की बात को कुबूल नहीं किया है। अब खुलासा हुआ है कि तृप्ति मॉडल से बिजनेसमैन बने सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं। सैम मर्चेंट के इंस्टाग्राम बायो में बताया गया है कि वह वाटर्स बीच लाउंज एंड ग्रिल के फाउंडर हैं जो गोवा में स्थित है। वहीं मीडिया खबरों के मुताबिक, सैम मर्चेंट पहले एक मॉडल थे और 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉन्टेस्ट के विनर भी रहे थे।



# बांग्ला ‘काबुलीवाला’ में आएंगे नजर

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में काम करते नजर आएंगे। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी काबुलीवाला पर वर्ष 1961 में फिल्म काबुलीवाला प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने अब्दुल रहमान खान की भूमिका निभाई थी। उससे पहले वर्ष 1957 में प्रदर्शित इसी कहानी पर बनी बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में छवि बिस्वास ने रहमत की भूमिका निभाई थी। अब बांग्ला भाषा में बनी सुमन घोष निर्देशित फिल्म काबुलीवाला में मिथुन चक्रवर्ती ने रहमत की भूमिका निभाई है।जिओ स्टूडियो और एसवीएफ द्वारा निर्मित यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि यह कहानी अफगानिस्तान या हिंदुस्तान के बारे में नहीं है। यह प्यार, इमोशन के बारे में है।

## टीवी मसाला



# दूल्हा बने ‘जेठालाल’ के ‘टप्पू’ दयाबेन भी आईं नजर...

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जेठालाल का रोल निभाकर फेमस हुए दिलीप जोशी के बेटे की सोमवार को शादी हुई। जोशी परिवार जश्न के माहौल में डूबा है। सोशल मीडिया पर दिलीप के बेटे की शादी का वीडियो काफी वायरल है। इस शादी के फंक्शन में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कास्ट भी नजर आई। शो में दयाबेन का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस दिशा वकानी भी इस जश्न में शामिल हुईं। दिशा वकानी को शादी के फंक्शन में देख फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

### फैमिली संग दिखे दिलीप जोशी

सोशल मीडिया पर वायरल शादी के इस वीडियो में दिलीप जोशी अपनी पूरी फैमिली और बेटे के साथ नजर आ रहे हैं। सभी लोग काफी खुश और एक्साइटेड लग रहे हैं। जेठालाल को व्हाइट कलर की शेरवानी और पगड़ी पहने दिख रहे हैं। वहीं उनकी बेटी नियति ब्लू साड़ी पहने नजर आईं।

### अन्य कलाकार भी रहे मौजूद

शादी के फंक्शन में सुनैना फौजदार, कोमल हाथी का रोल निभाने वालीं अंबिका, नितीश भलुनी, पलक सिधवानी, आत्माराम का रोल निभाने वाले मन्दार चंदवादकर और उनकी पत्नी स्नेहल भी नजर आईं।

### बेटी संग दिखीं दिशा वकानी

वहीं शादी के फंक्शन की जो तस्वीरें वायरल हैं, उनमें दयाबेन यानि दिशा वकानी पिंक कलर के सूट में दिख रही हैं। दिशा वकानी की क्यूट सी बेटी भी साथ में पोज देती दिख रही हैं। वो शो में दिलीप जोशी की पत्नी के रोल में नजर आई थीं। शो में दिलीप और दिशा के बेटे का नाम टप्पू है। मालूम हो कि दिशा वकानी कई सालों से शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से गायब हैं।

# 41 मजदूर, 17 दिन जिंदगी और मौत की जंग जल्द शुरू होगी ‘मिशन सिलक्यारा’ की शूटिंग

**देहरादून।** बॉलीवुड फिल्म प्रोडूसर मयंक मधुर जल्द ही उत्तराखंड टनल हादसे पर ‘मिशन सिलक्यारा’ नाम से फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीच के कॉर्डिनेशन और मजदूरों को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी फिल्म का मुहूर्त करेंगे और फिल्म की शूटिंग इसी महीने से होने जा रही है।



### निर्माता नहीं लेना चाहते कोई रिस्क

हालांकि, निर्माता इस फिल्म में ‘मिशन रानीगंज’ फिल्म में हुई चूक को लेकर बिल्कुल रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, इसलिए वे मिशन के बारे में समझने और वास्तविकता के भाव को कलाकारों के भीतर उतारने के लिए रात-दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद सभी 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

### जिद्द और जुनून की जद्दोजहद फिल्माएंगे

फिल्म में जिद्द और जुनून के बीच जिंदगी बचाने की जद्दोजहद को बहुत ही बारीकी से दिखाया जाएगा। फिल्म निर्माता पत्रकारों, स्थानीय लोगों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि घटना की बारीकी से बारीकी जानकारी दर्शाने में भूल न हो। फिल्म में म्यूजिक के लिए मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल को लेने पर बात चल रही है।

# इन तीनों में कौन हैं रियल रणवीर सिंह...!



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के सबसे पापुलर एक्टर कहे जाने वाला रणवीर सिंह यानि गली बॉय ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। जी हां, मैडम तुसाद म्यूजियम में रणवीर सिंह का वैक्स स्टैच्यू लगा है। दिलचस्प बात ये है कि रणवीर सिंह पहले ऐसे बॉलीवुड के सेलिब्रिटी हैं, जिनके एक नहीं बल्कि दो मोम की मूर्ति लगाई हैं। वहीं इन तस्वीरों को देखकर फैंस के लिए ये पहचान पाना मुश्किल हो जाएगा कि असली रणवीर सिंह कौन से हैं। वहीं इसकी तस्वीरें रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं। फैंस रणवीर सिंह को ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं।

## शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपए चल रही है पीछे

# ‘डंकी’ और ‘सालार’ में कांटे की टक्कर, प्री टिकट सेल में कौन किस पर भारी

***मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर अक्सर फिल्मों का क्लैश होता रहता है. हाल ही में ‘एनिमल’ और ‘सैम बहादुर’ का टकराव देखने को मिला था। वहीं अब इस लिस्ट में शाहरुख खान और प्रभास की अपकमिंग फिल्में शामिल होने जा रही हैं। दरअसल ‘डंकी’ और ‘सालार’ एक दिन के आगे पीछे रिलीज हो रही हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन दो बड़ी फिल्मों का बड़ा क्लैश होने जा रहा है।*

### कब रिलीज होंगी ‘डंकी’ और ‘सालार’

जहां शाहरुख कल रात ‘डंकी’ को प्रमोट करने के लिए दुबई में थे, वहीं ‘सालार’ के निर्माता ने फिल्म की रिलीज से ठीक 3 दिन पहले आज फिल्म का दूसरा ट्रेलर लॉन्च कर दिया। यह देखना दिलचस्प होगा कि यहां से दोनों फिल्मों का सफर कैसा रहता है।



### ‘डंकी’ और ‘सालार’ में कौन चल रहा आगे

‘डंकी’ और ‘सालार’ का बॉक्स ऑफिस पर तो टकराव होने ही वाला है। वहीं उससे पहले शाहरुख और प्रभास की फिल्मों के बीच एडवांस बुकिंग में भी टफ कंप्टीशन देखने को मिल रहा है। इसमें ‘डंकी’ बाजी जीतते हुए नजर आ रही है। प्री टिकट सेल में शाहरुख खान की फिल्म प्रभास स्टारर मूवी से बढ़त बनाए हुए है।

### दोनों की स्टार कास्ट व रिलीज डेट

बता दें कि ‘डंकी’ का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा तापसू पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल सहित कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आएंगें। ये फिल्म सिनेमाघरों में 21 दिसंबर को रिलीज होगी। वहीं प्रभास की ‘सालार’ का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। फिल्म में प्रभास की अलावा श्रुति हसन, पृथ्वीराज सुकुमारन ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म सिनेमाघरों में 22 दिसंबर को रिलीज होगी।

### *किसकी कितनी टिकट बिकीं अभी तक*

*बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट के मुताबिक डंकी ने अपनी एडवांस बुकिंग के पहले दिन 1,44,830 टिकट बेचे हैं और अब तक इसने 4.46 करोड़ रुपये तक की कमाई भी कर ली है। वहीं सालार के अभी तक 1,53,705 टिकटें बिके हैं। एसआरके स्टारर की तुलना में प्रभास की फिल्म के 8875 टिकट ज्यादा बिके हैं, बावजूद इसके इसने लगभग 3.58 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है। यानी शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपये पीछे चल रही है। अब इसका कारण यह भी हो सकता है कि भारत के दक्षिण में टिकट की कीमतें लिमिटेड हैं।*

# हर्षल अब तक के सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 75 लाख में खरीदा

## 22 मार्च से शुरू हो सकता है आईपीएल, मई में फाइनल



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में हुई। इस बीच खबर यह है कि आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से हो सकती है। भारत की इस प्रतिष्ठित लीग के लिए लगभग 2 महीने की विंडो मिलती है। रिपोर्ट के मुताबिक आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला मई 2024 के आखिर में हो सकता है। हालांकि इस पर अब तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

### लोकसभा चुनाव को देखते हुए बनेगा शेड्यूल

गौरतलब है कि अगले साल भारत में लोकसभा चुनाव होने हैं और इसको ध्यान में रखते हुए मार्च 2024 के आखिरी सप्ताह में लीग के अगले चरण की शुरुआत होने की संभावना है। गौरतलब हो कि आईपीएल 2023 की शुरुआत 31 मार्च को हुई थी और इसका खिताबी मुकाबला 29 मई को खेला गया था। महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चेन्नई सुपरकिंग्स ने खिताब पर कब्जा जमाया था।

### पहले भी लोकसभा चुनाव के बीच हुआ आईपीएल

बता दें कि इससे पहले भी बोर्ड के सामने ऐसी स्थिति आ चुकी है, जिसमें लोकसभा चुनाव के दौरान लीग का आयोजन कराया गया था। आईपीएल के कार्यक्रम के दौरान साल 2009, 2014 और 2019 में आम चुनाव हुए थे। टूर्नामेंट को दूसरे संस्करण के लिए पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका में स्थानांतरित कर दिया गया था। 7वें संस्करण के पहले भाग की मेजबानी भारत में की गई थी और शेष मैच संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किए गए थे।



एजेंसी ⏭ दुबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के खिलाड़ियों की नीलामी मंगलवार को दुबई के कोका कोला एरेना में हुई। इस बोली में हालांकि कई खिलाड़ियों पर जमकर धनवर्षा हुई वहीं हर्षल पटेल अब तक के सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी हैं जिनके लिए पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए।

पूरे आईपीएल में अगर महंगे खिलाड़ियों की बात की जाए तो ऑस्ट्रेलियाई के तेंज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24 करोड़ 75 लाख में, कप्तान पैट कमिंस 20 करोड़ 50 लाख में हैदराबाद ने अपनी झोली में डाला। डैरिल मिचेल के लिए भी चेन्नई सुपर किंग्स ने 14 करोड़ रुपए खर्च किए। इस टीम ने रचिन रविंद्र और शार्दुल ठाकुर को भी अपने साथ जोड़ा।



### पहले सेट में पॉवेल सबसे महंगे



पहले सेट के खिलाड़ियों में वेस्टइंडीज के रोवमैन पॉवेल सबसे महंगे रहे जिन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 7.4 करोड़ रुपए में खरीदा। हैरी बूक चार करोड़ रुपए में दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हुए वहीं सनराइजर्स हैदराबाद ने 6.8 करोड़ रुपए में ट्रैविस हेड को खरीदा।

### फ्रेंचाइजियों ने खेला इन पर दांव

| खिलाड़ी | रकम | टीम |
|---|---|---|
| अल्जारी जोसेफ | 11.50 करोड़ | बेंगलोर |
| दिलशान मदुशंका | 4.6 करोड़ | मुंबई इंडियंस |
| शिवम मावी | 6.40 करोड़ | लखनऊ |
| चेतन सकारिया | 50 लाख रुपए | केकेआर |
| उमेश यादव | 5.80 करोड़ | गुजरात टाइटंस |
| जयदेव उनादकट | 1.6 करोड़ | हैदराबाद |
| दिलशान मदुशंका को | 4.60 करोड़ | हैदराबाद |
| शिवम मावी | 6.40 करोड़ | लखनऊ |
| उमेश यादव | 5. 80 करोड़ | गुजरात टाइटंस |
| चेतन सकारिया | 50 लाख | केकेआर |
| के.एस. भारत | 50 लाख | केकेआर |
| ट्रिस्टन स्टब्स | 50 लाख | दिल्ली कैपिटल्स |
| गेराल्ड कोएत्जी | 5 करोड़ | मुंबई इंडियंस |
| पैट कमिंस | 20.5 करोड़ | हैदराबाद |
| वानिंदु हसरंगा | 1.5 करोड़ - | हैदराबाद |
| डेरिल मिचेल | 14 करोड़ | चेन्नई सुपर किंग्स |
| मिचेल स्टार्क | 24.75 करोड़ | कोलकाता |
| अजमतुल्लाह उमरजई | 50 लाख | गुजरात टाइटंस |
| हर्षल पटेल | 11.75 करोड़ | पंजाब किंग्स |
| रचिन रवींद्र | 1.80 करोड़ | चेन्नई सुपर किंग्स |
| शार्दुल ठाकुर | 4 करोड़ | चेन्नई सुपर किंग्स |
| क्रिस वोक्स | 4.20 करोड़ | पंजाब किंग्स |

## खबर संक्षेप



### हार्दिक और सविता ने जीते एफआईएच पुरस्कार

**लुसाने।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह और महिला टीम की कप्तान सविता को मंगलवार को एफआईएच के सालाना पुरस्कार में साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और साल की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर चुना गया। देश के लिए 114 मैच खेल चुके हार्दिक को भारतीय हॉकी का भविष्य माना जाता है। वह तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य थे। हार्दिक का यह साल का दूसरा बड़ा पुरस्कार है। सविता ने लगातार तीसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया है। नीदरलैंड के गोलकीपर पिरमिन ब्लैक को पुरुषों के वर्ग में साल का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। टेरेसा लीमा (स्पेन) और गैसपार्ड जेवियर (फ्रांस) क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में साल के सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए खिलाड़ी चुने गये।

### भारत-इंग्लैंड के मैच से सीख लेगी ऑस्ट्रेलिया : ताहलिया

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की उप कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम भारत और इंग्लैंड के बीच पिछले सप्ताह खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच से सीख लेकर गुरुवार से यहां शुरू होने वाले टेस्ट मैच में खेलने के लिए उतरेगी।



ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत के खिलाफ सभी प्रारूप के अपने दौरे की शुरुआत 21 से 24 दिसंबर तक होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से करेगी। इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। मैकग्रा ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय गेंदबाज हावी रहे और उन्होंने उसकी टीम को दोनों पारियों में 136 और 131 रन पर आउट कर दिया था।

## क्रिकेट : फिलहाल न्यूजीलैंड ने सीरीज में बनाई हुई है बढ़त

# एक मैच की बढ़त बना चुका न्यूजीलैंड आज बांग्लादेश से भिड़ेगा सीरीज जीतने

एजेंसी ⏭ ओवल

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच दूसरा वनडे मैच 20 दिसंबर बुधवार को नेल्सन के सेक्सटन ओवल में खेला जाएगा। फिलहाल 1-0 से आगे चल रही कीवी टीम के पास दूसरे मैच को भी जीतकर सीरीज को अपने नाम करने का मौका होगा, दूसरी तरफ बांग्लादेशी टीम हर हाल में पलटवार करने का प्रयास करेगी। न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच होने वाला यह मैच आज नेल्सन के सेक्सटन ओवल में भारतीय समयानुसार तड़के 3:30 बजे से खेला जाएगा।

**न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश वनडे मैचों के आंकड़े**

न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच अब तक कुल 43 वनडे क्रिकेट मैच खेले गए हैं। कीवी टीम ने इनमें से 32 मैचों में जीत हासिल की है। दूसरी ओर बांग्लादेश ने 10 मैच जीतने में सफलता पाई है। इस बीच 1 मैच बेनतीजा भी रहा है। दिलचस्प रूप से कीवी टीम ने अपने घर पर बांग्लादेश के खिलाफ लगातार 17 वनडे मैच जीते हैं है और एक भी मैच नहीं हारा है।



**बिना बदलाव के उतर सकती है न्यूजीलैंड की टीम :** बारिश से प्रभावित पहले वनडे में विल यंग ने शतक (105) लगाया था। उनके अलावा कप्तान टॉम लैथम ने 90 रन की पारी खेली थी। पिछले मैच में अपना खाता खोने में नाकाम रहने वाले रचिन रविंद्र पर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

### इनके प्रदर्शन पर होंगी नजरें

पहले वनडे में शतक लगाने वाले यंग ने 2023 में 29 वनडे मैचों में 44.45 की औसत और 87.32 की स्ट्राइक रेट के साथ 889 रन बनाए हैं। रविंद्र ने अपने वनडे करियर में अब तक 42.61 की औसत और 107.42 की स्ट्राइक रेट से 762 रन बना लिए हैं। इस्लाम ने पहले मैच में 2 विकेट लिए थे। वह इस साल वनडे प्रारूप में बांग्लादेश की ओर से सर्वाधिक 28 विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं।

**न्यूजीलैंड :** विल यंग, रचिन रविंद्र, हेनरी निकोल्स, टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, एडम मिल्ने, ईश सोढ़ी, जैकब डफी और विलियम ओरूर्के।

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), लिटन दास, अनामुल हक, तौहीद हृदोय, अफीफ हुसैन, सौम्य सरकार, मुशफिकुर रहीम (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद और शोरफुल इस्लाम।

# पूरी तरह फिट होने में अभी कुछ समय लगेगा : ऋषभ



एजेंसी ⏭ दुबई

भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उम्मीद है कि वह अगले कुछ महीनों में पूरी तरह से फिट हो जाएंगे और अगले साल आईपीएल के दौरान प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में बहुप्रतीक्षित वापसी करेंगे। पंत पिछले साल सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए थे जिसके कारण वह वर्ष 2023 में नहीं खेल पाए। पंत की अनुपस्थिति में पिछले सत्र में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई की थी।

### पंत ने इंस्टग्राम पर जारी किया वीडियो

*दिल्ली कैपिटल्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा, '' मुझे लगता है कि पिछले कुछ महीनों की तुलना में मैं अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं अब भी शत प्रतिशत फिटनेस हासिल करने की राह पर हूं लेकिन उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में मैं पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा। ऋषभ पंत के सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद प्रशंसकों ने उनके प्रति जो प्यार और स्नेह दिखाया वह इस विकेटकीपर बल्लेबाज के दिल को छू गया जिसका अहसास उन्हें पहली बार हुआ।*

### शारीरिक ही नहीं मानसिक लड़ाई भी

ऋषभ ने कहा जब आप बुरे दौर से गुजर रहे होते हैं या आपके साथ ऐसा कुछ होता है तो यह केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक लड़ाई भी होती है और अगर आपके प्रशंसक आपके प्रति प्यार और स्नेह दिखाते हैं तो यह काफी मायने रखता है और इससे वास्तव में चोट से उबरने में मदद मिली।

# ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद पाक के 2 अंक कटे और जुर्माना भी लगा

एजेंसी ⏭ पर्थ

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ पर्थ टेस्ट में 360 रन से करारी शिकस्त मिली थी। अब मेहमान टीम के लिए एक और बुरी खबर है। दरअसल, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने स्लो ओवर रेट के चलते पाकिस्तानी टीम के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक काटे हैं। इसके साथ-साथ पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ियों पर मैच फीस का जुर्माना भी लगाया गया है।

International Cricket Council

### पाकिस्तान को मिली थी करारी शिकस्त

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में डेविड वार्नर के शतक (164) की मदद से 487 रन बनाए। पाकिस्तान से डेब्यू करने वाले आमेर जमाल ने उम्दा गेंदबाजी (6/111) विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 5 विकेट के नुकसान पर 233 रन पर घोषित की। मेजबान टीम से उस्मान ख्वाजा (90) और मिचेल मार्श (63*) ने अर्धशतक लगाए। जीत के लिए मिले 450 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तानी टीम महज 89 रन पर ही सिमट गई थी।

### आईसीसी ने पाक खिलाड़ियों पर की ये कार्रवाई

आईसीसी ने पाकिस्तानी टीम और सहयोगी स्टाफ पर उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया और साथ में उनके 2 अंक भी काटे। आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, खिलाड़ियों पर प्रत्येक कम ओवर के लिए उनकी मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं शादाब खान

कराची। पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान के न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है



क्योंकि अभी वह टखने की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के अनुसार पूर्व कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को पांच मैचों की श्रृंखला से विश्राम देने पर चर्चा चल रही थी, लेकिन राष्ट्रीय चयन समिति ने बाद में अपना मन बदल दिया। सूत्रों ने कहा,''चयन समिति के अध्यक्ष वहाब रियाज और उनके साथियों ने टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज और टी20 टीम के नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी से ऑनलाइन चर्चा की।



### महान फुटबॉल खिलाड़ी बो लारसन का निधन

**माल्मो (स्वीडन)।** स्वीडन के लिए 70 अंतरराष्ट्रीय मैच और तीन विश्व कप खेलने वाले महान फुटबॉल खिलाड़ी बो लारसन का निधन हो गया। वह 79 साल के थे। बोसे के नाम से पहचाने जाने वाले लारसन के पास मिडफील्ड और स्ट्राइकर के रूप में खेलने की क्षमता थी। उन्होंने 1970, 1974 और 1978 में विश्व कप टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वह घरेलू फुटबॉल में माल्मो का प्रतिनिधित्व करते थे। उन्होंने इस क्लब के लिए 1965 से 1977 के बीच 546 मैच में 289 गोल किये थे। वह घरेलू लीग में तीन बार सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी थे।


कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | पी.आर.ओ.-547 दिनांक 19/12/2023 | सं.क्र.-03 शंकरशाह वार्ड अंतर्गत दुर्गा नगर बस्ती में रंगमंच का कार्य। (पार्षद मद) | 02 माह रू 4.23 लाख | 2000/- 4237/- | 03/01/2024 |
| 2. | पी.आर.ओ.-547 दिनांक 19/12/2023 | सं.क्र.-03 शंकरशाह वार्ड अंतर्गत चौधरी मोहल्ले पीपल के पास रंगमंच का निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 02 माह रू 4.23 लाख | 2000/- 4237/- | 03/01/2024 |
| 2. | पी.आर.ओ.-547 दिनांक 19/12/2023 | सं.क्र.-03 शंकरशाह वार्ड अंतर्गत छुई खदान मे रंगमंच निर्माण कार्य (पार्षद मद) | 02 माह रू 2.74 लाख | 2000/- 2749/- | 03/01/2024 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग
नगर पालिक निगम, जबलपुर


## विराट कोहली से विवाद के बाद आए थे चर्चा में

# गेंदबाज नवीन उल हक पर लगा 20 महीने का प्रतिबंध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज नवीन उल हक को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। अनुबंध के उल्लंघन के कारण उन्हें इंटरनेशनल लीग टी-20 में भाग लेने से 20 महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

हाल ही में समाप्त हुए सीजन में वह शारजाह वॉरियर्स के लिए खेले थे। नवीन ने 9 मैचों में 24.36 की औसत से 11 विकेट लिए थे। पिछले सीजन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मुकाबले में उनका विराट कोहली के साथ काफी विवाद भी हो गया था। इसके कारण वह काफी चर्चा में भी रहे थे।



### अनुबंध दायित्व का पालन नहीं कर पाए

*इंटरनेशनल लीग टी 20 की 3 सदस्यीय अनुशासन समिति ने दोनों पक्षों यानी नवीन और शारजाह वारियर्स को अलग-अलग सुना और सभी सबूतों की जांच की। इसके बाद उन्होंने नवीन पर 20 महीने के प्रतिबंध लगाया। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि नवीन शारजाह के साथ अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन करने में विफल रहे हैं। बता दें, शारजाह वॉरियर्स ने नवीन के साथ एक साल का अनुबंध किया था, जिसे टीम ने बढ़ाना चाहा, लेकिन नवीन ने मना कर दिया।*

### हाल ही में लिया था वनडे क्रिकेट से संन्यास

*गौरतलब है कि नवीन ने हाल ही में वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह केवल टी-20 क्रिकेट खेलना चाहते थे। ऐसे में यह उनके लिए बड़ा झटका है। इंडियन प्रीमियर लीग में नवीन लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हैं। पिछले सीजन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मुकाबले में उनका विराट कोहली के साथ काफी विवाद भी हो गया था। इसके कारण वह काफी चर्चा में भी रहे थे।*


भारतीय स्टेट बैंक — शाखा- आर.ए.सी.पी.सी., एसबीआई मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर फोन: 0761-2628641, 2628632 — मांग सूचना

(वित्तीय आस्तियों प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 3(1) के अंतर्गत नोटिस)।

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित ऋणी/उधारकर्ता- श्रीमती ऋतु पाठक पत्नि श्री सुजीत पाठक पता (1)-238, स्टेट बैंक कालोनी, सिंगल स्टोरी, पार्वती होम्स, जबलपुर, म.प्र. 482001, पता(2). पाठक ट्रेडर्स, बलदेवबाग, जबलपुर पता(3)-प्लाट नं.110, मारूति नगर, बिनैकी, तहसील पाटन, जिला जबलपुर म. प्र.
उपरोक्त उधारकर्ता ने बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक की है और ऋण को गैर- निष्पादित संपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पतों पर नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उन्हे तामील किए बिना वापस कर दिया गया और इस तरह से उन्हे एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

| ऋणी का नाम एवं पता | बंधक संपत्तियों का विवरण/लागू की जाने वाली सुरक्षित सम्पत्तियों का पता | मांग सूचना दिनांक | बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) |
|---|---|---|---|
| उधारकर्ता- श्रीमती ऋतु पाठक पत्नि श्री सुजीत पाठक पता (1)-238, स्टेट बैंक कालोनी, सिंगल स्टोरी, पार्वती होम्स, जबलपुर, म.प्र. 482001 पता(2)- पाठक ट्रेडर्स, बलदेवबाग, जबलपुर पता(3)-प्लाट नं.110, मारूति नगर, बिनैकी, तहसील पाटन, जिला जबलपुर म. प्र. | अचल संपत्ति मौजा बिनैकी, नं.बं. 296, प.ह.नं.17 (नया 40) रा.नि.मं. पाटन तहसील, जिला जबलपुर, के मारूति नगर में स्थित भूमि डायवर्सन खसरा नं. 11/1 में से स्वीकृत ले आउट का कार्नर प्लाट नं.110 का रकबा 25 फुट बाई 40 फुट यानी 1000 वर्गफुट, यानी 92.93 वर्गमीटर है। चतुर्सीमा (शीर्षक विलेख के अनुसार)- उत्तर- प्लाट नंबर 111, दक्षिण- साईड रोड, पूर्व - साईड रोड, पश्चिम- प्लाट नंबर 103 सम्पत्ति स्वामी - श्रीमती ऋतु पाठक पत्नि श्री सुजीत पाठक E-registration : MP182552017A1471618 Dated 16.08.2017 | 07/11/2023 एनपीए की दिनांक 08/10/2023 | रू. 19,01,070.00 + दि. 07/11/2023 से ब्याज एवं अन्य खर्च |

इस मांग सूचना की एवजी तामील के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त ऋणी और/या उनके जमानतदारों को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिसमें विफल रहने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। यदि इस मांग सूचना पत्र के उपरान्त भी ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता निर्धारित अवधि में ऊपर तालिका इनके नाम के समक्ष वर्णित देय राशि तथा भविष्य का ब्याज, अनुषंगी व्यय आदि जैसा कि अधिनियम की धारा 13(2) में वर्णित है, का पुनर्भुगतान करने में असफल रहते हैं तो सूचना प्रकाशन के 60 दिवस के उपरांत भारतीय स्टेट बैंक प्रतिभूतिकरण और वित्तीय संपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगा।
**उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों पर सुरक्षित सम्पत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आकर्षित किया जाता है।**

दिनांक - 20.12.2023
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी, जबलपुर




## कोहरे की मार से रेल यातायात प्रभावित

# पारा 7 डिग्री पर लुढ़का, शहर ठिठुरा

**जबलपुर।** बर्फीली हवाओं से पूरा शहर कड़ाके की ठंड की चपेट में है। सुबह देर तक कोहरे की चादर तनी रहती है। दिन में भी शीतलहर का एहसास हो रहा है। इस सीजन में सबसे कम तापमान 7.2 डिग्री मंगलवार की सुबह दर्ज किया गया। यानि इस सीजन की सबसे ठंड सुबह मंगलवार की रही। इसके पहले पारा 7.9 डिग्री एक दिन पहले दर्ज किया गया था। शीतलहर लोगों को सिहरन पैदा कर रही है। शीतलहर से लोग ठिठुरे जा रहे है। मौसम विभाग की चेतावनी है दो तीन दिन में पारा और नीचे उतरेगा। शनिवार को फिर एक बार पश्चिमी विक्षोभ प्रभावी होने की आशंका है। इसके बाद रात का तापमान बढ़ेगा और दिन का गिरेगा। ठंड के इस दौर में बच्चों और बुजुर्गो व हृदय रोगियों को खासतौर से सर्तकता बरतना है। चिकित्सकों के मुताबिक शीत से बचाव करने और गर्म पानी का सेवन करते रहे। कड़ाके की ठंड देखकर कलेक्टर ने स्कूलों का समय बदल दिया है। स्कूल 8.30 बजे के बाद लगेगी। वहीं रात 2 बजे के बाद धरती को कोहरे की चादर अपने आगोश में लपेट लेती है। इससे ट्रेनों की रफ्तार भी प्रभावित हुई है। उत्तर भारत की ओर से आने वाली यात्री ट्रेनें कोहरे की वजह से प्रभावित हुई हैं और घंटें विलंब से चल रही है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। दिन का तापमान जहां सामान्य से 1 डिग्री नीचे लुढ़क गया है, वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 4 डिग्री नीचे चल रहा है। उत्तरी हवायें दिन भर शीतलता का अहसास करा रही हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 7.02 डिग्री सेल्सियस समान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 92 प्रतिशत और सायंकाल 52 प्रतिशत आंकी गई है। सूर्योदय सुबह 6.47 मिनिट पर वही सूर्यास्त शाम 5.29 बजे हुआ। उत्तरी हवायें 3 से 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे कम 6 डिग्री तापमान दतिया जिले में दर्ज किया गया। अगल्s़ 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।



### प्रायमरी शालाएं 8.30 बजे के बाद लगेगी

कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने तापमान में लगातार गिरावट के कारण छोटे बच्चों को हो रही परेशानी को देखते हुये सुबह की पाली में संचालित जिले की सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान एवं मान्यता प्राप्त शालाओं में प्री-प्राइमरी एवं प्राथमिक कक्षाओं का संचालन सुबह 8.30 बजे या उसके बाद से करने के आदेश दिये हैं। कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है तथा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। आदेश सीबीएसई एवं आईसीएसई से मान्यता प्राप्त शालाओं पर भी लागू होगा।

### गलाव भरी ठंड में अलाव नदारद

गलाव भरी ठंड में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वालों की आफत हो रही है। गलाव में अलाव ही उनका मुख्य सहारा होता है। ठंड से अब तक दो भिक्षुकों की मौत हो चुकी है। लेकिन जिम्मेदारों को अब तक अलाव लगाने की सुध नहीं आई न ही रात सड़कों पर गुजारानों वालों के लिए रैन बसेरों में व्यवस्था नहीं की जा रही है।

### जनजीवन व ट्रेनें प्रभावित

उधर दूसरी ओर मौसम के मिजाज बदलने के साथ ही जहां एक तरफ जनजीवन प्रभावित हुआ है वहीं दूसरी ओर रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। कोहरे की वजह से दर्जनों ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही हैं खासकर उत्तर भारत से आने वाली ट्रेने प्रभावित हुई है। जिनमें महाकौशल एक्सप्रेस, लखनऊ एक्सप्रेस, चित्रकूट एक्सप्रेस, गोंडवाना और श्रीधाम एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 3 से 5 घंटे विलंब से चल रही है। कोहरे की धुंध की वजह से ट्रेनें की रफ्तार धीमी हो गई है, सिग्नल नजर नहीं आते इसी वजह से ट्रेने लेट लतीफ चल रही है।

# कोरोना के नए वेरिएंट ने फिर डराया

**जबलपुर।** कोरोना के नए वेरिएंट ने एक बार फिर खौफ पैदा कर दिया। दक्षिणी राज्य केरल में कोविड के नए वेरिएंट एएन-1 के मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय को सभी एडवाइजरी देना जारी कर दी। कोविड 19 की केरल में एक दिन में कई मामलें सामने आए वहीं पांच लोगों की मौत हो गई इसके बाद पूरे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्य को एडवाइजरी भेजकर जानकारी दी है और शासकीय



अस्पतालों में कोविड से निपटने की जो व्यवस्थाएं बनी थी उनकी वर्तमान में क्या स्थिति उसकी अपडेट रिपोर्ट मांगी है। राज्यों से स्वास्थ्य सेवाओं की मॉकड्रिल करने के निर्देश भी दिए गए है। एक बार फिर अधिकारियों को मास्क, ऑक्सीजन सिलेण्डर, दवाएं व अन्य आवश्यक काम के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए। जबलपुर के सीएमएचओ डॉक्टर संजय मिश्रा ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में कोविड से निपटने की तैयारिया और अपडेट की जानकारी मांगी थी जो भेज दी गई। उन्होंने कहा कि कोरोना से डरने की सतर्पता बरतने की आवश्यकता है।

# समंस वारंट में जमानतदारों के नाम भी लिखे जाएं

### बैठक में एसपी ने दिए निर्देश



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने यहां कहा कि न्यायालीन कार्य में कोर्ट मोहर्रिर , चालान डय़ूटी आरक्षक, समंस, वारंट मददगार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। लिहाजा समंस वारंट जारी करने में सही नाम पता लिखा जाए। इस काम में जितनी सजगता बरती जाएगी। तामीली का उतना प्रतिशत बढ़ेगा। समंस वारंट जारी करते समय जमानतदारों का नाम भी लिखा जाए। इस काम में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। श्री सिंह यहां कंट्रोलरुम में कोर्ट मोहर्रिरो की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में कर्मचारियों के व्यवहारिक कठिनाईयों को सुना और उन्हें समाधान का आश्वासन भी दिया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्रीमति प्रियंका शुक्ला, कमल मौर्य, शहर प्रदीप कुमार शेण्डे, सूर्यकांत शर्मा, ग्रामीण श्रीमति सोनाली दुबे उपस्थित रहे।

## काशी-तमिल संगम नयी साप्ताहिक टेन पटरी पर दौड़ी

# कन्याकुमारी से बनारस की नई ट्रेन का जगह-जगह स्वागत

**जबलपुर।** कन्याकुमारी स्टेशन से चलकर मदुरई, तिरुचिरापल्ली, पैराम्बूर, गुडूर, विजयबाड़ा, बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना मार्ग से प्रयागराज होकर बनारस जाने वाली नयी यात्री गाड़ी न. 06367 का आज मंगलवार 19 दिसंबर को दोपहर 13.00 बजे जबलपुर आगमन हुआ. इस ट्रेन के कन्याकुमारी से चलने पर मार्ग के सभी स्टेशनों पर भव्य स्वागत किया जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि इस साप्ताहिक ट्रेन का वर्चुअल रुप से शुभारम्भ 17 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया था. इस ट्रेन के पहले फेरे के जबलपुर मंडल में आगमन पर जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना स्टेशन पर रेलवे तथा स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा यात्रियों का स्वागत किया गया.

इस ट्रेन के चलने से अब दक्षिण भारत के लिए जबलपुर से गोंदिया मार्ग से नयी ट्रेन मिल गयी है यह ट्रेन जबलपुर से नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया मार्ग से अब दक्षिण भारत के लिए 28 दिसंबर के बाद से प्रत्येक रविवार को बनारस से शाम 16 .20 बजे चलकर जबलपुर में रात 03.30 बजे आएगी. इसी तरह वापसी में कन्याकुमारी से गुरुवार को रात 20.30 बजे चलकर जबलपुर में शनिवार को दोपहर 13.00 बजे आएगी. जबलपुर से रवाना होने के बाद यह ट्रेन शाम 19.00 बजे प्रयागराज छिवकी तथा 23.35 बजे बनारस पहुंचेगी. इस ट्रेन के चलने से अब उत्तर भारत से दक्षिण भारत तक के लिए सीधी नयी ट्रेन यात्रियों को धार्मिक नगरो की यात्रा करने में बहुत सहायक सिद्ध होगी.

जबलपुर स्टेशन पर ट्रेन के प्रथम आगमन पर मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के निर्देशन में सीनियर डीसीएम विश्व रंजन एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक सहित अनेक अधिकारियो एवं रेलवे स्टाफ सहित जनप्रतिनिधि नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल द्वारा यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया. इस मौके पर आर.पी.एफ. के बैंड द्वारा सुमधुर ध्वनि से गीत प्रस्तुत किए गए. इसके साथ ही वाणिज्य विभाग द्वारा यात्रियों को चंदन के टीके तथा पुष्प देकर स्वागत किया गया। जबलपुर स्टेशन पर हुए इस भव्य स्वागत से सभी यात्री बहुत ही प्रसन्न हुए और उन्होंने अपने इस पहली और धार्मिक यात्रा को यादगार यात्रा बताया।

# पिस्टल खोसे खड़ा मिला पंचर दुकान वाला

**जबलपुर।** गोरखपुर पुलिस व क्राईम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर एफसीआई गोदाम रामपुर के सामने दबिश देकर एक पंचर दुकान चलाने वाले संदेही के पास से तलाश के दौरान एक देशी पिस्टल व दो कारतूस जब्त किये है। आरोपी पर 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर अभिरक्षा में लेकर पिस्टल के संबंध में पूछताछ की जा रही है। गोरखपुर थाना प्रभारी एमडी नागोतिया के मुताबिक कल क्राईम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि एफसीआई गोदाम रामपुर के सामने पंचर दुकान चलाने वाला युवक देशी पिस्टल रखा है क्राईम ब्रांच थाना पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को हुलिये आधार पर दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम संतोष बिसेन बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पीछे पेंट में खोसी गई एक देशी पिस्टल व जेब में रखे दो कारतूस मिले।




## शासकीय होम साइंस कॉलेज में सर्प विशेषज्ञ शर्मा ने रखे विचार

# सांप के जहर से कम, अंधविश्वास में पड़कर ज्यादा मरते हैं लोग



**जबलपुर।** शासकीय होम साइंस कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग में सलीम अली क्लब द्वारा आज विषय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. साधना केशरवानी के मार्गदर्शन पर हुआ। कार्यक्रम में सर्प विशेषज्ञ विवेक शर्मा ने बताया कि भारत में कुल 343 प्रजाति एवं मध्यप्रदेश में 43 प्रजाति दर्ज है जिसमें जबलपुर के आसपास क्षेत्र में सात प्रकार के विषैले सांप हैं। जिसमे बिग फोर या डेडली फोर नाम से कुख्यात भारत के चार जहरीले सांप कोबरा (स्पेक्टेड), करैत (कॉमन व बैन्डेड), रसल वाइपर, सॉ स्केल्ड वाइपर है। जिनमें कोबरा व करैत न्यूरोटॉक्सिक होते है तथा वाइपर हीमोटॉक्सिक होता है। कार्यक्रम के तकनीकी विशेषज्ञ एवं मंच संचालन कर रहे डॉ. अर्जुन शुक्ला बताते हैं कि सांप के डंसने के बाद मिचली, उल्टी और घबराहट होने लगती है। साथ ही ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, डंसने के स्थान पर सूजन आ जाती है और खून के थक्का बनने की प्रक्रिया थम जाती है। हार्ट फेल होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे लक्षण विष के एंजाइम 'फास्को लिपेस ए-2' के करण होते हैं। विष के असर को कम करने के लिए एंटी स्नैक वेनम का इस्तेमाल किया जाता है।

### सांप के काटने में क्या करे

शांत बैठे, सबसे पहले तो अपने आपको शांत रखे, तथा दिल के धड़कन को समान्य अवस्था में रखे। जिससे जहर शरीर में ज्यादा नहीं फैलेगा। काटने वाले सांप को पहचाने - जिस सांप ने काटा है उसे मारने में समय व्यतीत न करे बल्कि सांप की पहचान करे या हो सके तो उसकी एक फोटो ले ले। इससे डॉक्टर को फायदा होगा और वो जान पाएगा की पीड़ित को क्या देना है। काटने वाले स्थान से कसत कपड़े या गहने निकाल दे वरना वहां सूजन हो सकती है और साथ में उत्तक को नुकसान पहुंचा सकती है। तुरंत अस्पताल ले जाए- रोगी को जितनी जल्दी हो सके अस्पताल ले जाए, वरना रोगी के बचने की संभावना कम हो सकती है। खून के रुक जाने के बाद उस स्थान को साबुन और गुनगुने पानी से धो दे। लेकिन बहते पानी से न धोए। छोटे बच्चे, वृद्ध और अन्य बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों में जहर का असर गंभीर हो सकता है, इनके उपचार में देरी न करें।

### सांप के काटने में क्या न करे

तांत्रिक का सहारा न ले, झाड़ फूंक से कोई रोगी ठीक नहीं हो सकता। अत तांत्रिक का सहारा न लेकर डॉक्टर का मदद लजहर चूस कर बाहर न निकाले, ये काम आपके और पीड़ित दोनों के लिए खतरनाक हो सकता है। घाव को न काटे- काटने से खून ज्यादा बह सकता है और साथ में ये घाव को और खराब कर सकता है। पीड़ित को शराब न पिलाए- कुछ व्यक्ति पीड़ित के दर्द को कम करने के लिए शराब पिलाते है जोकि खतरनाक है। आभार प्रदर्शन विभाग की श्रीमति रश्मी सिंग्रोरे (आयोजन सचिव) एवं फीडबैक एवं पंजीयन कार्य डॉ. श्रद्धा खापरे ने किया, कार्यक्रम में डॉ. नम्रता, डॉ. वर्षा, डॉ. नीतू, डॉ. सूजा, डॉ. अजेन्द्र एवं बायोटेक विभाग की समस्त फैकल्टी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240